आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज * शीतला सप्तमी”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 201 | उज्जैन, बुधवार 05 अगस्त, 2026 | श्रावण कृष्ण 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

एफएसएसएआई ने की डॉबर के 100 प्रतिशत शुद्धता के दावे वाले पांच प्रोडक्ट्स की बिक्री पर सख्ती

## डाबर के शहद, घी सहित पांच प्रोडक्स की बिक्री पर रोक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

यदि आप भी 100 प्रतिशत शुद्धता वाले विज्ञापन के दावे के साथ डाबर के प्रोडक्ट यूज करते हैं ये खबर आपको जरूर पढ़नी चाहिए। दरअसल एफएसएसएआई ने डॉबर के 100 प्रतिशत शुद्धता के दावे वाले पांच प्रोडक्ट्स की बिक्री पर रोक लगा दी है। एफएसएसएआई ने इन उत्पादों को भ्रमित करने वाला बताया है। साथ ही 15 दिन में इस पर अपनी रिपोर्ट पेश करने को कहा है।



**3 अगस्त को दी जानकारी -** आपको बता दें फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) ने सोशल मीडिया पर एक्स पोस्ट कर डाबर के 100 प्रतिशत वाले दावों को भ्रमित करने वाला बताया है। इतना ही नहीं डाबर से इस पर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है।
**100 प्रतिशत वाले ये लेबिल हैं भ्रामक-** आपको बता दें एफएसएसएआई के अनुसार, कंपनी की वेबसाइट पर बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों पर भ्रामक दावे पाए गए थे। जिसमें 100 प्रतिशत नेचुरल, 100 प्रतिशत प्योर, 100 प्रतिशत प्योरिटी गारंटेड, 100 प्रतिशत ऑर्गनिक और 100 प्रतिशत टेंडर कोकोनट वॉटर जैसे लेबल शामिल थे। फूड सेफ्टी संस्था का मानना है कि 100 प्रतिशत दावों का यह उपयोग एफएसएस विनियम, 2018 का उल्लंघन करता है। ये दावे अस्पष्ट, असत्यापित और उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले हैं।

### नियमों के अन्य बड़े उल्लंघन

जैविक भारत लोगो- डाबर हिमालयन ऑर्गनिक एप्पल साइडर विनेगर और डाबर ऑर्गनिक हनी पर बिना किसी वैध एफएसएसएआई ऑर्गनिक एंडोर्समेंट के जैविक भारत लोगो पाया गया।
**कंपाउंड फूड्स पर क्या है गलत दावा-** एफएसएसएआई ने बताया है कि डाबर होममेड कोकोनट मिल्क को 100 प्रतिशत प्योरिटी के दावे के साथ बेचा रहा था। एफएसएस नियम, 2018 के तहत कंपाउंड फूड्स (मिश्रित खाद्य पदार्थों) के लिए ऐसा दावा करने की अनुमति बिल्कुल भी नहीं है।

## देश विदेश

### ईरान में विदेश मंत्री अराघची को हटाने की तैयारी

**तेहरान।** ईरान के कुछ सांसद विदेश मंत्री अब्बास अराघची को पद से हटाने की तैयारी कर रहे हैं। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक सीनियर सांसद होसैनअली हाजीदेलिगानी ने मंगलवार को कहा, हम अराघची के खिलाफ महाभियोग लाने के लिए सबूत और जरूरी दस्तावेज जुटा रहे हैं। सही समय आने पर यह प्रक्रिया शुरू करेंगे। दूसरी ओर, ईरान में राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के अधिकारों में बड़ी कटौती की खबर सामने आई है। इजराइली चैनल-14 की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े अहम मामलों में राष्ट्रपति की भूमिका सीमित कर दी है।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विरोध-प्रदर्शन

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान और भारत के बीच कश्मीर को लेकर कई बार युद्ध हो चुका है। दोनों देश इस हिमालयी इलाके पर अपना दावा करते हैं। पाकिस्तान ने हमेशा भारत के साथ कश्मीर विवाद को सबसे बड़ा मुद्दा माना। इस वजह से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोगों की अपनी परेशानियों पर कम ध्यान दिया गया। अब वहां हालात ऐसे हैं कि सरकार के लिए उनकी आवाज दबाना मुश्किल हो रहा है। महंगाई के खिलाफ शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन अब एक बड़े राजनीतिक आंदोलन में बदल चुका है। इसे कई वर्षों में पाकिस्तान सरकार के सामने पीओके से उठी सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है।

### अनशन करो लाठी खाओ फिर इस्तीफा दूंगा : प्रियांक खड़गे

**कर्नाटक।** कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खरगे ने सोमवार को कहा कि जो लोग उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, उन्हें पहले 25 दिन भूख हड़ताल पर बैठना चाहिए और फिर लाठीचार्ज का सामना करना चाहिए। दरअसल, विजयपुरा में एक एग्जाम सेंटर पर पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के दौरान ओएमआर शीट के सीरियल नंबर प्रश्न पत्र से मेल नहीं खा रहे थे। इसके बाद कई छात्र परीक्षा केंद्र से बाहर निकल आए और दोबारा परीक्षा कराने की मांग करने लगे। खरगे ने इस मामले पर मीडिया से बात करते हुए यह बयान दिया। भाजपा ने कांग्रेस नेता पर पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध कर रहे छात्रों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया है।

बकाया जमा कर डिफॉल्टर बने किसानों के लिए योजना

## कैबिनेट में पांच हजार किसानों को मिलेगा कवच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

बैंक मैनेजरों और बैंकों के सचिवों द्वारा सहकारी बैंकों के खातेदार किसानों की राशि हड़पने, गबन करने के मामलों में अब किसानों को राहत देने राज्य सरकार कवच योजना ला रही है।

सहकारिता विभाग की इस योजना से प्रदेश के पांच हजार किसानों को डिफॉल्टर होने से मुक्ति मिलेगी और वे सहकारी बैंकों से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। मोहन यादव कैबिनेट आज मंत्रालय में होने वाली बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी देने वाली है। मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्री परिषद की बैठक वंदे मातरम् के गान के साथ शुरू हुई।

### बैंक से लोन, खाद बीज पा सकेंगे



सात अगस्त से मोहन यादव सरकार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शुरू करने जा रही है। पिछली कैबिनेट में इस अभियान का प्रजेंटेशन होने के बाद इसे मंजूरी दी गई थी। आज सीएम यादव मंत्रियों को अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रभार के जिलों में जाने और मॉनिटरिंग करने के निर्देश देंगे।

### किसानों की राशि हड़प गए बैंक मैनेजर

सहकारिता विभाग की ओर से यह प्रस्ताव कैबिनेट में लाया जा रहा है जिसमें किसानों को डिफॉल्टर होने से राहत देने के लिए किसानों पर बकाया निकाली गई राशि अपेक्स बैंक और राज्य सरकार वहन करेंगे। बताया जाता है कि ये किसान ऐसे हैं जिन्होंने सहकारी बैंक से लिए गए कर्ज और सहकारी समितियों से लिए गए खाद बीज की रकम जमा कर दी है लेकिन बैंक मैनेजरों, समितियों के कर्मचारियों ने जमा की गई राशि बैंक के खाते में जमा करने के बजाय उसे गबन कर लिया और किसानों को जमा राशि की कोई रसीद नहीं दी। किसानों द्वारा जमा राशि इस भरोसे पर उन्हें बगैर रसीद के दी गई कि जल्दी ही उन्हें बैंक और समिति की ओर से पक्की रसीद मिल जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस तरह के मामलों का खुलासा होने के बाद कुछ प्रबंधकों और समितियों के पदाधिकारियों पर कार्रवाई की गई है और राशि जमा कराने के साथ अभी वसूली भी की जा रही है लेकिन किसान अभी भी डिफाल्टर हैं। इसलिए उन्हें बैंक और समितियों से न तो ऋण मिल पा रहा है और न ही खाद बीज मिल पा रहा है। इस योजना से प्रभावित किसानों को राहत मिलेगी। आज होने वाली कैबिनेट बैठक में इसके अलावा अलग-अलग विभागों की योजनाओं को 2031 तक जारी रखने के प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी।

## केजरीवाल ने पीएम आवास तक मार्च निकाला, पुलिस ने रोका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को ई20 फ्यूल के खिलाफ प्रधानमंत्री आवास तक मार्च निकला। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, जैस्मिन शाह समेत पार्टी के अन्य नेताओं को फिरोजशाह रोड पर ही रोक दिया।

इसके बाद केजरीवाल सहित अन्य आप नेता फिरोजशाह रोड पर ही बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए। आप ने करीब 100 नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ यह मार्च निकाला था। पार्टी का दावा है कि उसने देशभर से 2.30 लाख से ज्यादा लोगों की याचिकाएं जुटाई हैं।

मार्च के दौरान केजरीवाल ने कहा कि ई20 के खिलाफ 2 लाख से ज्यादा लोगों ने प्रधानमंत्री को चिट्ठियां लिखी हैं, जिन्हें वे खुद प्रधानमंत्री को सौंपना चाहते थे लेकिन हमें पुलिस ने रोक दिया। हमने सभी चिट्ठियां पुलिस के हाथों मोदी जी को भेज दी हैं। केजरीवाल ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री को मैसेज भेजा था। उन्होंने कहा- हमें उम्मीद है कि पीएम हमसे मिलेंगे।

### एयर इंडिया की फ्लाइट तेज हवा के झटकों में फंसी

**नई दिल्ली।** थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया फ्लाइट मंगलवार को टबुर्लेंस, यानी तेज हवा के झटकों में फंस गई। अचानक 300 फीट तक नीचे आ गई। हालांकि, पायलट ने स्थिति संभाली और फ्लाइट को दिल्ली एयरपोर्ट पर सुबह 11.30 बजे सुरक्षित उतार लिया। प्लेन में 134 यात्री और 8 क्रू मेंबर्स सवार थे। डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन के अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि घटना में 11 यात्री और 4 क्रू मेंबर्स समेत 15 लोग घायल हुए हैं। इनमें से कुछ को दिल्ली एयरपोर्ट के मेडिकल सेंटर और 7 घायलों को फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मेरठ में कांवड़ियों के दो गुट भिड़े, सिपाही घायल

**लखनऊ।** मेरठ में कांवड़ियों के दो गुटों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। कुछ कांवड़िए कांवड़ के साथ सड़क किनारे बैठे थे। इसी दौरान हरिद्वार जल लेने जा रहे दो अन्य कांवड़ियों की बाइक ने उनकी कांवड़ को टक्कर मार दी। इससे कांवड़ खंडित हो गई। दोनों गुटों में बहस और मारपीट शुरू हो गई। एसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची। कांवड़ को बाइक से टक्कर मारने वाले सोनू और उसके साथी को जीप से ले जाने लगी, तभी कांवड़ियों ने उन पर हमला कर दिया। गाड़ी से खींचकर पीटने लगे। बीच-बचाव में सिपाही के हाथ, कंधे-चेहरे पर चोटें आईं हैं।

शादी के दौरान कैटरिंग का 2.82 लाख बकाया बताया

## राजा के भाई और सोनम के पिता को केटर्स ने भेजा नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

यह विवाद राजा और सोनम की शादी के दौरान हुए कैटरिंग के बकाया भुगतान को लेकर शुरू हुआ है। विवाह समारोह में भोजन और कैटरिंग की व्यवस्था संभालने वाले कैटरर्स ने 2.82 लाख रुपये की बकाया राशि की वसूली के लिए मुख्य आरोपी सोनम के पिता गोविंद रघुवंशी और मृतक राजा के भाई विपिन रघुवंशी को कानूनी नोटिस भेजा है।

### धोखाधड़ी का केस दर्ज कराने की तैयारी

कैटरर्स हितेश उर्फ जिम्मी रोहिरा के वकील जयंत राठौर के अनुसार, 10 और 11 फरवरी 2025 को आयोजित राजा और सोनम रघुवंशी के विवाह समारोह में कैटरिंग का कुल अनुबंध 11,42,550 रुपये का तय हुआ था। बार-बार तकादा करने के बाद परिवार की ओर से 8.60 लाख रुपये का भुगतान तो कर दिया गया, लेकिन 2,82,550 रुपये आज भी बकाया हैं। वकील का कहना है कि नोटिस की 15 दिनों की समय सीमा खत्म होने के बावजूद जब बकाया राशि नहीं दी गई, तो अब सिविल कोर्ट में वसूली का दावा ठोकने के साथ पुलिस में शिकायत कर केस दर्ज कराया जाएगा। इस मामले में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को भी सह-आरोपी बनाए जाने की तैयारी है।

नोटिस की समयावधि पूरी होने के बाद अब कैटरर्स ने कोर्ट जाने और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। कैटरिंग कारोबारी ने सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद रघुवंशी और उनके परिवार को कानूनी नोटिस भेजकर 15 दिन के भीतर भुगतान की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि रकम नहीं चुकाने पर धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात का मामला दर्ज कराया जाएगा।

### सनी देओल बोले

## भारत मेरी मां तो पाकिस्तान मौसी है



**मुंबई।** फिल्म 'बंटवारा 1947' की रिलीज से पहले सनी देओल अपने एक बयान को लेकर विवादों में आ गए। पटना में फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने अपने पिता धर्मेंद्र के एक पुराने बयान का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को मौसी बताया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने उन्हें ट्रोल किया। दरअसल सनी से सवाल किया गया कि यह मूवी, जो पाकिस्तान में शूट की गई है, तो आप पाकिस्तान को एक देश या माहौल के तौर पर कैसे देखते हैं? क्या आप कुछ बताना चाहेंगे? इस पर सनी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग पाकिस्तान में नहीं हुई, बल्कि फिल्म हिंदुस्तान में ही शूट हुई है। उन्होंने आगे कहा, हम कोई ऐसी बातें नहीं करते, क्योंकि पूरा देश एक ही था। जैसे पापा ने कहा था कि मेरी मां (भारत) तो वो मेरी मौसी (पाकिस्तान) है, जो आप लोग अच्छी तरह से समझते हैं। हम सब एक तरह से हैं, तो कहीं न कहीं से जुड़े हुए हैं। सनी देओल के इस बयान पर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया दी। कुछ यूजर्स ने उनके बयान की आलोचना की।

### उदयनिधि स्टालिन पूछताछ के बाद रिहा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के नेता प्रतिपक्ष और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन को अभिनेत्री तृषा पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उदयनिधि सोमवार को तंजावुर में कावेरी जल विवाद पर आयोजित रैली में भी मौजूद थे। इसी दौरान भीड़ में तृषा, तृषा के नारे लगे। आरोप है कि इस पर उदयनिधि ने कहा, पानी कहीं और पहुंचे या न पहुंचे, वहां जरूर पहुंचना चाहिए। बाद में सफाई दी कि उनका इशारा कावेरी के पानी की ओर था।

### नशे में धुत गेटमैन भूला रेलवे फाटक खोलना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

नागदा-रतलाम रेल मार्ग पर मौजूद रेलवे फाटक पर ड्यूटी पर तैनात गेटमैन द्वारा गंभीर लापरवाही किए जाने का मामला सामने आया है। दरअसल, ये ड्यूटी पर नशे की हालत में पहुंचा और इसे इतना भी होश नहीं था कि रेलवे फाटक बंद है, जिसके खुलने का दोनों तरफ वाहन यात्री इंतजार कर रहे हैं। हद तो तब हो गई जब फाटक से एक के बाद एक चार से पांच ट्रेनें गुजर गई। लगभग 1 घंटे तक फाटक बंद रहा जिससे दोनों और वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिली।

### बिहार-बंगाल में बिजली गिरने से 11 की मौत

एजेंसी ▸▸ पटना

देशभर में बारिश से आम लोगों का जीवन भी प्रभावित है। बिहार और पश्चिम बंगाल में सोमवार को बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। 14 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में बिहार के अलग-अलग जिलों के 7 और बंगाल के हावड़ा के 4 लोग शामिल हैं।

उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई। सड़क पर पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने से यातायात बाधित हो गया। इसके कारण करीब 200 यात्री फंस गए हैं, जो सोमवार रात 9 बजे से रास्ता खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इधर, हरियाणा के अंबाला और झज्जर में रात भर बारिश हुई।

## नैनो न्यूज

- **आजमगढ़:** डीजल टैंकर बिजली के पोल से टकराया, भीषण आग लगने से 3 लोगों की जिंदा जलकर मौत।
- **नई दिल्ली:** शेख हसीना का भाषण रोकने से भारत का इनकार, बांग्लादेश की मांग पर कहा- हमें उससे मतलब नहीं।
- **झारखंड :** राहुल गांधी, दीपके रांची जाएंगे, झारखंड में छात्रों के प्रदर्शन पर बोले शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस नेता पर कसा तंज।
- **नई दिल्ली:** विदेशों से 2019 से अब तक 274 भगोड़े लाए गए वापस, गृह मंत्रालय ने दी जानकारी, बड़ी कूटनीतिक जीत।
- **नई दिल्ली:** संसद में राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर हंगामा, खड़गे बोले- ईडी कहां है, रिजिजू ने कहा- विपक्ष घड़ियाली आंसू बहा रहा।
- **नई दिल्ली:** राहुल गांधी ने कहा, आरएसएस इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा, देश बर्दाश्त नहीं करेगा, पीएम सरकार के कामों के लिए माफी मांगें।

## मूंग खरीदी विवाद ने बढ़ाई सियासी गर्मी

### केंद्र और राज्य आमने-सामने, शिवराज-मोहन के रिश्तों पर फिर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश में मूंग खरीदी का मुद्दा अब केवल किसानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसने केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों के आंदोलन, खरीदी लक्ष्य बढ़ाने और 18 जून 2026 की वर्चुअल बैठक को लेकर सामने आए दावों ने प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबंधों को लेकर राजनीतिक चर्चाएं एक बार फिर तेज हो गई हैं।


प्रदेश में इस वर्ष मूंग की बंपर पैदावार हुई। किसानों की मांग थी कि सरकार अधिक से अधिक उपज का समर्थन मूल्य पर क्रय करे। प्रारंभिक स्तर पर सीमित खरीदी की घोषणा से किसानों में नाराजगी बढ़ गई। कई जिलों से किसान भोपाल पहुंचे



और विरोध प्रदर्शन किया। आंदोलन के दबाव के बाद सरकार ने खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए लक्ष्य लगभग 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक करने का निर्णय लिया। इस फैसले से राज्य सरकार पर करीब 600 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ने की चर्चा भी सामने आई। इसी बीच एक नया विवाद उस समय खड़ा हो गया जब जानकारी सामने आई कि 18 जून 2026 को केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय ने मूंग खरीदी की समीक्षा के लिए पांच राज्यों की वर्चुअल बैठक बुलाई थी।

- केंद्र का दावा है कि मध्य प्रदेश सरकार को बैठक की पूर्व सूचना दी गई थी और अधिकारियों से संपर्क भी किया गया था, लेकिन राज्य के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल नहीं हुए। दूसरी ओर, राज्य सरकार का कहना है कि उसे बैठक की सूचना समय पर प्राप्त नहीं हुई। इस विरोधाभासी दावे ने प्रशासनिक समन्वय पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।
- राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि मध्य प्रदेश की ओर से बैठक में भागीदारी होती तो खरीदी की प्रक्रिया और कोटा बढ़ाने के संबंध में स्थिति पहले स्पष्ट हो सकती थी। हालांकि इस संबंध में किसी पक्ष की बात की स्वतंत्र आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

- देवास जिले के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से जब मूंग खरीदी विवाद और बैठक में प्रदेश के अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सबसे अधिक मूंग खरीदी का कोटा मध्य प्रदेश को दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो खरीदी का दायरा और बढ़ाया जाएगा। हालांकि बैठक में अधिकारियों की गैरमौजूदगी के प्रश्न पर उन्होंने सीधे टिप्पणी करने से बचते हुए कहा कि आज की समीक्षा बैठक सफल रही है और आगे भी बेहतर कार्य होंगे।
- मूंग खरीदी विवाद के बीच भाजपा के भीतर राजनीतिक समीकरणों पर भी चर्चाएं तेज हैं। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर शिवराज सिंह चौहान का नाम प्रमुख दावेदारों में था, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया। इसके बाद से समय-समय पर दोनों नेताओं के राजनीतिक प्रभाव और संगठन में भूमिका को लेकर अटकलें लगती रही हैं। हालांकि भाजपा नेतृत्व ने सार्वजनिक रूप से किसी भी तरह के मतभेद से इनकार किया है।
- फिलहाल मूंग खरीदी का मुद्दा किसानों के हित, प्रशासनिक समन्वय और राजनीतिक संदेश—तीनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण बन गया है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि खरीदी प्रक्रिया कितनी तेजी से पूरी होती है और केंद्र तथा राज्य सरकार इस विवाद को किस प्रकार समाप्त करती हैं।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### बाहर हाल सुधरे तो अंदर वहीं स्थिति

बाहर वेल बूटा तो अंदर पैंदा फूटा, नगर की संस्था ने भगवान की सवारी के लिए समय पर चौडीकरण को अंजाम दे दिया। सुंदरता भी काफी बेहतर की गई है। अतिक्रमण भी हटा दिया गया। सडकें चौड़ी हो गई और बैरिकेड्स के बाद श्रद्धालुओं के खड़े रहने के लिए भी पर्याप्त स्थान की स्थिति बन गई है। सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ की गई। बाबा के पहले नगर भ्रमण के दौरान अच्छे प्रबंध किए गए लेकिन कुछ स्थानों पर वही पुरानी चूक की गई जिस पर एक नहीं कई बार मुद्दा उठ चुका है। बाहर के सुधार के बाद अंदर वहीं स्थिति कायम रही। पूरी सवारी का केंद्र पालकी होता है। इसके आसपास पूरी तरह से व्यवस्था चरमराई हुई रही है। न तो इस घेरे में चल रही भीड पर कोई नियंत्रण हो सका और न ही इसमें हो रही धक्का-मुक्की को रोकने की दिशा में ही कोई पहल की गई। बैरिकेड्स के बाद पर्याप्त स्थिति होने के बावजूद भी ऐसे हाल से सवाल उठना लाजमी है। पहले नगर भ्रमण के दौरान पालकी के साथ चलने वाले तीन लोग चोंटिल होने की पुष्टि साथ चलने वाले पुजारी ही कर रहे हैं। पालकी के घेरे में इतनी अधिक संख्या में लोग घूसे हुए थे कि इससे अव्यवस्था फैल गई थी। परंपरा से पालकी को अपने कांधों पर लेकर चलने वालों को चलना दुभर हो रहा था। एक नहीं अनेक बार उन्हें इस मुसीबत से दो चार होना पडा और इसके चलते कई बार उन्हें झोखें भी खाने पड़े हैं। पालकी के चलने के क्रम में पीछे लगे कांधों का दबाव आगे की ओर आता है। ऐसे में आगे लगे कांधों पर वजन के साथ एक गति भी होती है जिसे नियंत्रित करने में काफी जोर लगाना होता है। इस पर से सामने होने वाली भीड के रहने से बराबर दुर्घटना का भय कायम होता है और स्वतंत्र स्थान की बजाय बहुत ही संकुचित स्थान के हाल कायम हो जाते हैं। पूरे साढ़े तीन घंटे से अधिक समय तक यह हाल कायम रहे और सभी की निगाह में यह स्थिति आने पर भी व्यवस्था दोषरहित ही कायम रही। खुसूर-फुसूर है कि सवारी के केंद्र पालकी के घेरे के लिए सख्त स्थितियां कायम की जाना अब जरूरी हो गया है। ईकाई संख्या में ही पालकी के साथ चलने वालों का आंकडा तय किया जाना चाहिए। एक विशेष घेरे और सख्त सुरक्षा व्यवस्था में ही इसे कायम किया जाना चाहिए। कांधों की संख्या पर्याप्त रखी जाना चाहिए। पालकी को छूने वालों और घेरे में घुसने वालों को सख्ती से रोका जाना जरूरी है। यह मुद्दा सुरक्षात्मक रूप से बहुत आवश्यक हो गया है। इसके पालन में प्रोटोकाल को भी बंद किया जाना चाहिए।

## नैनो न्यूज

- भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सांसद के नाम सौंपा ज्ञापन
- सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू सुख-समृद्धि एवं अच्छी वर्षा की कामना के साथ निकली कलश यात्रा
- पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों की अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू, पटवारियों ने बैग और दस्तावेज जमा कर दिए।
- प्रतिपादित आत्मजागरण की प्राचीन साधना परंपरा पर आधारित आज से प्रारंभ होगा दस दिवसीय सत्य साधना मौन ध्यान शिविर
- समर्पण कावड़ यात्रा का महाराजवाड़ा मंडल ने किया स्वागत, बाबा महाकाल के जयघोष से गुंजायमान हुआ शहर यात्रा में दिखा अद्भुत उत्साह

## ट्रेंडिंग




नियामक आयोग ने संहिता में संशोधन किया, उपभोक्ता को मिली राहत

# बिजली बिल चुकाने के लिए अब 10 दिन का समय

## लो टेंशन नए कनेक्शन में 150 किलोवाट तक टेस्ट रिपोर्ट की अनिवार्यता समाप्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

विद्युत नियामक आयोग के एक संशोधन ने उपभोक्ताओं की खासी नाराजगी को कम कर दिया है। इससे अब बिल जमा करने की अंतिम तारीख के दो-तीन दिन पहले बिल जारी होने और जमा के लिए समय नहीं मिलने का टंटा समाप्त हो गया है। अब 10 से 15 दिन का समय बिल जमा करने के लिए उपभोक्ताओं को मिलेगा। इन बातों को लेकर अभी तक बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं में आक्रोश देखा जाता रहा है। कुछ बातों में अब भी शिकायतें आम हैं।

आमतर पर उपभोक्ताओं की शिकायतें रही हैं कि उन्हें मात्र दो दिन पहले बिल मिला और दो दिन के दरमियान अवकाश होने से बिल जमा नहीं किया जा सका। अब इस प्रकार की शिकायतों पर ब्रेक लगने वाला है। शहर के पूर्व जोन कार्यपालन यंत्री सतीश कुमरावत के अनुसार पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इस आशय का सरक्यूलर जारी किया है। अब 150 किलो वॉट तक के लो टेंशन उपभोक्ताओं को नया कनेक्शन लेने के लिए बिजली ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट जमा नहीं कराना पड़ेगी। बल्कि अधिसूचित श्रेणियों को छोड़कर ऐसे उपभोक्ता स्वघोषणा-पत्र दे सकेंगे। यही नहीं घरेलू उपभोक्ताओं के लिए कंपनी 10 दिन पहले बिल जनरेट कर आनलाईन भेज रही है। इसी प्रकार कृषि उपभोक्ताओं के लिए भी बिल भेजे जा रहे हैं। इससे इस प्रकार की समस्या का निदान हो गया है। अब उपभोक्ताओं को पिछले माहों से ही समय पर बिल मिल रहे हैं।



### उज्जैन में 6 लाख उपभोक्ता

उज्जैन जिले में सभी प्रकार के उपभोक्ता को मिलाकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र का कुल आंकडा करीब 6 लाख उपभोक्ताओं का सामने आ रहा है।

### फैक्ट फिगर

उज्जैन शहर में उपभोक्ता करीब 1.50 लाख
जिले में कुल उपभोक्ता करीब 6 लाख
कृषि सिंचाई उपभोक्ता करीब 1.60 लाख

### कई समस्याएं अब भी

विद्युत कंपनी से आम उपभोक्ता की कई शिकायतें एवं समस्या अब भी बरकरार हैं। इनमें अधिक बिल आने का मसला और बगैर रिडिंग औसत बिल बराबर देते रहने का मसला है। मीटर रीडरों की रिडिंग में संशोधन एवं त्रुटि की स्थिति के चलते उपभोक्ता को नुकसान के हालात भी हैं तो मीटर घर के बाहर लगने के बाद कई उपभोक्ताओं के मीटर बंद होने पर भी रीडर महीनों मीटर के बदलाव को लेकर कार्रवाई नहीं करते हैं जबकि मीटर घरों के बाहर लगने के बाद इस पर नियंत्रण कंपनी का है। ऐसे कई मामले अब भी शिकायत एवं समस्या स्तर पर कंपनी के 9 झोनों में बराबर पहुंचते हैं।

**अभी तो नवीनीकरण में विद्युत कटौती-** वर्तमान में शहर में लाईनों के साथ ही विद्युत सप्लाय के यंत्रों में परिवर्तन के चलते विद्युत कटौती का दौर जारी है। पूर्वी शहर संभाग में कई क्षेत्रों में मेंटेंनेस एवं नवीनीकरण कार्यों को लेकर आए दिन कटौती के हाल हैं।

### आयोग के संशोधन से हुआ संभव

इधर सामने आ रहा है कि विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत आपूर्ति संहिता में संशोधन करते हुए इस आशय का प्रावधान किया है, जिसमें जहां छोटे उपभोक्ताओं को नया कनेक्शन लेना आसान होगा, तो बिजली बिल भुगतान के लिए समय भी अधिक मिलेगा। गजट नोटिफिकेशन के साथ यह नया प्रावधान लागू हो गया है। इसके साथ ही बिल भुगतान की समय सीमा में भी परिवर्तन किया गया है। कृषि उपभोक्ताओं को कम से कम 15 दिन का समय मिलेगा, तो अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए कम से कम 10 दिन की अवधि तय की गई है। इतना ही नहीं, यदि अंतिम तारीख को कोई सार्वजनिक अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को भुगतान की अंतिम तिथि माना जाएगा।

श्रावण के प्रारंभिक दिनों में ही चमक उठा धर्मनगरी का फुटकर बाजार

# डे-विजिटर बने फुटकर व्यापारियों के लिए संजीवनी

## बीते 5 दिनों में भीड़ का आंकडा 16 लाख पार, अभी पूरा माह बरकरार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

धर्मनगरी में श्रावण का रंग चढ़ते ही लाखों श्रद्धालु महाकाल के दरबार पहुंच रहे हैं। बीते 5 दिन में 16 लाख से ज्यादा भक्त दर्शन कर चुके हैं। सोमवार की पहली सवारी में तो सड़कों पर 8 लाख से ज्यादा लोग उमड़े। भीड़ का यह आंकड़ा धर्मनगरी आने वाले डे-विजिटर शहर के फुटकर व्यापारियों के लिए संजीवनी बनकर आया हैं।

फुटकर बाजार में सुबह से शाम तक ग्राहकों की कतारें लग रही हैं। फूटकर व्यवसायी बताते हैं किअभी जो आ रहे हैं, वे 300 किमी के दायरे से हैं। ये सुबह आते हैं, दर्शन-पूजन करते हैं और शाम तक लौट जाते हैं। पिकनिक की तरह से शहर में आते हैं ओर जमकर खर्च करते हैं। इसी वजह से बाजार गुलजार है।

### प्रसाद से लेकर मेहंदी हर चीज की डिमांड



मंदिर के आसपास, सवारी मार्ग और गोपाल मंदिर से लेकर पटनी बाजार तक हर दुकान पर भीड़ है। पूजा सामग्री, फूल-माला, कुमकुम, नारियल, प्रसाद के साथ-साथ खाना-नाश्ता, चाय, ऑटो, ई-रिक्शा और मेहंदी की दुकानों पर सबसे ज्यादा ग्राहकी है। व्यापारी उमेश मित्तल कहते हैं, पिछले साल के मुकाबले इस बार फुटकर बिक्री में 30-40% का उछाल है। श्रद्धालु 2 घंटे के लिए आ रहे हैं, पर 500-1000 रु. खर्च करके जा रहे हैं। यह फूटकर व्यापारियों के लिए सोने पर सुहागा बन गया है।

### सवारी ने बढ़ाया कारोबार

3 अगस्त को निकली पहली सवारी ने व्यापार को नई उड़ान दी। पालकी के साथ चलने वाली 70 भजन मंडलियों और लाखों श्रद्धालुओं की वजह से मार्ग पर अस्थायी दुकानें, ठेले और प्रसाद की स्टॉल्स की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। सवारी के दौरान 8 लाख से ज्यादा लोग सड़क पर थे, जिसका सीधा फायदा रेहडी वालों को मिला। यहां तक की घुमकर पानी की बोतल बेचने वालों ने अच्छी कमाई की है।

### तीसरा सप्ताह बनेगा टर्निंग पॉइंट

व्यापारियों की निगाहें अब 10 अगस्त से शुरू होने वाले तीसरे सप्ताह पर हैं। 10 को दूसरी सवारी, 17 को तीसरी सवारी और बीच में 13 से 17 अगस्त तक लगातार अवकाश है। 15 अगस्त का तीन दिवसीय अवकाश भी है।

### प्रशासन से बेहतर व्यवस्था की मांग

बढ़ती भीड़ से फूटकर व्यापारियों ने प्रशासन से साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर व्यवस्था ठीक रही तो यह श्रावण फुटकर व्यापारियों के लिए पिछले 5 सालों में सबसे बड़ा सीजन साबित होगा।

सावन में महाकाल की नगरी उमड़ी आस्था

# ट्रेनों में रिकॉर्ड रिजर्वेशन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



उज्जैन आने वाली ट्रेनों में अगस्तझसितंबर के लिए एडवांस रिजर्वेशन करीब 95,000 यात्री प्रतिदिन तक पहुँच रहे हैं। रेलवे ने भीड़ को देखते हुए वन-वे पैसेंजर मूवमेंट, ड्रोन निगरानी और छे अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के चलते स्टेशन पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती और होल्डिंग एरिया भी बनाए गए हैं, ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके।

उज्जैन स्टेशन पर सावन-भादौ में एडवांस बुकिंग लगभग 95,000 यात्री प्रतिदिन तक पहुँच रही है। रेलवे ने भीड़ नियंत्रण के लिए वन-वे पैसेंजर सिस्टम, स्टेशन परिसर में ड्रोन निगरानी, वाटरप्रूफ होल्डिंग एरिया, और छः अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था की है। उत्तर मध्य रेलवे सहित विभिन्न जोन श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रेनें चला रहे हैं, जैसे प्रयागराज (सूबेदारगंज) से इंदौर के बीच चलने वाली ट्रेन जो उज्जैन होकर गुजरती है। अधिकारियों का अनुमान है कि इस वर्ष सावन में रिकॉर्ड भीड़ हो सकती है, इसलिए टिकट जांच, प्लेटफॉर्म प्रबंधन, घोषणाएँ, और यात्री सुविधाओं को भी बढ़ाया गया है। यात्रियों को सलाह दी जा रही है कि वे अपनी यात्रा से पहले टिकट आरक्षित कर लें और निर्धारित समय से पहले स्टेशन पहुँचें, खासकर सावन के सोमवार, नागपंचमी और शाही सवारी जैसे अवसरों पर। अगर भीड़ इसी तरह बढ़ती रही तो रेलवे स्टेशन पर इस साल अब तक की सबसे अधिक भीड़ दर्ज. होने की संभावना है।

उज्जैन जंक्शन पश्चिम रेलवे का एक प्रमुख जंक्शन है, जहाँ से लगभग 305 ट्रेनें समय-सारिणी के अनुसार गुजरती या रुकती हैं, और करीब12 ट्रेनें यहीं से शुरू होती हैं। स्टेशन पर 8 प्लेटफॉर्म हैं और यह रतलाम, इंदौर, भोपाल और फतेहाबाद की दिशाओं को जोड़ता है। सावन-भादों में भारी भीड़ को देखते हुए, रेलवे ने अतिरिक्त प्रबंधन के तहत दैनिक तौर पर करीब95,000 यात्रियों के अग्रिम आरक्षण, ड्रोन निगरानी और छः विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की है।

## सवारी के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ में आई कमी, दर्शन व्यवस्था रही समान्य

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सावन माह के पहले सोमवार को भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी के चलते उज्जैन में दिनभर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा रहा। सवारी मार्ग और महाकाल मंदिर परिसर में भारी भीड़ रही, जिससे यातायात पर दबाव भी दिखा। लेकिन मंगलवार को शहर का माहौल काफी हद तक सामान्य नजर आया। सोमवार की तुलना में मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। कतारें अपेक्षाकृत छोटी रहीं और श्रद्धालुओं को कम समय में सहज दर्शन का लाभ मिला। सिर्फ मंदिर ही नहीं बल्कि शहर के प्रमुख बाजारों, होटल-धर्मशालाओं और सवारी मार्ग पर भी भीड़ का दबाव कम दिखा। सोमवार को बाहर से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु वापस लौट गए, जिससे मंगलवार को स्थानीय गतिविधियां सामान्य होती नजर आईं। इससे दर्शनार्थियों को बिना अधिक इंतजार के बाबा महाकाल के दर्शन का अवसर मिला। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने भी राहत की सांस ली, क्योंकि भारी भीड़ के बाद व्यवस्था बनाए रखना अपेक्षाकृत आसान रहा।

## राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में पर्व साहू का शानदार प्रदर्शन, जीते 2 रजत व 1 कांस्य पदक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



माँ शिप्रा तैराक दल के होनहार खिलाड़ी पर्व साहू ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय सीआईएससीई तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2 रजत (सिल्वर) और 1 कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि से तैराक दल और शहर में खुशी का माहौल है।

पर्व साहू की इस सफलता पर उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवीन हंसवाल, माँ शिप्रा तैराक दल के सचिव एवं प्रशिक्षक संतोष सोलंकी, तथा कनक श्रृंगा की उपाध्यक्ष सपना माली ने पुष्पमाला पहनाकर उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कोच संतोष सोलंकी ने बताया कि पर्व साहू पिछले चार वर्षों से रामघाट स्थित पवित्र शिप्रा नदी में नियमित रूप से तैराकी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उनकी लगन, अनुशासन और निरंतर मेहनत का ही परिणाम है कि उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्जैन का नाम रोशन किया।




डिब्बाबंद नारियल पानी पर उठे सवाल

# कई उत्पादों में वास्तविक नारियल पानी केवल 30 %

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली/उज्जैन**

गर्मी और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच पैकेज्ड नारियल पानी की मांग तेजी से बढ़ी है। लेकिन बाजार में बिक रहे कुछ डिब्बाबंद और टेट्रा पैक नारियल पानी उत्पादों के लेबल ने उपभोक्ताओं को चौंका दिया है। कई उत्पादों में वास्तविक नारियल पानी की मात्रा केवल लगभग 30 प्रतिशत या उससे भी कम बताई गई है, जबकि शेष भाग में पानी, फ्लेवर, एसिडिटी रेगुलेटर, एंटीऑक्सीडेंट तथा अन्य स्वीकृत खाद्य अवयव शामिल हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या उपभोक्ता जिस उत्पाद को शुद्ध नारियल पानी समझकर खरीद रहे हैं, वह वास्तव में वैसा है भी या नहीं।




विशेषज्ञों का कहना है कि अधिकांश उपभोक्ता पैकेजिंग पर लिखे बड़े-बड़े दावों को देखकर उत्पाद खरीद लेते हैं, लेकिन पीछे दिए गए इंग्रीडिएंट्स और कंटेंट को नहीं पढ़ते। इसी कारण कई लोग यह मान लेते हैं कि पूरा पैक केवल ताजा नारियल पानी से भरा है, जबकि वास्तविकता अलग हो सकती है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण समय-समय पर नारियल पानी और अन्य खाद्य उत्पादों के मानकों तथा लेबलिंग को लेकर दिशा-निर्देश जारी करता रहा है। हाल ही में भ्रामक 100% जैसे दावों पर भी नियामक ने सख्ती दिखाई है और स्पष्ट लेबलिंग पर जोर दिया है।

उपभोक्ता संगठनों का कहना है कि यदि किसी उत्पाद में नारियल पानी की मात्रा सीमित है, तो इसकी जानकारी पैकेट के सामने बड़े और स्पष्ट अक्षरों में दी जानी चाहिए, ताकि ग्राहक भ्रमित न हों। उनका मानना है कि आकर्षक विज्ञापनों और पैकेजिंग के कारण लोग इसे ताजे नारियल पानी का विकल्प समझ लेते हैं, जबकि स्वाद और पोषण दोनों में अंतर हो सकता है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि पैकेज्ड उत्पाद खरीदते समय उपभोक्ता सामग्री सूची, पोषण संबंधी जानकारी, एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर, निर्माण एवं समाप्ति तिथि तथा वास्तविक नारियल पानी की प्रतिशत मात्रा अवश्य जांचें।















## न्यूज ब्रीफ

### 30 करोड़ रुपये मूल्य की शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाया

**इंदौर।** इंदौर जिला प्रशासन ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में की गई इस बड़ी कार्रवाई में राजस्व, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने ग्राम पिपलिया राव स्थित सर्वे नंबर 82 की लगभग 2 एकड़ बेशकीमती शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान प्रारंभिक अवस्था में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया तथा मौके पर संचालित आटा बनाने का प्लांट भी हटाया गया। एसडीएम जूनी इंदौर घनश्याम धनगर ने बताया कि निर्भय पिता भेरू सिंह एवं लालू नागर ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर उसके एक हिस्से में प्लॉटिंग कर भूखंडों का विक्रय भी प्रारंभ कर दिया था।

### नरवल इंडस्ट्रियल एरिया में 5100 पौधों का रोपण

**इंदौर।** 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत सोमवार को इंदौर के नरवल इंडस्ट्रियल एरिया में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के सानिध्य में 5100 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पेड़ों की रक्षा करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति पेड़ों की रक्षा करता है, वह देवतुल्य है और जो उन्हें काटता है, वह प्रकृति के प्रति अन्याय करता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान देशभर में जनभागीदारी का एक प्रेरक अभियान बन चुका है। उन्होंने बताया कि इंदौर ने इस अभियान के तहत देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### जैविक उत्पादों की बिक्री के लिये ई-प्लेटफार्म सुनिश्चित किये जाये

**इंदौर।** संभागायुक्त भास्कर लक्षकार की अध्यक्षता में सोमवार को कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, मण्डी बोर्ड, मत्स्य विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, दुग्ध संघ, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण आदि विभागों की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के संयुक्त संचालक, संयुक्त आयुक्त विकास शिवानी वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त लक्षकार ने कहा कि यह वर्ष कृषि कल्याण वर्ष है। कृषि का रकबा बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनायी जाये। शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र किसानों को मिले। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से पात्र हितग्राही छूटे नहीं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाये। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादक को बढ़ावा देने के लिये राज्य शासन द्वारा चलायी जा रही डॉ. अम्बेडकर भीमराव कामधेनु योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये। जैविक उत्पाद की बिक्री के लिये ई-प्लेटफार्म सुनिश्चित किये जाये।

### सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण शिक्षा के नए युग की शुरूआत



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बैरसिया में सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण केवल नए विद्यालय भवन का शुभारंभ नहीं, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के नए युग और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुरूआत है। यह विद्यालय विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा और उन्हें ज्ञान, संस्कार, आत्मविश्वास और कौशल से संपन्न बनाकर जीवन में आगे बढ़ने के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बैरसिया में सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यालय परिसर का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को नवीन सर्वसुविधायुक्त विद्यालय की शुभकामनाएं दीं। करीब 35 एकड़ क्षेत्र में निर्मित शासकीय सांदीपनि ठाकुर लाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की लागत 50 करोड़ 74 लाख है। मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में पौध-रोपण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता-पिता बच्चों को जीवन देते हैं, लेकिन विद्यालय और गुरु उनके व्यक्तित्व को सही आकार देकर जीवन को सार्थक बनाते हैं। जिस प्रकार पारस के स्पर्श से लोहा सोना बन जाता है, उसी प्रकार अच्छे विद्यालय और योग्य शिक्षक विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारकर उन्हें समाज और राष्ट्र की अमूल्य संपदा बनाते हैं। विद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण, अनुशासन, संस्कार और जीवन-दृष्टि के विकास का प्रमुख केंद्र होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की पहचान सदियों से ज्ञान, शिक्षा और गुरु-शिष्य परंपरा से रही है।

## नैनो न्यूज

- **दतिया हार पर भाजपा में मंथन**-दतिया विधानसभा उपचुनाव में हार के बाद भाजपा ने समीक्षा शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री आवास पर बैठक में हार के कारणों, संगठन की भूमिका और संभावित भितरघात को लेकर चर्चा हुई। पार्टी ने समीक्षा के लिए समिति बनाने की तैयारी की है।
- **दतिया जीत से कांग्रेस में उत्साह**- दतिया उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने भाजपा के अशुतोष तिवारी को 6,016 वोटों से हराया। इस जीत को कांग्रेस प्रदेश संगठन के लिए बड़ी राजनीतिक ऊर्जा के रूप में देखा जा रहा है।
- **मप्र में 9 साल बाद होंगे छात्र संघ चुनाव**- मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों में करीब नौ साल बाद छात्र संघ चुनाव कराने की तैयारी शुरू हो गई है। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद सरकार ने चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए हैं।
- **नीट-यूजी काउंसलिंग का कार्यक्रम जारी**- मध्य प्रदेश में मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी 2026 काउंसलिंग कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 5 अगस्त से शुरू होगी।
- **इंदौर में मानव तस्करी मामले का खुलासा**- इंदौर में नाबालिग की उम्र और पहचान में बदलाव कर शादी कराने के मामले में पुलिस ने गिरोह के कुछ सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

### उज्जैन में श्रावण मास में हर दिन आ रहे डेढ़ लाख से ज्यादा श्रद्धालु

# पर्यटन, रोजगार, परिवहन और छोटे कारोबार को मिला सहारा

### भीड़ का असर सिर्फ मंदिर तक नहीं, बल्कि पूरे शहर की अर्थव्यवस्था पर दिख रहा है, प्रसाद से लेकर हस्तशिल्प तक हजारों लोगों को रोजगार और आय मिली

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

देश में धार्मिक पर्यटन की बढ़ती ताकत का सबसे जीवंत उदाहरण इन दिनों उज्जैन में दिखाई दे रहा है। श्रावण मास शुरू होते ही भगवान महाकाल के दर्शन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालुओं का आगमन तेज हो गया है। हर सोमवार निकलने वाली भगवान महाकाल की परंपरागत सवारी इस धार्मिक प्रवाह को और गति देती है।

इसका प्रभाव केवल मंदिर परिसर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे शहर की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देता है। धार्मिक पर्यटन विशेषज्ञों के अनुसार, श्रावण के दौरान उज्जैन की स्थानीय अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा सीधे श्रद्धालुओं की आवाजाही से संचालित होता है।

महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्रावण में यह संख्या कई गुना बढ़ जाती है। इसका सीधा लाभ होटल, धर्मशालाओं, होम-स्टे, रेस्टोरेंट, टैक्सी, ऑटो, ई-रिक्शा, फूल-प्रसाद विक्रेताओं, दूध, मिठाई, फल, धार्मिक सामग्री और हस्तशिल्प कारोबार से जुड़े हजारों लोगों को मिलता है। शहर में अस्थायी रोजगार के अवसर भी बढ़ जाते हैं और अनेक छोटे व्यापारी इसी मौसम की आय पर पूरे वर्ष की आर्थिक योजना तैयार करते हैं।



#### इस वर्ष का श्रावण प्रशासन के लिए एक रियल टाइम मॉडल

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच इस वर्ष का श्रावण प्रशासन के लिए एक रियल टाइम माडल भी है। भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक नियंत्रण, डिजिटल सेवाएं, आपदा प्रबंधन और स्वच्छता की जो व्यवस्थाएं अभी लागू की जा रही हैं, वही आगे सिंहस्थ की व्यापक तैयारियों का आधार बनेंगी। देश में आध्यात्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है और उज्जैन इसका एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। महाकाल का श्रावण इस बात का प्रमाण है कि जब आस्था और सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं साथ चलती हैं, तो मंदिर केवल पूजा का स्थल नहीं रहता, बल्कि रोजगार, पर्यटन, स्थानीय व्यापार और क्षेत्रीय विकास का सबसे बड़ा आर्थिक केंद्र बन जाता है। यही कारण है कि श्रावण का महीना उज्जैन के लिए धार्मिक उत्सव के साथ-साथ आर्थिक समृद्धि का भी सबसे बड़ा अवसर माना जाता है।

श्रावण के सोमवार केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लोकल इकोनॉमी के ग्रोथ डे बन जाते हैं। महाकाल मंदिर से लेकर हरसिद्धि, कालभैरव, मंगलनाथ, चिंतामण गणेश और शिप्रा घाटों तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ने से धार्मिक पर्यटन का दायरा पूरे शहर में फैल जाता है। इसका लाभ केवल बड़े व्यापारियों को नहीं, बल्कि चाय-नाश्ते के ठेले, फूल बेचने वाले, फोटोग्राफर, कुली, रिक्शा चालक और स्थानीय कारीगरों तक पहुंचता है। बढ़ती भीड़ के साथ प्रशासन और नगर निगम की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। लाखों श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता, पेयजल, मोबाइल शौचालय, स्वास्थ्य सेवाएं, पार्किंग, यातायात और सुरक्षा की विशेष व्यवस्थाएं की जाती हैं। सवारी मार्ग और मंदिर क्षेत्र में अतिरिक्त सफाई दल तैनात किए जाते हैं, ताकि धार्मिक आयोजन के साथ शहर की स्वच्छ छवि भी बनी रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, पति, ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर के चिमनबाग क्षेत्र में रहने वाली अमिता पुरोहित की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मृतका के भाई संतोष टपावत और बेटी तनु पुरोहित के बयानों के आधार पर पुलिस ने महात्मा गांधी रोड थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। परिजनों का आरोप है कि यह सामान्य आत्महत्या का मामला नहीं बल्कि लंबे समय से चली आ रही मानसिक, आर्थिक और शारीरिक प्रताड़ना का परिणाम है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। एफआईआर के अनुसार, 18 जुलाई 2026 को अमिता पुरोहित की तबीयत बिगड़ने की सूचना पर परिजन इंदौर पहुंचे। इलाज के दौरान 19 जुलाई को उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद मृतका की बेटी और भाई ने पुलिस को विस्तृत शिकायत देकर पति सहित ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए।

#### आरोप- मां पर बनाया जाता था पैसों का दबाव

एफआईआर में दर्ज बयान के अनुसार मृतका की बेटी तनु पुरोहित ने आरोप लगाया है कि उसके पिता ललित पुरोहित का किसी अन्य महिला से संबंध था, जिसके चलते वे उसकी मां को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। बेटी का कहना है कि उसकी मां सिलाई का कार्य कर हर माह लगभग 20 से 25 हजार रुपये कमाती थीं, लेकिन उनकी कमाई और मायके से रुपये लाने के लिए लगातार दबाव बनाया जाता था।

#### मारपीट और अपमान किया जाता था

बेटी ने अपने बयान में यह भी उल्लेख किया है कि उसके नाना ने दो लाख रुपये का चेक देकर आर्थिक सहायता की थी, लेकिन इसके बाद भी पैसों की मांग समाप्त नहीं हुई। उसका आरोप है कि लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर उसकी मां ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

#### भाई ने लगाए साजिश के आरोप

मृतका के भाई संतोष टपावत ने पुलिस को दिए अपने विस्तृत आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी बहन की मौत की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए क्योंकि उन्हें घटना के कई पहलुओं पर संदेह है। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना की जानकारी मायके पक्ष को समय पर नहीं दी गई, जिससे महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि मृतका को अस्पताल ले जाने, इलाज और परिजनों को सूचना देने में कई सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के बाद डिजिटल और भौतिक साक्ष्यों को सुरक्षित नहीं रखा गया और मोबाइल फोन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की जांच आवश्यक है।

#### पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**महात्मा गांधी रोड थाना पुलिस ने मृतका की बेटी की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि शिकायत में लगाए गए सभी आरोपों की जांच की जाएगी तथा उपलब्ध साक्ष्यों और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले में मृतका के भाई और बेटी ने पति तथा ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं आरोपों की सत्यता का अंतिम निर्णय पुलिस जांच, फोरेंसिक रिपोर्ट और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही स्पष्ट होगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है ललित पुरोहित की गिरफ्तारी कर ली गई हे।**

**डिजिटल साक्ष्य और बैंक रिकॉर्ड की जांच की मांग**- शिकायत में पुलिस से मांग की गई है कि आरोपी पक्ष के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, सोशल मीडिया चैट, बैंक खातों, यूपीआई ट्रांजेक्शन, सीसीटीवी फुटेज तथा अस्पताल के रिकॉर्ड की वैज्ञानिक तरीके से जांच कराई जाए। इसके साथ ही वर्ष 2018 में दिए गए दो लाख रुपये के बैंक लेनदेन का सबूत भी दिया।

## उज्जैन में एक दशक बाद हाउसिंग बोर्ड की वापसी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन के तेजी से उभरते औद्योगिक केंद्र विक्रम उद्योगपुरी में जल्द ही 1250 आवासीय इकाइयों की नई कॉलोनी विकसित हो सकती है। मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल (हाउसिंग बोर्ड) ने इसके लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति के लिए भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही लगभग एक दशक बाद उज्जैन में हाउसिंग बोर्ड की कोई नई आवासीय योजना धरातल पर उतरने की दिशा में बढ़ेगी। यह योजना ऐसे समय लाई गई है, जब विक्रम उद्योगपुरी प्रदेश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों में शामिल हो चुका है। यहां अब तक 135 से अधिक औद्योगिक इकाइयों को भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावित निवेश के साथ करीब 25 हजार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। अमूल, पेप्सीको सहित 20 से अधिक उद्योगों में उत्पादन शुरू होने के बाद कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण आवास की मांग तेजी से बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित कॉलोनी में विभिन्न आय वर्गों के लिए आवास विकसित किए जाएंगे। उद्देश्य केवल मकान उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उद्योग आधारित आधुनिक आवासीय क्षेत्र तैयार करना है, जिससे कर्मचारियों को कार्यस्थल के निकट रहने की सुविधा मिल सके।

### आतिशबाजी कर बांटी मिठाइयां

# उपचुनाव: कांग्रेस की जीत पर बड़नगर में जश्न

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर**

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह की ऐतिहासिक जीत की गूंज बड़नगर में भी सुनाई दी। इस शानदार जीत के उपलक्ष्य में पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस कार्यकताओं और पदाधिकारियों दुवारा गाँधी चौक पर भव्य जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने दतिया उपचुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह के समर्थन में चार दिनों तक सघन जनसंपर्क किया था। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ दतिया में डेरा डालकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की थी, जिसका सुखद परिणाम अब सामने आया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने इसे 'जनता की जीत' करार दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में किसानों और आमजन के साथ जो अत्याचार हो रहा है, यह जीत उसी का परिणाम है।

#### बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी थे उपस्थित

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष नीलेश शर्मा, शहर सेवादल वनीषराज कटारिया, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष करण राठौड़, अजा विभाग कांग्रेस शहर अध्यक्ष संजय ऊँटवाल, पूर्व जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष करण मोरवाल , पार्षद पति अमित जाट, फकीर मोहम्मद, एडवोकेट महेश विजयवर्गीय, राधेश्याम यादव, राधेश्याम सोनगरा, राहुल राठौड़, सद्दाम हुसैन, नौशाद अली, गुलाम हुसैन, सैफुद्दीन बादशाह, प्रमोद गदिया, जितेन्द्र काला और उमाशंकर मेहता आदि कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला 'लालू' ने दी।

## भोले के भक्त पर्यटन के साथ ले सकेंगे फलाहार का आनंद

### उज्जैन, ओंकारेश्वर और महेश्वर में एमपी टूरिज्म ने शुरू की सुविधा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अब भगवान शिव के भक्त और पर्यटन के शौकीनों को अपने स्वाद से समझौता नहीं करना होगा, बल्कि इन्हें अब तो और भी लजीज व्यंजन का तोहफा मिलने जा रहा है। श्रावण मास में व्रत करने वाले भोले के भक्त कम नहीं है लेकिन इनकी मुश्किल तब बढ़ जाती है जब यात्रा के दौरान उचित फलाहार नहीं मिलता। इसी परेशानी का समाधान अब फलाहारी थाली के रूप में सामने आया है।

उज्जैन, महेश्वर और ओंकारेश्वर जाने वाले पर्यटकों को अब सुबह और रात दोनों ही वक्त के भोजन में फलाहारी थाली मिलेगी। जिसमें अलग-अलग तरह के करीब 20 व्यंजन शामिल होंगे।

#### व्रत की थाली के व्यंजन

तीनों स्थानों की थाली का हरेक दिन का मैन्यू विशेष रूप से बनाया गया है। इसमें आलू की सूखी और ग्रेवी वाली सब्जी, कुट्टू की पूड़ी, सिंघाड़े की पूड़ी, साबुदाना खिचड़ी, साबुदाना वड़ा, फ्राइड पीनट, चिप्स, समा की खीर, फलाहारी उपमा, लौकी का हलवा शामिल किया गया है। दोनों ही समय के भोजन में दो-दो तरह के फल भी रखे गए हैं। चूंकि यह स्थान चटपटे स्वाद के लिए प्रसिद्ध है अतः फलाहारी नमकीन के साथ तरह-तरह की चटनी भी रखी गई हैं।

### उपचुनावों में भाजपा को झटका, उपचुनाव का संदेश ...

# क्या भाजपा को संगठन के भीतर झांकने की जरूरत है?

### बिहार से दतिया तक बदले समीकरण, बूथ मैनेजमेंट, घटते वोट ?

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

भारतीय राजनीति का इतिहास इस बात का गवाह है की लोकतंत्र में कोई भी दल स्थाई रूप से अजेय नहीं होता। कभी 400 से अधिक लोकसभा सीटों के साथ देश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत रही कांग्रेस आज सीमित राजनीतिक प्रभाव तक सिमट चुकी है ,जबकि कभी मात्र दो लोकसभा सीटों वाली भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है–जनता जब चाहती है तो सत्ता बदल देती है और जब चाहती है तो सबसे मजबूत राजनीतिक दल को भी आत्ममंथन के लिए मजबूर कर देती है।

उपचुनावों के परिणामों ने भाजपा के सामने भी कुछ ऐसे ही सवाल खड़े किए हैं, जिन पर आने वाले समय में संगठन को गंभीरता से विचार करना पड़ सकता है। भाजपा की पहचान हमेशा से मजबूत संगठन और हमेरा बूथ, सबसे मजबूत अभियान के कारण रही है।

#### राजनीतिक समीकरण बदल दिए

पार्टी ने वर्षों तक बूथ मैनेजमेंट को अपनी सबसे बड़ी चुनावी ताकत बनाया, लेकिन उपचुनावों ने इसी मॉडल को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। सबसे बड़ी राजनीतिक चर्चा बिहार की उस विधानसभा सीट को लेकर हुई, जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के विधायक पद छोड़ने के बाद खाली हुई थी। यह सीट लगातार पांच चुनावों से भाजपा के कब्जे में थी लेकिन इस बार जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत किशोर ने बड़ी जीत दर्ज कर राजनीतिक समीकरण बदल दिए। इस परिणाम में राष्ट्रीय अध्यक्ष के गृह बूथ से भाजपा को हार का सामना करना पड़ा चुनाव परिणाम के बाद बूथ स्तर के प्रदर्शन को लेकर भी राजनीतिक हलकों में व्यापक चर्चा हो रही हे मध्य प्रदेश के दतिया उपचुनाव ने भी भाजपा के लिए आसान संदेश नहीं छोड़ा। पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के प्रभाव वाले क्षेत्र में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा यहां तक कि नरोत्तम मिश्रा के गृह बूथ से भी बीजेपी हार गई!

#### संगठन के लिए समीक्षा का विषय

दतिया का परिणाम केवल एक सीट की हार नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे संगठन और चुनावी रणनीति की समीक्षा से जोड़कर देखा जा रहा है। किसी भी दल की सबसे बड़ी ताकत उसका जमीनी कार्यकर्ता होता है। वही बूथ संभालता है, वही मतदाता तक पहुंचता है और वही चुनाव की असली लड़ाई लड़ता है। यदि यही कार्यकर्ता स्वयं को उपेक्षित महसूस करने लगे, उसकी बात संगठन तक न पहुंचे या निर्णय प्रक्रिया में उसकी भूमिका कम हो जाए, तो उसका असर सबसे पहले बूथ पर और बाद में चुनाव परिणामों में दिखाई देता है। मध्यप्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद हुए उपचुनावों के रुझानों ने भी भाजपा के सामने कुछ नए सवाल खड़े किए हैं। राजनीतिक विश्लेषण में यह चर्चा है कि हाल के उपचुनावों में पार्टी के मतों में कमी दर्ज की गई है और जहां जीत मिली भी है, वहां जीत का अंतर पहले की तुलना में कम रहा। वहीं कुछ सीटों पर पराजय का सामना भी करना पड़ा। यदि यह रुझान लगातार जारी रहता है, तो निश्चित रूप से यह संगठन के लिए समीक्षा का विषय बन सकता है।

#### तिवारी का बयान भी चर्चा का विषय बना

चुनाव परिणामों के बाद भाजपा के दतिया उपचुनाव के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी का बयान भी चर्चा का विषय बना। उन्होंने कहा कि वे उचित मंच पर समीक्षा करेंगे कि कहां गलती हुई। उनके इस बयान ने कई राजनीतिक सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि स्वयं प्रत्याशी समीक्षा की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं, तो यह केवल चुनावी हार की समीक्षा होगी या फिर संगठन, बूथ प्रबंधन, स्थानीय नेतृत्व और कार्यकताओं के समन्वय जैसे मुद्दे भी समीक्षा के दायरे में आएंगे–यह आने वाला समय बताएगा।

#### उपचुनाव का संदेश केवल भाजपा के लिए नहीं, बल्कि सभी राजनीतिक दलों के लिए

इस बीच चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का एक पुराना बयान भी सोशल मीडिया पर फिर चर्चा में है, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक समय ऐसा आएगा जब केवल पार्टी के चुनाव चिन्ह के आधार पर हर उम्मीदवार की जीत तय मानने की धारणा टूटेगी। उपचुनाव के बाद इस बयान को नए राजनीतिक संदर्भ में देखा जा रहा है। उपचुनाव का संदेश केवल भाजपा के लिए नहीं, बल्कि सभी राजनीतिक दलों के लिए है। जनता अब पहले से अधिक जागरूक है। वह केवल बड़े नेताओं के नाम पर नहीं, बल्कि स्थानीय नेतृत्व, जनसंपर्क, कार्यकताओं की सक्रियता और अपने क्षेत्र के मुद्दों को ध्यान में रखकर मतदान करती है। राजनीति में संगठन जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण जनता का विश्वास और कार्यकताओं का सम्मान है। यदि दोनों मजबूत हैं, तो चुनावी जीत का रास्ता आसान होता है। यदि दोनों कमजोर पड़ने लगें, तो सबसे मजबूत राजनीतिक दल को भी आत्ममंथन करना पड़ता है।

न्यूज कालम



## विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत आयोजित हुई जागरूकता रैली

**बड़वानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को शहरी-२ वार्ड क्रमांक 20 में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सुपर वाइजर श्रीमती बसंती भिड़े की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई।रैली के दौरान उपस्थित गर्भवती एवं धात्री माताओं को नवजात शिशु के लिए स्तनपान के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। सुपरवाइजर श्रीमती भिड़े ने माताओं को प्रेरित करते हुए बताया कि जन्म के तुरंत बाद शिशु को गाढ़ा पीला दूध (कोलस्ट्रम) अवश्य पिलाना चाहिए। साथ ही, शिशु के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए शुरूआती छह माह तक केवल माँ का दूध ही सर्वोत्तम आहार है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं और वार्ड की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा बैनर-तख्तियों के माध्यम से समुदाय को स्तनपान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

## 44 लावारिस मोटरसाइकिलों की नीलामी, शासन को 2.64 लाख का राजस्व प्राप्त

**मंडलेश्वर।** पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार लावारिस एवं जब्त वाहनों के निराकरण की कार्रवाई के तहत मंगलवार को थाना मंडलेश्वर परिसर में 44 लावारिस मोटरसाइकिलों की विधिवत नीलामी की गई। नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से शासन को कुल 2 लाख 64 हजार 500 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण अनुराग के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक खरगोन रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुंतला रहल के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों में वर्षों से जब्त एवं लावारिस वाहनों के नियमानुसार निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना मंडलेश्वर में पुलिस एक्ट की धारा 25 के तहत जब्त 44 मोटरसाइकिलों का मूल्यांकन कर नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण की गई।नीलामी की कार्रवाई के लिए नायब तहसीलदार बलराम चौहान को अधिकृत किया गया था। उनकी उपस्थिति में 4 अगस्त 2026 को थाना परिसर में पारदर्शी एवं नियमानुसार नीलामी संपन्न हुई। इस दौरान थाना प्रभारी पंकज तिवारी सहित थाना मंडलेश्वर का पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।नीलामी के दौरान सभी 44 मोटरसाइकिलों की बिक्री से कुल 2,64,500 रुपये की राजस्व राशि प्राप्त हुई। पुलिस विभाग ने बताया कि इसी प्रकार की कार्रवाई निकट भविष्य में जिला खरगोन के अन्य थानों में भी की जाएगी, जिससे लंबे समय से थानों में खड़े लावारिस एवं जब्त वाहनों का नियमानुसार निराकरण किया जा सके।

## 75 वर्षीय नारायण आचार्य के निधन के बाद हुआ नेत्रदान, दो लोगों को मिलेगी रोशनी

**मंडलेश्वर।**नगर के वरिष्ठ नागरिक नारायण आचार्य का निधन मंगलवार को 75वर्ष की आयु में हो गया। स्व आचार्य निधन के बाद उनके परिजनों ने समाज के लिए प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए उनका नेत्रदान कराया। उनकी पत्नी त्रिवेणी आचार्य एवं पुत्र राहुल आचार्य ने उनकी स्मृति को मानव सेवा से जोड़ते हुए नेत्रदान के लिए सहमति दी। परिजनों की सूचना पर जिला चिकित्सालय की टीम में शामिल डॉ उदयसिंह राठौर और मंडलेश्वर अस्पताल में पदस्थ नेत्र सहायक महेश पाटीदार ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर नेत्र संग्रहित किए। नेत्रदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद दोनों नेत्र आगे प्रत्यारोपण के लिए जिला चिकित्सालय भेजे गए। जहां से जरूरतमंद मरीजों को दृष्टि प्रदान करने की प्रक्रिया की जाएगी। खास बात यह रही कि परिवार ने स्वयं से ही नेत्रदान का निर्णय लिया था।इस अवसर पर चिकित्सकों एवं सहयोगी टीम ने परिजनों के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि नेत्रदान महादान है। किसी व्यक्ति के निधन के बाद उसके नेत्र दो दृष्टिबाधित लोगों के जीवन में उजाला ला सकते हैं। उन्होंने समाज से भी नेत्रदान के प्रति जागरूक होकर अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित करने की अपील की।

## डाक जीवन बीमा बना दु:ख की घड़ी में परिवार का सहारा

**बड़वानी।** भारतीय डाक विभाग की भरोसेमंद डाक जीवन बीमा योजना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि संकट की घड़ी में यह परिवार के लिए मजबूत आर्थिक सहारा बनती है। उप संभागीय निरीक्षक (डाक) श्री विजय कुमार खोडे ने बताया कि बड़वानी निवासी युवा अभिषेक पाठक ने सितंबर 2024 में 1 लाख रुपये सम एश्योर्ड (बीमाधन) की डाक जीवन बीमा पॉलिसी ली थी। इस पॉलिसी का मासिक प्रीमियम मात्र 225 रुपये था। पॉलिसीधारक ने 15 माह में कुल 3,375 रुपये का प्रीमियम जमा किया था। इस कठिन समय में डाक जीवन बीमा परिवार के लिए आर्थिक संबल बनकर सामने आया। डाक जीवन बीमा सलाहकार सियाराम रावत ने परिजनों को दावा प्रक्रिया की जानकारी दी, नॉमिनी के सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार करवाए तथा मृत्यु दावा प्रकरण का त्वरित निपटान करवाया। इसके परिणाम स्वरूप मृतक की पत्नी (नॉमिनी) माधवी पाठक के बचत खाते में 1,10,635 रुपये की दावा राशि सफलतापूर्वक जमा करवाई गई।

## कोल्ड स्टोरेज सहित फसलोत्तर प्रबंधन संरचनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित

**उज्जैन ।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के अंतर्गत फसलोत्तर प्रबंधन घटक में जिला उज्जैन के पात्र कृषकों से कोल्ड स्टोरेज, प्याज-लहसुन भंडार संरचना, फार्म गेट पैक हाउस, कोल्ड रूम एवं राइपनिंग चेम्बर की स्थापना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।योजना का उद्देश्य उद्यानिकी फसलों के भंडारण, सफाई, छंटाई, ग्रेडिंग, पैकिंग तथा अस्थायी भंडारण की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराकर किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाना एवं फसलोत्तर नुकसान को कम करना है।विभाग के अनुसार आवेदन के साथ विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर), बैंक अप्रेजल रिपोर्ट, बैंक ऋण स्वीकृति पत्र, इकाई स्थापना स्थल से संबंधित भूमि दस्तावेज तथा निर्धारित प्रारूप में आवश्यक घोषणा-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। कोल्ड स्टोरेज स्थापना से जुड़े प्रकरणों में भवन निर्माण की अनुमति एवं निर्धारित तकनीकी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना आवश्यक रहेगा।इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## विद्यार्थी अपनी जिम्मेदारियां निभाएं एवं समर्पित होकर कार्य करे- विधायक पांडेय

**रतलाम।** भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जावरा में छात्रों के साथ प्रेरणादायक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विद्या तिवारी ने बताया कि जावरा महाविद्यालय रतलाम जिले का दूसरा सबसे बड़ा महाविद्यालय है गत वर्ष यहां की छात्र संख्या 4661 थी।



## बुरहानपुर में प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी, 40 से अधिक पीड़ित कलेक्टरेट पहुंचे

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

जिले में अवैध कॉलोनाइजरों द्वारा प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ४० से अधिक पीड़ित मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और तहसीलदार प्रवीण ओहरिया को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ितों का आरोप है कि उनसे प्लॉट के एवज में पूरी या किस्तों में राशि ली गई, लेकिन न तो प्लॉट दिया गया और न ही रजिस्ट्री की गई।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने अहमद नगर कॉलोनी में प्लॉट खरीदने के लिए पैसे जमा किए थे। आरोप है कि कॉलोनाइजर डॉ. सादिक, जकी हाशमी और यूसुफ हिफाजत ने राशि लेने के बाद पीड़ितों को प्लॉट नहीं दिए। पीड़ितों का कहना है कि संबंधित जमीन बाद में किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी गई। इससे 40 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं।

पीड़ितों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराकर दोषी कॉलोनाइजरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और राशि वापसी की मांग की है। प्रशासन ने शिकायत प्राप्त कर जांच का आश्वासन दिया है।

## पर्यावरण संरक्षण: बाग के युवाओं की अनूठी पहल, बाजार में बांटे 'सीड बॉल'

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग (धार)

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाग के युवाओं ने एक सराहनीय मिसाल पेश की है। सोमवार को शासकीय महाविद्यालय बाग के छात्रों एवं शासकीय महाविद्यालय छात्रावास के निवासियों ने स्थानीय बाजार में अनूठी पहल करते हुए नागरिकों को 'सीड बॉल' का वितरण किया और उन्हें अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रों ने पिछले शुक्रवार को मिलकर मिट्टी और बीजों की मदद से ये सीड बॉल तैयार किए थे। सोमवार को उन्होंने अखबार के बने इको-फ्रेंडली पैकेट्स में 5-5 ५ सीड बॉल रखकर बाजार में आने वाले लोगों को भेंट किए। छात्रों ने लोगों को सीड बॉल के इस्तेमाल का तरीका समझाते हुए बताया कि किस तरह बिना ज्यादा मेहनत के आसानी से पेड़ उगाए जा सकते हैं।

केवल सीड बॉल वितरण ही नहीं, बल्कि युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से भी लोगों से सीधे संवाद किया। उन्होंने दैनिक जीवन में पेड़-पौधों के महत्व पर चर्चा की। बाजार में आए लोगों ने युवाओं के इस प्रयास की जमकर सराहना की और सीड बॉल रोपने में गहरी रुचि दिखाई।

शुरूआत में हमें लग रहा था कि शायद लोग इसमें ज्यादा रुचि न दिखाएं, लेकिन नागरिकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया ने हमारा उत्साह दोगुना कर दिया। महज 30 मिनट में ही सारी सीड बॉल बंट गईं।"

इस जन-जागरूकता अभियान में मनोज डोडवे, बबलू मोरी, अरविंद मोरी, बबलू सिसोदिया, पवन बघेल, कार्तिक निंगवाल, जितेंद्र बघेल, मनोज डावर, सुमेरसिंह बघेल, अजय जामरा, रोहित कन्नौज और सोहन भूरिया शामिल रहे।



## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बुरहानपुर जिले के पटवारियों ने ३ अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के तहत मंगलवार को पटवारी तहसील कार्यालय पहुंचे और अपने रिकॉर्ड बस्ते तहसीलदार को सौंप दिए। पटवारियों का कहना है कि 20 जुलाई को प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन मांगों पर कोई निर्णय नहीं हुआ। इसलिए उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। संघ ने कहा है कि जब तक मांगों का समाधान नहीं होगा, हड़ताल जारी रहेगी। बुरहानपुर के साथ नेपानगर में भी पटवारियों ने तहसीलदार जगन्नाथ वास्कले को ज्ञापन सौंपकर अपने बस्ते जमा किए। मप्र पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष राहुल सिंह तोमर ने कहा कि मांगों पर निर्णय नहीं होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के कारण जिले में राजस्व विभाग के कामकाज प्रभावित होने की संभावना है। नामांतरण, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित राजस्व से जुड़े अन्य कार्य प्रभावित हो सकते हैं। प्रशासन ने मामले में बातचीत का आश्वासन दिया है।

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत अगस्त में चार रोजगार शिविर आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अगस्त माह में चार रोजगार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार रोजगार शिविरों का आयोजन 7 अगस्त को सामु दायिक भवन केली (तहसील सेगांव), 14 अगस्त को सामु दायिक भवन जनपद पंचायत गोगांव, 21 अगस्त को ईको सेंटर फॉरेस्ट रेस्ट हाउस पीपल झोपा (तहसील भगवानपुरा) तथा 28 अगस्त को टंट्या मामा सामुदायिक भवन श्रीकंडवा में किया जाएगा। सभी शिविर प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होंगे। शिविरों में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा, शैक्षणिक अंकसूचियों की छायाप्रति, आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी एवं अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्र लाना होंगे।

## मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 आगामी 7 अगस्त 2026 से प्रारंभ होकर 3 जनवरी 2027 तक चलाया जाएगा।अभियान के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जनसंवाद के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग तथा लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित किया जाएगा। समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी चिन्हित क्षेत्रों का पूरे सप्ताह अनिवार्य रूप से भ्रमण एवं निरीक्षण करेंगे तथा शिकायतों एवं आवेदन-पत्रों का निराकरण कलेक्टर के भ्रमण के पूर्व सुनिश्चित करेंगे। शासन के निदेर्शानुसार प्रत्येक गुरुवार को चिन्हित ब्लॉक की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित आवेदन-पत्रों का डेटा फीड किया जाएगा। इसकी अगले शुक्रवार को प्रगति की समीक्षा कर जिलों की रैंकिंग तय की जाएगी।

आगामी 7 अगस्त शुक्रवार को अभियान के प्रथम साप्ताहिक भ्रमण के लिए जनपद पंचायत उज्जैन की ग्राम पंचायत खेमासा को चिन्हित किया गया है। समस्त विभागों के जिला प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विकासखंड उज्जैन के समस्त ग्रामों का ०७ अगस्त से पूर्व भ्रमण कर शिकायतों एवं आवेदन-पत्रों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक?टर कार्यालय द्वारा दिए गए हैं। प्रगति की समीक्षा कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा चिन्हित स्थान पर की जाएगी।अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से इन विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा—सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई की लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण, लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरण, भूमि संबंधी (नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा) लंबित प्रकरण, न्यायालयीन आदेशों के बावजूद राजस्व अभिलेखों में अमल न होने वाले प्रकरण, सभी पात्र किसानों की फार्मर आईडी निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण, समग्र आईडी की ई-केवाईसी एवं आधार कार्ड निर्माण/अपडेशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को आवास उपलब्धता, जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल एवं टंकी निर्माण की स्थिति, आंगनवाड़ी निरीक्षण एवं बच्चों के वजन-ऊँचाई मापन, स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, दवाइयाँ एवं उपकरणों की उपलब्धता, स्कूल-कॉलेज में उपस्थिति एवं शिक्षा की गुणवत्ता, खाद-बीज एवं अन्य आदानों की उपलब्धता, राशन दुकानों का निरीक्षण एवं जन फीडबैक, सड़क-तालाब-अमृत सरोवर-कुआँ आदि शासकीय परिसंपत्तियों का निरीक्षण, किया जाएगा।

## ग्राम चावंड में निर्मित अमृत सरोवर 35 किसानों के लिए बना वरदान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

जनपद पंचायत खाचरौद के ग्राम पंचायत चावण्ड में जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास को मजबूती देने के उद्देश्य से मनरेगा योजना के अंतर्गत अमृत सरोवर का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य की स्वीकृत राशि 38.71 लाख रुपये थी, जबकि वास्तविक व्यय 37.09 लाख रुपये रहा।विगत कई वर्षों से इस क्षेत्र में वर्षा का पानी बिना उपयोग के बहकर व्यर्थ चला जाता था। गर्मी के मौसम में किसानों और ग्रामीणों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ता था। अब इस अमृत सरोवर के निर्माण से स्थिति में उल्लेखनीय बदलाव आया है। सरोवर की जल संरक्षण क्षमता 32 हजार घन मीटर है, जिससे आस-पास के लगभग 35 किसानों की फसलों की सिंचाई सुनिश्चित हो सकेगी।ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से अमृत सरोवर की मांग की जा रही थी। ग्राम पंचायत ने इस मांग को स्वीकार करते हुए मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रस्ताव स्वीकृत कराया और वर्ष 2026 में इसे भौतिक रूप से पूर्ण कर दिया गया। सरोवर बनने के बाद अब वर्षा जल का प्रभावी संग्रहण संभव हो सका है, जिससे गाँव में जल उपलब्धता में स्पष्ट सुधार हुआ है।इस सरोवर से भूजल स्तर में वृद्धि होगी। कुओं एवं हैंडपंपों में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी। किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी मिलने से फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और उनकी अतिरिक्त आय सुनिश्चित होगी।

## युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 5 अगस्त को घट्टिया में होगा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 5 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्व. श्री नानूलालजी मालवीय शासकीय महाविद्यालय परिसर, घट्टिया में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में पीएस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड, आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस, प्रतिभा स्वराज प्राइवेट लिमिटेड, बेस्ट लाइफस्टाइल अपैरल प्राइवेट लिमिटेड, बीजेए एग्रो बायोकेयर प्राइवेट लिमिटेड, कृषि दर्पण एग्रो प्राइवेट लिमिटेड, स्वातंत्र माइक्रोफिन लिमिटेड तथा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इन कंपनियों द्वारा 350 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।, मेले में सेल्स एग्जीक्यूटिव, टेक्नीशियन, ट्रेनर, टीम लीडर, बैंक ऑफिस स्टाफ, सुरक्षा गार्ड, ऑपरेटर, हेल्पर, ऑफिस बॉय सहित विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लेकर योग्य अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों के लिए हेल्पर एवं ऑपरेटर पदों पर विशेष भर्ती के अवसर भी उपलब्ध रहेंगे। 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने 5वीं से लेकर स्नातकोत्तर तक किसी भी विषय में शिक्षा प्राप्त की है अथवा तकनीकी योग्यता रखते हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

आमजन को त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित जिले के सभी थाना परिसरों में एक साथ आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं।

पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, आपसी लेनदेन, लड़ाई-झगड़ा, महिला संबंधी मामलों से संबंधित कुल ०५ शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल ने सभी प्रकरणों का गंभीरता से परीक्षण किया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से दूरभाष पर चर्चा कर प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं विधिसम्मत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पूर्व में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी एवं निष्पक्ष निराकरण किया जाए।

## सीईओ जिला पंचायत ने 146 आवेदनों पर जनसुनवाई की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

मंगलवार को कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट द्वारा प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में 146 विभिन्न आवेदनों पर जनसुनवाई की गई। माकड़ौन निवासी मानीबाई पति नारायण जी ने पैतृक जमीन के संबंध में फौती नामांतरण किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार माकड़ौन को आवेदन का निराकरण करने एवं उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।उज्जैन निवासी सुदीप व्यास ने हरसिद्धि विहार कॉलोनी के समीप देवास रोड पर स्थित डिवाइडर पर आवागमन के लिए कट मार्ग बनाए जाने का आवेदन दिया, जिस पर ईई, पीडब्ल्यूडी को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उज्जैन निवासी रमजान खान द्वारा उनकी पत्नी (जो कि शिक्षा विभाग में कार्यरत थीं) के निधन के उपरांत ग्रेच्युटी राशि के भुगतान के संबंध में आवेदन दिया गया। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।तराना निवासी सौरमबाई ने उनके स्वामित्व की कृषि भूमि का सीमांकन किए जाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर जन सुनवाई करते हुए एसडीएम तराना को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।इसी प्रकार एडीएम अत्येन्द्र सिंह गुर्जर एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों, प्रकरणों पर जनसुनवाई की गई ।

## शिक्षकों को बाल अधिकार एवं संरक्षण की दी जानकारी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

जनजातीय कार्य विभाग बड़वानी के सभा हॉल में पहल जन सहयोग विकास संस्थान द्वारा संचालित कवच बाल संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय मीना मंच सशक्तिकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में मीना मंच को प्रभावी बनाकर बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान तथा उन्हें आवश्यक संरक्षण एवं शासकीय सेवाओं से जोड़ने हेतु शिक्षकों की क्षमता का विकास करना रहा। प्रशिक्षण में चयनित विद्यालयों के १५ शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से श्री मांगीलाल यादव एव अधीक्षकं श्री संतोष पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मास्टर ट्रेनर श्री सुरेश वस्कले ने संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार अभिसमय के अंतर्गत बच्चों के चार मूल अधिकार, जीवन का अधिकार, विकास का अधिकार, संरक्षण का अधिकार तथा सहभागिता का अधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य और सहभागिता का अधिकार प्राप्त है। इसके साथ ही बाल श्रम उन्मूलन, बाल विवाह रोकथाम, ड्रॉपआउट बच्चों के पुनः नामांकन तथा जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान व त्वरित हस्तक्षेप पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## अधिकारियों ने निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूणिजा का संयुक्त निरीक्षण किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन,

निमार्णाधीन स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री ब्रजेश त्रिपाठी द्वारा मंगलवार को विकासखंड बड़नगर अंतर्गत निमार्णाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूणिजा एवं उप स्वास्थ्य केंद्र रुणिजा का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, निर्माण कार्य की प्रगति तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने टीकाकरण कार्यक्रम, विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, दस्तक अभियान, हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं नियमित फॉलोअप, प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, डिलीवरी ऑपरेशन तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए।

क्षेत्र की सभी गर्भवती महिलाएं एवं सभी बच्चों का राष्ट्रीय टीकाकरण प्रोटोकॉल के अनुसार शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कर कोई भी पात्र हितग्राही टीकाकरण से वंचित न रहे तथा नियमित मॉनिटरिंग एवं घर-घर संपर्क के माध्यम से शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करें। १ से ७ अगस्त तक चल रहे विश्व स्तनपान सप्ताह के संबंध में प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था एवं आंगनवाड़ी केंद्र पर जन जागरूकता गतिविधियां प्रभावी ढंग से संचालित की जाएं। गर्भवती एवं प्रसूता माताओं को जन्म के प्रथम घंटे में स्तनपान प्रारंभ कराने, पहले छह माह तक केवल माँ का दूध पिलाने तथा दो वर्ष या उससे अधिक आयु तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान जारी रखने के संबंध में निरंतर परामर्श दिए जाने के निर्देश दिए गए।संयुक्त निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दस्तक अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की तथा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक घर तक पहुंचकर बच्चों की स्क्रीनिंग, कुपोषण की पहचान, एनीमिया, जन्मजात विकृतियों, गंभीर बीमारियों एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान कर आवश्यक उपचार एवं रेफरल सुनिश्चित कर अभियान का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया गया। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची का नियमित अद्यतन, समय पर जांच, आवश्यक रेफरल एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से प्रत्येक गर्भवती महिला की सतत निगरानी एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया गया।

## न्यूज -कॉलम

## लाल-नीली बत्ती और हूटर लगे वाहनों से वसूला जुर्माना



**उज्जैन।** यातायात पुलिस द्वारा अनाधिकृत तरीके से वाहनों पर लाल-नीली बत्ती लगाने के साथ हूटर लगाकर वाहन दौड़ने वाले चालकों के खिलाफ 1 से 10 अगस्त विशेष चालानी अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर सूबेदार इंद्रपालसिंह के नेतृत्व में कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान अनाधिकृत रूप से लाल-नीली पुलिस जैसी फ्लैशर लाइट लगाकर वाहन चलाने वाले से मोटरयान अधिनियम की धारा 108 में 3 हजार का चालान कर शुल्क वसूला गया। शासकीय स्टिकर/मोनोग्राम का उपयोग करने वाले वाहनों के खिलाफ धारा 114 में 500 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई। वहीं वाहन के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगी होने पर धारा 100 के अंतर्गत 500 का जुर्माना वसूला गया और वाहन चालकों को हिदायत दी गई कि अनाधिकृत रूप से वाहनों में इस तरह से हूटर, लाल-नीली फ्लैशर लाइट, शासकीय स्टिकर और ब्लैक फिल्म का उपयोग नहीं किया जाये। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों से अपील की गई कि अनाधिकृत उपकरण और शासकीय प्रतिको का उपयोग करने पर यातायात नियमों को उल्लंघन माना जायेगा और वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

## कार में लगा जीपीएस बंद करने पर मारा चाकू

**उज्जैन।** मक्सीरोड पंवासा में रहने वाले सुमीत पिता मुकेश मालवीय 22 साल को सोमवार-मंगलवार रात माधवनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 8 के बाहर विक्की राठौर और उसके एक साथी ने चाकू मारकर घायल कर दिया। चाकूबाजी की खबर मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस लोटि तिराहा रेलवे स्टेशन पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां बयान दर्ज करने पर सामने आया कि सुमीत पूर्व में विक्की राठौर की कार चलाता था। उस वक्त कार का जीपीएस सिस्टम बंद किया था। जिसको लेकर कहासुनी हुई थी, उसके बाद काम छोड दिया था। जीपीएस बंद करने की पुरानी बात को लेकर ही उसने चाकू से हमला किया है। मामले में घायल की शिकायत पर विक्की राठौर और उसके 2 साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार विक्की राठौर खुद को धार्मिक संगठन का कार्यकर्ता बताता है। मंगलवार सुबह वह 2 साथियों को लेकर थाने आया था और रात में हुई घटना में साथियों के घायल होने की शिकायत दर्ज कराने की बात कहने लगा। फिलहाल उसके घायल साथियों के संबंध में जांच की जा रही है। प्रथमदृष्टता साथियों के घायल होने का मामला झूठा प्रतीत हो रहा है।

## माकड़ोन में 65 साल के वृद्ध पर लाठी से हमला

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम खज्जूखेडी से मंगलवार शाम गंभीर घायल हालत में 65 साल के वृद्ध नारायण पिता लालसिंह को परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वृद्ध के सिर में चोंट लगी थी और हाथ में फैक्चर था। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। घायल नारायण ने बताया कि उस पर गांव में रहने वाले गट्टूसिंह ने लाठी से हमला किया है। वह घर से कीटनाशक की टंकी उठाकर ले जा रहा था, जिसे मना किया तो उसने हमला कर जान से मारने की धमकी दी। वृद्ध के साथ मारपीट का एक मामला तराना थाना क्षेत्र के हाटबाजार से सामनेआया। 60 वर्षीय विरेन्द्र पिता लल्लूसिंह बघेल निासी तोतला मार्ग तराना पैदल घर लौट रहे थे। हाटबाजार में 2 अज्ञात युवकों ने रोका और बेवजह मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। तराना पुलिस ने मारपीट करने वाले अज्ञात युवकों की तलाश कर रही है।

## बदमाशों ने चुराई बाड़े में बंधी मुर्रा प्रजाति की भैंस

**उज्जैन।** ग्रामीण क्षेत्रों में मुर्रा प्रजाति की भैंस चोरी करने वाले बदमाश सक्रिय दिखाई दे रही है। नया मामला भैरवगढ़ थाना पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस ने जितेन्द्र पिता रामलाल मालवीय की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ 80 हजार रूपये कीमत की भैंस चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा बदमाशों का पता लगाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने का प्रयास किया जा रहा है। विदित हो कि ग्रामीण क्षेत्रों से पहले भी मुर्रा प्रजाति की भैंस चोरी के मामले सामने आ चुके है। पुलिस ने बदमाशों का गिरफ्तार भी किया है, बावजूद भैंस चोरी की वारदात कम नहीं हो रही है। बताया जाता है कि मुर्रा भैंस 80 हजार रूपये से लेकर लाखों कीमत की आती है। जो प्रतिदिन आम भैंसों के मुकाबले कई गुना अधिक दूध देती है। यही वजह है कि बदमाश मुर्रा भैंस चोरी कर दूसरे शहरों में बेच देते है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 114-6 | 780-5 |
| मेन बाजार | 100-1 | 289-9 |
| कल्याण नाइट | 499-2 | 137-1 |
| मिलन डे | 248-4 | 133-7 |
| मिलन नाइट | 380-1 | 470-1 |
| मधुर डे | 130-4 | 333-9 |
| मधुर नाइट | 288-8 | 368-7 |
| शुभांक | 3 4 | 6 |

### धार्मिक नगरी में आई थी हरियाणा-राजस्थान की गैंग...

# सावन में भीड़ के बीच वारदात करने का था मकसद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





बाबा महाकाल की नगरी धार्मिक नगरी में सावन माह की शुरूआत होने पर प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे है। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रही है। इसी का फायदा उठाकर वारदात करने के मकसद से हरियाणा-राजस्थान गैंग उज्जैन आई थी। पुलिस ने गैंग के 19 महिला-पुरूष सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि सावन माह में श्रद्धालुओं के साथ मंदिर के आसपास और सवारी के दौरान वारदात होने की पूर्व से आशंका थी, जिसके चलते पुलिस संदिग्धों पर पहले से नजर रख रही थी, पुलिस की टीमें सुरक्षा-व्यवस्था पूरी तरह से अलर्ट पर थी। सोमवार को बाबा महाकाल की पहली सवारी निकाली गई थी, इसी बीच मंदिर क्षेत्र के 3 अलग-अलग स्थानों से सूचना मिलने पर दबिश देकर राजस्थान-हरियाणा से आई बदमाशों की गैंग के 19 सदस्यों को पकडा गया। जिसमें महिलाएं भी शामिल है। गैंग के पास से चोरी में प्रयुक्त होने वाले औजारों के साथ चाबियों के गुच्छे भी बरामद किये गये है। गैंग से पूछताछ में सामने आया कि उनका मकसद श्रद्धालुओं की भीड में मोबाइल, चेन, पर्स चोरी करने के साथ रात में सूने मकानों के ताले तोडकर वारदात करने का था। थाना प्रभारी के अनुसार हिरासत में आये 19 आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 313 बीएनएस और 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल था, जिसे नोटिस तामिल कराकर छोडा गया है। शेष को जेल भेज कर गैंग के 6 पुरूषों से पूछताछ की जा रही है। जिन्हे बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

### गौंड बस्ती, नृसिंहघाट से पक?ाई महिलाएं

थाना प्रभारी बादल ने बताया कि सबसे पहले सूचना मिलने पर 6 महिलाओं को गौंड बस्ती और नृसिंहघाट कालोनी के पास से घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिनका मकसद रात को मकानों में चोरी करना और दिन में भीड के बीच पर्स, मोबाइल और चेन चुराने का था। पूछताछ में महिलाओं के नाम गुड्डीबाई पति रमेश माली, रेखा उर्फ सोनिया पति राजकुमार माली, नीतूबाई पति पप्पू माली, नरेशबाई पति रविन्द्र उर्फ राजू माली, सोनिया पति खन्ना माली, निवासी इकरन, जिला भरतपुर (राजस्थान) और सपना पति राजेन्द्र सैनी निवासी ग्राम तिकतोली छोटी खुर्द जिला मुरैना सामने आये।

### दूसरी गैंग स्मार्ट पार्किंग के पास धराई

पुलिस की टीम ने वारदात की नियत से घूम रही दूसरी गैंग को स्मार्ट पार्किंग क्षेत्र से पकड़ा जिसमें सूरज पिता बंशी बावरी, निवासी कोटा (राजस्थान), सूरज पिता रमेश कुमार बावरी भटिंडा (पंजाब), मुकेश पिता डेनियल भुरिया, अनिल पिता बिलसन सारे, निवासी भोपाल बिरपाल पिता विजेन्द्र ठाकुर भरतपुर (राजस्थान) और सुरेश पिता रमेश जाटव, निवासी कोटपुतली (राजस्थान) शामिल थे। जिनके पास से चाकू-तलवार, प्लायर, चाबी के गुच्छे बरामद किये गये।

### हरियाणा की गैंग में शामिल थे 7 आरोपी

थाना प्रभारी के अनुसार चोरी के मकसद से आये तीसरी गैंग के 7 सदस्य महाकाल मंदिर के आसपास वारदात की नियत से घूम रहे थे। जिन्हे हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो उनके नाम रामवीर पिता दंदवा, रईस पिता रमजान खान, सतीश पिता फूलसिंह, बलिया पिता मजहर, अरमान पिता सलीम, अफजल पिता शेरू और शरीफ पिता रमजान निवासी फरीदाबाद, पलवल हरियाणा है।

# मकान सूचना देख बदमाशों ने किया चोरी का प्रयास


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मकानों-दुकानों में चोरी करने वाले बदमाश लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे है। सोमवार-मंगलवार रात एक मकान में बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया, कीमती सामान के लिये पूरा घर अस्त-व्यस्त कर दिया। लेकिन उनके हाथ कुछ खास नहीं लग पाया।

मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के इंदिरानगर का है। यहां रहने वाली अनिता पति श्रीजी एलआईसी एजेंट है। मंगलवार सुबह उन्होने पुलिस को मकान का ताला टूटा और सामान अस्त-व्यस्त होने की सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर अनिता ने बताया कि रात में उनके घर में बदमाशों ने चोरी का प्रयास किया है। वह अपना मकान शिफ्ट कर रही है, अधिकांश कीमती सामान नये मकान में पहुंचा दिया था, रात में परिवार भी उसी मकान में था। पुराना मकान सूना होने पर बदमाशों ने ताला तोडा है। मकान में कुछ खास सामान नहीं था बदमाश सिर्फ जरूरी दस्तावेज लेकर गये है। पुलिस ने बदमाशों का पता लगाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये है। फिलहाल मामले में शिकायत दर्ज नहीं की गई है। विदित हो कि 2 दिन पहले नानाखेडा थाना क्षेत्र के कृष्णा परिसर में चोरों ने धावा बोला था और जयपुर गये सोनी परिवार के मकान से आभूषणों के साथ नगदी चोरी कर ली थी। वहीं पास के 2 मकानों के ताले भी तोडे थे। नानाखेडा थाना पुलिस को चार बदमाशों के फुटेज भी मिले है। जिसके आधार पर उनका पता लगाया जा रहा है। पिछले माह शहर के पॉश फ्रीगंज क्षेत्र में बदमाशों ने 2 दुकानों के शटर उचाकर 1 करोड से अधिक के मोबाइल चोरी कर लिये थे, जिसका अब तक सुराग नहीं मिल पाया है।

# रिमांड पर हरसिद्धी मंदिर के पास से चेन चुराने वाली



**उज्जैन।** सावन माह के पहले सोमवार पर हरसिद्धी मंदिर के पास से चार महिलाओं के गले से चेन-मंगलसूत्र चोरी हो गये थे। चोरी में शामिल एक महिला को लोगों की मदद से पकडा गया था, जिसे मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया है।

बाबा महाकाल के दर्शन करने सोमवार को 7 लाख से अधिक श्रद्धालु धार्मिक नगरी में आये थे। आस्था की भीड में बदमाश भी शामिल थे। हरसिद्धी मंदिर के पास सुबह के समय चार महिला श्रद्धालु अनिता पति घनश्याम, आरती पति अजय निवासी रतलाम, कमलाबाई राजस्थान और मुम्बई से आई सीजी पति मुरली के गले से दो तोला वजनी चेन खींच चोरी हो गई थी। तीन वारदात में चेन चोरी करने वाले सफल हो गये थे, लेकिन चौथी वारदात करते समय मुम्बई की महिला श्रद्धालु ने अपने पति और लोगों की मदद से चेन चोरी कर भाग रही महिला को पकड लिया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में चेन चुराने वाली का नाम अमरी पति सुरेश बाछडा 40 साल निवासी ग्राम हाडी पिपलिया थाना मनासा जिला नीमच सामने आया था। पुलिस ने उससे चेन में लगा पैंडल बरामद किया था। महिला ने बताया कि चोरी के बाद चेन उसने महिला साथी को दे दिया था। पुलिस ने उसके खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से 1 दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। एसआई नेहा जादौन ने बताया कि महिला आरोपिया से उसकी महिला साथी के बारे में पूछताछ की जा रही है। वहीं अन्य 3 वारदतों में शामिल महिलाओं के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। विदित हो कि सोमवार को चार से पांच वारदात महाकाल थाना क्षेत्र और 2 चेन मंगलसूत्र चोरी के मामले में खाराकुआ थाना क्षेत्र में सामने आये थे।

## रेलवे ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर डिजिटल यात्रा सहायता कियोस्क लगाया



**मालीगांव।** यात्री सुविधा को डिजिटल नवाचार के माध्यम से बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर डिजिटल यात्रा सहायता कियोस्क नेटवर्क का उद्घाटन किया। रूप में यह ब्रांडेडपहल एनएफआर में अपनी तरह की पहली परियोजना है और इसे न्यू इनोवेटिव नॉन-फेयर रेवेन्यू आइडियाज़ स्कीम (एनआईएनएफआरआईएस) के तहत शुरू किया गया है। डिजिटल यात्रा सहायता कियोस्क नेटवर्क का उद्घाटन 3 अगस्त, 2026 को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव ने प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री नीरज सहाय और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस पहल के तहत, यात्रा सहायता एवं डिजिटल बुकिंग सेवाओं की तलाश कर रहे यात्रियों के लिए आसान पहुँच सुनिश्चित करने के लिए गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर रणनीतिक रूप से डिजिटल कियोस्क स्थापित किए गए हैंऔर कामाख्या रेलवे स्टेशन पर भी अतिरिक्त कियोस्क लगाए जाने की योजना है। एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो यात्रियों को इंटरैक्टिव कियोस्क के माध्यम से यात्रा से जुड़ी कई प्रकार की सेवाओं की आसानी से तुलना करने और उसे बुक करने की सुविधा प्रदान करता है।

## प्रेम विवाह करने वाले युवक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** प्रेम विवाह करने वाले युवक ने 3 माह बाद मंगलवार सुबह फांसी लगा ली। युवक पत्नी के साथ मजदूरी करने उज्जैन आया था। मामला पति-पत्नी के विवाद का सामने आ रहा है। पति को फंदे पर लटका देख पत्नी बेहोश हो गई थी।

नागझिरी थाना एसआई रामप्रसाद वेद ने बताया कि सुबह ग्राम शक्करवासा स्थित रवि एम्प्रो प्लांट स्थित टीनशेड के बने कमरे में दिनेश पिता पारू 21 साल द्वारा दुपट्टे के फंदे से फांसी लगाने की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। विवेचना में सामने आया कि दिनेश मेघनगर झाबुआ का रहने वाला था और प्लांट पर मजदूरी करने पत्नी शीला के साथ आया हुआ था। पत्नी सुबह खाना बनाने के लिये लकडी बीने गई थी, वापस लौटी तो पति को फंदे पर लटका देख बेहोश हो गई थी। मामले की सूचना दिनेश के परिजनों को दी गई। दोपहर में परिजन उज्जैन पहुंचे तो सामने आया कि दिनेश ने 3 माह पहले ही शीला से प्रेम विवाह किया था। दोनों का परिवार उनकी शादी से राजी था। शादी के बाद दोनों काम करने उज्जैन आ गये थे। वहीं पत्नी से पूछताछ में पता चला कि 2-3 दिनों से बात नहीं कर रहे थे। पुलिस ने आशंका जताई कि मामला पति-पत्नी के बीच विवाद का हो सकता है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। जिसे अंतिम संस्कार के लिये मेघनगर ले जाया गया है। परिजनों और पत्नी के बयान दर्ज कर आगे की जांच शुरू की जायेगी।

## दतिया उपचुनाव- कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर बड़नगर में जश्न



**बड़नगर।** दतिया उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह की ऐतिहासिक जीत की गूंज बड़नगर में भी सुनाई दी। इस शानदार जीत के उपलक्ष्य में पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों दुवारा गाँधी चौक पर भव्य जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने दतिया उपचुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह के समर्थन में चार दिनों तक सघन जनसंपर्क किया था। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ दतिया में डेरा डालकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की थी, जिसका सुखद परिणाम अब सामने आया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने इसे जनता की जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में किसानों और आमजन के साथ जो अत्याचार हो रहा है, यह जीत उसी का परिणाम है। जनता ने अपने वोट के माध्यम से सरकार को करारा जवाब दिया है। श्री मोरवाल ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में प्रदेश में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष नीलेश शर्मा, शहर सेवादल वनीषराज कटारिया, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल माली, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष करण राठौड़, अजा विभाग कांग्रेस शहर अध्यक्ष संजय ऊँटवाल, पूर्व जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष करण मोरवाल , पार्षद पति अमित जाट, फकीर मोहम्मद, एडवोकेट महेश विजयवर्गीय, राधेश्याम यादव, राधेश्याम सोनगरा, राहुल राठौड़, सद्दाम हुसैन, नौशाद अली, गुलाम हुसैन, सैफुद्दीन बादशाह, प्रमोद गदिया, जितेन्द्र काला और उमाशंकर मेहता आदि कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला लालू ने दी।

## महाकाल की सवारी में नारी शक्ति झांझ मंडली ने लहराया परचम

**उज्जैन।** महाकाल की प्रथम सवारी में चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली की बालिकाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया है। 45 बालिकाओं की इस टीम ने प्राचीन वेशभूषा धारण कर झांझ वादन के जरिए सनातन धर्म के संस्कारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पिछले 15 वर्षों से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत यह टीम सिर्फ उज्जैन में ही नहीं, बल्कि रतलाम, देवास, उन्हेल, राजगढ़ और राजस्थान के भीलवाड़ा, भिलाड़ा व बूंदी जैसे शहरों में भी अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है। सनातन धर्म के संरक्षण के साथ-साथ बेटियों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा के अलावा आत्मरक्षा में भी निपुण किया जा रहा है। कोच पूजा के नेतृत्व में बालिकाओं को लाठी, तलवार, कराटे और मिक्स मार्शल आर्ट का यह विशेष प्रशिक्षण एक्सीलेंट डिफेंस मार्शल आर्ट एकेडमी और नारी शक्ति बाल शारदा ध्यान शाला समिति के माध्यम से सिखाया जाता है, ताकि बेटियां सामान्य कामकाज के साथ अपनी रक्षा स्वयं कर सकें।

## गंभीर बनने की जरूरत



उथले होने का मतलब क्या है? मूलतः इसका तात्पर्य है, दूसरे पर निर्भर होना। किसी उत्तेजना, किसी चुनौती पर अवलंबित होना; मानसिक रूप से किन्हीं मूल्यों, किन्हीं अनुभवों, किन्हीं स्मृतियों पर निर्भर होना। क्या यही सब उथलेपन के पीछे नहीं है? जब उत्साहित होने, सहारा पाने, अपनी ईमानदारी का भाव बरकरार रखने या खोए हुए एहसास को वापस लाने के वास्ते मेरे लिए कुछ धार्मिक अनुष्ठान करने जरूरी हो जाते हैं, तो क्या ये मुझे उथला नहीं बना देते?

परावलंबन की सारी प्रक्रिया स्वयं से पलायन की एक विधि है; अपने से बड़े तत्व से इस प्रकार का तादात्म्य, जो मैं हूं, उसका निषेध है। जो मैं हूं, उसका निषेध मैं नहीं कर सकता; जो भी मैं हूं, मुझे उसे समझना होगा, यह नहीं कि मैं ब्रह्मांड, ईश्वर, किसी विशेष राजनीतिक दल या अमुक से अपना तादात्म्य करने की कोशिशों में लगा रहूं। इस सबसे एक छिछली विचार-क्रिया ही उपजती है और वह ऐसी गतिविधि का कारण बनती है, जो सदा ही खुराफाती होती है। वह खुराफात वैश्विक स्तर पर हो या व्यक्तिगत स्तर पर। तो, पहली बात यह है कि क्या हमें एहसास है कि हम यह सब कर रहे हैं? नहीं है; हम तो इसे सही ठहराते रहते हैं। हम कहते हैं, यदि यह सब न करूं, तो करूं क्या? मेरा मन तो विक्षिप्त हो जाएगा। इस समय कम से कम मैं किसी बेहतर अवस्था के लिए जूझ तो रहा हूं।

जितना अधिक हम संघर्ष करते हैं, उतने ही अधिक उथले होते जाते हैं। हमें पहले इसी को समझना है। यही सबसे कठिन बातों में से एक है, यह देखना कि मैं क्या हूं; यह स्वीकार करना कि मैं मूर्ख हूं, छिछला हूं, संकुचित विचार वाला हूं, ईर्ष्यालु हूं। यदि मैं देख लूं कि मैं क्या हूं, यदि मुझे इसका एहसास हो जाए, तो वहां से आरंभ कर सकता हूं। निस्संदेह छिछला मन वह मन है, जो जो है से पलायन करता है; और पलायन न करने के लिए गहरी जांच-पड़ताल, जड़ता के निषेध की दरकार होती है।

जिस क्षण मैं यह जान लेता हूं कि मैं उथला हूं, उसी पल गहनता की एक प्रक्रिया आरंभ हो चुकी होती है। जब मन कहता है, ह्यमैं क्षुद्र हूं, और मैं गहराई से इसकी छानबीन करने वाला हूं, मैं इस सारी क्षुद्रता, संकुचित बना देने वाले इस प्रभाव को समझने वाला हूं, तब रूपांतरण की संभावना होती है; किंतु एक क्षुद्र मन, जो मानता हो कि वह क्षुद्र है और अध्ययन द्वारा, लोगों से मिलकर, यात्रा करके या किसी बंदर की तरह निरंतर क्रियाशील रहकर अपनी क्षुद्रता को दूर करने की कोशिश करता रहता है, ऐसा मन अब भी क्षुद्र मन ही होता है। वास्तविक क्रांति तभी संभव है, जब हम इस समस्या का समाधान करेंगे।



**सम्पादकीय**

# उपचुनाव का संदेश

देश में महज तीन विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव हुए, पर इनकी चर्चा देशव्यापी रही है। विशेष रूप से बिहार में बांकीपुर सीट और मध्य प्रदेश में दतिया सीट की चर्चा स्वाभाविक है। गुजरात में स्थित तीसरी सीट मंजलपुर भी महत्वपूर्ण थी। अपनी इन तीन सीटों में से केवल एक मंजलपुर को ही भाजपा बचा पाई है। मंजलपुर सीट से भाजपा नेता और पूर्व मंत्री योगेश पटेल विधायक हुआ करते थे। उनके निधन के बाद यहां उपचुनाव हुए हैं और भाजपा को फिर बड़ी जीत हासिल हुई है। इससे पता चलता है कि गुजरात अभी भी भाजपा का गढ़ है और यहां उसे हराना आसान नहीं है। हालांकि, ताजा मतदान के आंकड़े बताते हैं, मंजलपुर में भाजपा पहले जैसी मजबूत नहीं है। यहां जीत-हार का अंतर बहुत घट गया है। अतः भाजपा के कर्णधारों को गंभीरता से विचार करना होगा। क्या कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के बाद भाजपा की आभा घट रही है? दतिया में जहां कांग्रेस विजयी हुई है, वहीं बांकीपुर में जन सुराज के हाथ में जीत आई है। जैसे बांकीपुर भाजपा का गढ़ रहा है, ठीक वैसे ही दतिया में भी भाजपा मजबूत रही थी, लेकिन वक्त बदले, तो समीकरण बदलने में वक्त नहीं लगता है।

भाजपा अपने प्रदर्शन पर अवश्य विचार करेगी। जिन दो सीटों पर भाजपा जीत नहीं पाई है, वहां भाजपा के बीच भी खींचतान की स्थिति देखी गई है। दतिया में भाजपा के नेता एवं पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा चुनावी टिकट के प्रत्याशी थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें निराश कर दिया। क्या भाजपा में जरूरत से ज्यादा आत्मविश्वास का समावेश होने लगा है? क्या वह अब जमीनी तथ्यों और तर्कों को समझ नहीं पा रही है? अपने मुखर बयानों की वजह से नरोत्तम मिश्रा अक्सर समाचारों में नजर आए थे, ये बयान शायद भाजपा के मतदाताओं को अच्छे नहीं लगे थे। नरोत्तम मिश्रा पिछला आम चुनाव क्यों हार गए थे, इसकी भी समीक्षा ढंग से नहीं हुई है। इस बार जब चुनावी टिकट नहीं मिला, तब नरोत्तम मिश्रा अपने रोष को छिपा नहीं सके। शायद इससे भी दतिया में भाजपा को नुकसान हुआ है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के लिए भी ये उपचुनाव खास मायने रखते हैं। बिहार की बांकीपुर सीट से नितिन नवीन ही जीतते रहे हैं और अब अगर यहां उनकी पार्टी को हार हासिल हुई है, तो नए राजनीतिक आरोपों का तेज होना तय है। बिहार की राजनीति और नेतृत्व के लिए भी चुनौतियां बढ़ेंगी।

**बेहतर व्यवस्था बनवाने की जिम्मेदार**

# प्रतिपक्ष : लोकतंत्र की अंतरात्मा और राष्ट्रधर्म की कसौटी





स्नेहलता श्रीवास्ताव
(दैनिक अवन्तिका)

किसी भी सशक्त लोकतंत्र की जीवंतता का आकलन केवल उसकी चुनावी प्रक्रियाओं से नहीं, वरन् इस बात से किया जाता है कि वहाँ प्रतिपक्ष कितना सजग, प्रखर और उत्तरदायी है। लोकतंत्र में सत्ता और प्रतिपक्ष विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक तत्व हैं। यदि सत्ता व्यवस्था का मस्तिष्क है, तो प्रतिपक्ष उसकी अंतरात्मा है, जो उसे निरंतर जनभावनाओं, नैतिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादाओं का स्मरण कराती रहती है। भारत जैसे विशाल, बहुभाषी, बहुसांस्कृतिक और बहुविचारधारात्मक राष्ट्र में प्रतिपक्ष केवल राजनीतिक दलों का समूह नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक चेतना का वह स्वर है जो सुनिश्चित करता है कि शासन जनता से विमुख न हो जाए।

लोकतंत्र का इतिहास बताता है कि निरंकुशता का जन्म केवल शक्तिशाली शासकों से नहीं, कभी कमजोर प्रतिपक्ष से भी होता है। मनोविज्ञान के अनुसार सत्ता कई बार पुष्टि पूर्वाग्रह का शिकार हो जाती है और अपने निर्णयों को अंतिम सत्य मानने लगती है। ऐसे समय में प्रतिपक्ष एक आलोचनात्मक दर्पण की भूमिका निभाता है। उसका उद्देश्य शासन को अपमानित करना न होकर उसे आत्ममंथन और आत्मसुधार के लिए प्रेरित करना होता है। भारतीय दार्शनिक परंपरा के ह्यनेति-नेतिह्न भाव की तरह वह निरंतर प्रश्न उठाकर शासन को अधिक उत्तरदायी और संवेदनशील बनाने का कार्य करता है।

भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जब प्रतिपक्ष ने लोकतंत्र को नई दिशा दी। . राममनोहर लोहिया ने सीमित संसदीय संख्या के बावजूद अपने तार्किक और जनोन्मुख हस्तक्षेपों से सत्ता को चुनौती दी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने वैचारिक विमर्श को समृद्ध किया। अटल बिहारी वाजपेयी विपक्ष में रहते हुए भी राष्ट्रीय हितों पर ऐसी परिपक्वता का परिचय देते थे कि उनके वक्तव्य दलगत सीमाओं से ऊपर उठ जाते थे। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि प्रतिपक्ष की शक्ति उसके संख्याबल में नहीं, बल्कि उसकी वैचारिक स्पष्टता, नैतिक विश्वसनीयता और जनविश्वास में निहित होती है।

वर्तमान समय में प्रतिपक्ष की भूमिका को लेकर अनेक प्रश्न भी उठ रहे हैं। जनमानस का एक वर्ग यह अनुभव करता है कि सत्ता-विरोध की तीव्रता में कभी-कभी राष्ट्रहित और दलगत हित के बीच की सूक्ष्म रेखा धुंधली पड़ जाती है। लोकतंत्र में सरकार की आलोचना आवश्यक है, क्योंकि वही शासन को उत्तरदायी बनाती है; परंतु आलोचना और अवमानना के बीच भी एक मर्यादा होती है। जब विरोध केवल विरोध के लिए होने लगे और हर राष्ट्रीय उपलब्धि को संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगे, तब जनता के मन में प्रतिपक्ष की भूमिका को लेकर प्रश्न उठना स्वाभाविक है।

यह समझना आवश्यक है कि सरकार और राष्ट्र एक नहीं हैं। सरकारें बदलती रहती हैं, पर राष्ट्र स्थायी होता है।सरकार किसी दल या गठबंधन की हो सकती है, किंतु राष्ट्र उससे कहीं व्यापक और शाश्वत होता है।इसलिए सरकार की नीतियों का विरोध लोकतांत्रिक अधिकार है, किंतु राष्ट्र की गरिमा और प्रतिष्ठा को आघात पहुँचाना किसी भी उत्तरदायी राजनीतिक शक्ति का उद्देश्य नहीं हो सकता। इतिहास में ऐसे अनेक अवसर आए हैं जब विपक्ष ने सत्ता की तीखी आलोचना की, परंतु राष्ट्रीय हितों के प्रश्न पर वह सरकार के साथ खड़ा दिखाई दिया। यही लोकतांत्रिक परिपक्वता का परिचायक है।विशेषकर ऐसे समय में, जब भारत वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है, एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। ऐसे समय में राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और सामरिक हितों से जुड़े विषयों पर राजनीतिक दलों से अतिरिक्त जिम्मेदारी की अपेक्षा स्वाभाविक है। लोकतांत्रिक विमर्श में मतभेद हो सकते हैं, किंतु ऐसे मतभेद राष्ट्र की सामूहिक शक्ति को दुर्बल न करें, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है।

युवाओं के संदर्भ में भी प्रतिपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा केवल वोट बैंक नहीं, बल्कि राष्ट्र की भावी शक्ति हैं। सूचना-प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया के इस युग में भ्रामक सूचनाएँ और आधे-अधूरे आख्यान बहुत तेजी से फैलते हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों का दायित्व है कि वे युवाओं को केवल असंतोष का कारण न बताएं, बल्कि समाधान की दिशा भी दिखाएँ। लोकतंत्र में प्रश्न उठाना आवश्यक है, किंतु उससे भी अधिक आवश्यक है सकारात्मक विकल्प प्रस्तुत करना।

प्रतिपक्ष की वास्तविक शक्ति उसके नकार में नहीं, उसके विकल्प में निहित होती है। यदि बेरोजगारी, महँगाई, सामाजिक विषमता या प्रशासनिक अक्षमताएँ हैं, तो उनके समाधान का व्यावहारिक खाका प्रस्तुत करना ही उसकी सार्थकता सिद्ध करता है। जनता केवल विरोध नहीं, बल्कि बेहतर व्यवस्था की संभावना भी देखना चाहती है।

लोकतंत्र की सफलता सत्ता और प्रतिपक्ष दोनों की परिपक्वता पर निर्भर करती है।जिस प्रकार निरंकुश सत्ता लोकतंत्र के लिए खतरा है, उसी प्रकार दिशाहीन और अवसरवादी प्रतिपक्ष भी लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करता है। लोकतंत्र की सफलता इस बात में निहित है कि सत्ता विनम्र बनी रहे और प्रतिपक्ष जिम्मेदार। सत्ता को जहाँ अहंकार और निरंकुशता से बचना चाहिए, वहीं प्रतिपक्ष को भी राष्ट्रहित और दलगत राजनीति के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। ऐसा प्रतिपक्ष जो राष्ट्रनिष्ठ हो, तर्कसंगत हो, संवेदनशील हो और जनहित के प्रति प्रतिबद्ध हो, वही लोकतंत्र की वास्तविक अंतरात्मा बन सकता है। निस्संदेह, एक संयमित, दूरदर्शी और उत्तरदायी प्रतिपक्ष ही भारत के उज्ज्वल लोकतांत्रिक भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है।

## स्कूल की दीवार का काला फ्रेम

कस्बा शिवपुरी के प्राथमिक विद्यालय की तीसरी मंजिल के गलियारे में टँगा वह लकड़ी का काला फ्रेम पूरे गाँव के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ था। चमचमाते काँच के पीछे सफेद पन्ने पर सुनहरे अक्षरों में एक नाम उकेरा गया था जिसके नीचे हर महीने की पहली तारीख को बड़े साहब आकर लाल फूल की ताजा माला चढ़ा जाते थे। स्कूल में नए आए मास्टर जी जब भी उस फ्रेम के पास से गुजरते तो उन्हें एक अजीब सा सुकून और गर्व महसूस होता था कि इस दूर-दराज के छोटे से स्कूल ने देश को इतना बड़ा नाम दिया है। मास्टर जी अक्सर बरामदे में बच्चों को इकट्ठा कर-के उस काले फ्रेम की तरफ उँगली उठाकर कहते ₹बच्चों देखो और सीखो कि गरीबी और अभाव में भी जब कोई बच्चा हिम्मत नहीं हारता तो इतिहास के पन्नों पर अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखवा लेता है।₹ बच्चे अपनी बालसुलभ आँखों से उस सुनहरे नाम को ताकते और तालियाँ बजाने लगते थे। स्कूल के पुराने चपरासी भवानी काका उस दीवार के पास एक पुरानी चटाई बिछाकर दिन भर बैठे रहते थे। भवानी काका का काम सिर्फ उस काँच को अपने गमछे से पोंछकर शीशे की तरह चमकाए रखना था। जब भी कोई आगंतुक उस फ्रेम के बारे में पूछता तो भवानी काका अपनी सूखी आँखों से उस चमचमाती पट्टी को देखते और एक लंबी साँस भरकर खामोश हो जाते थे। महीने का पहला दिन स्कूल के लिए किसी उत्सव की तरह होता था जब जिले के शिक्षा अधिकारी अपनी चमचमाती लाल बत्ती वाली गाड़ी से उतरकर सीधे उस काले फ्रेम के सामने खड़े हो जाते थे। गाँव के सरपंच और मास्टर जी साहब की खातिरदारी में कोई कसर नहीं छोड़ते थे और चाय का दौर शुरू हो जाता था। अधिकारी साहब हर बार अपने भाषण में उस सुनहरे नाम का जिक्र करते हुए कहते यह काला फ्रेम हमारे पूरे जिले के लिए एक मिसाल है जिसने एक मामूली मजदूर के घर जन्म लेकर पूरी दुनिया में इस देश का डंका बजा दिया।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 05 अगस्त 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:03 सूर्यास्त 19:02
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तथि - सप्तमी 20:43 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - अश्विनी 21:17 उपरांत भरणी
योग - शूल 17:29 उपरांत गण्ड
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मेष में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 21 तारिख

**मेष-** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृषभ-** आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा।

**मिथुन-** यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क-** भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा।

**सिंह-** आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या-** बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा।

**तुला-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**वृश्चिक-** जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें।

**धनु-** बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी।


**मकर-** किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ-** किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें।

**मीन-** व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी।

**(व्यंग्य)**

## गिफ्ट की पैकिंग का महात्म्य



ओमप्रकाश चोरम
(दैनिक अवन्तिका)

आज के युग में किसी भी कार्यक्रम में बिना गिफ्ट पहुँचना वैसा ही अपराध माना जाता है, जैसे शादी में बिना बाराती के दूल्हा पहुँच जाए। लोग यह नहीं पूछते कि आप कैसे हैं, बल्कि पहले यह देखते हैं कि आपके हाथ में गिफ्ट है या नहीं। यदि हाथ खाली है तो समझिए आपकी सामाजिक साख भी खाली है।

गिफ्ट भी बड़ा लोकतांत्रिक प्राणी है। यह अमीर-गरीब सबके घर जाता है, बस उसके कपड़े अलग-अलग होते हैं। किसी का गिफ्ट साधारण कागज में लिपटा होता है तो किसी का ऐसा कि लगता है मानो अंदर कोहिनूर ही रखा हो।

आजकल गिफ्ट की असली कीमत उसके भीतर नहीं, उसके बाहर होती है। पाँच सौ रुपये का सामान और सात सौ रुपये की पैकिंग! रिबन ऐसा कि उसे खोलते-खोलते ही आदमी का धैर्य खुल जाए। ऊपर से रंग-बिरंगे कागज, चमकीली जाली, प्लास्टिक के फूल और शुभकामना का कार्ड-सब मिलाकर ऐसा भ्रम पैदा कर देते हैं कि लगता है जैसे किसी राजा का खजाना खुलने वाला है।

जब तक पैकिंग बंद रहती है, गिफ्ट की प्रतिष्ठा बनी रहती है। जैसे ही रिबन खुलता है, सेलोटेप हटती है और कागज उतरता है, भीतर से कभी स्टील का डिब्बा, कभी प्लास्टिक का मग, कभी दीवार घड़ी और कभी पिछले साल किसी और से मिला हुआ पुनर्चक्रित उपहार बाहर झाँकने लगता है। तब चेहरे पर मुस्कान और मन में प्रश्न साथ-साथ जन्म लेते हैं-इतनी मेहनत इस पर?

सबसे अधिक दुख तो उस पैकिंग का होता है, जिसे बनाने में कलाकार ने अपनी पूरी प्रतिभा उड़ेल दी थी। गिफ्ट निकालते ही वही पैकिंग अगले ही क्षण कूड़ेदान की शोभा बढ़ाने लगती है। अर्थात जिसका मूल्य सबसे अधिक था, उसका जीवन सबसे छोटा निकला।

कुछ लोग तो इतने अनुभवी होते हैं कि गिफ्ट को देखकर नहीं, उसकी पैकिंग देखकर ही अनुमान लगा लेते हैं-अंदर या तो कप होगा या फोटो फ्रेम! वर्षों का सामाजिक अनुभव उन्हें एक्स-रे मशीन बना देता है। अब तो गिफ्ट उद्योग का नया सिद्धांत है-अंदर चाहे भावनाएँ हल्की हों, बाहर की पैकिंग भारी होनी चाहिए। यही कारण है कि कई बार गिफ्ट खोलने के बाद लगता है कि असली उपहार तो वह रंगीन कागज और रिबन ही थे, भीतर रखी वस्तु तो केवल पैकिंग का बहाना थी।

लगता है आने वाले समय में दुकानदार बोर्ड लगा देंगे-सामान मुफ्त, पैकिंग के पैसे अलग। और ग्राहक भी गर्व से कहेगा-भाई साहब, अंदर कुछ भी रख दीजिए, बस पैकिंग ऐसी करिए कि खोलने से पहले ही लोग वाह-वाह कर उठें। आखिर आज के दौर में वस्तु नहीं, उसका प्रस्तुतीकरण बिकता है। गिफ्ट ने हमें जीवन का बड़ा दर्शन सिखा दिया है-कई बार दुनिया इंसान को नहीं, उसकी पैकिंग याने की पहनावे को देखकर ही उसका मूल्य तय कर देती है।

### एक अच्छी पहल

पेपर लीक मामले में काकरोच जनता पार्टी के आंदोलन और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद परीक्षा प्रणाली में सुधार के तहत प्रधानमंत्री द्वारा इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी के नेतृत्व में परीक्षा सुधार के लिए एक सशक्त कार्य बल गठित करने का जो फैसला लिया वह निःसंदेह स्वागत योग्य कदम है, नंदन नीलेकणी के नेतृत्व में गठित होने वाला कार्यबल निश्चित ही इस परीक्षा प्रणाली में शत प्रतिशत सुधार की दिशा में अग्रसर होगा यह सुनिश्चित है , नीलकेणी ने ही तकनीकी की मदद से देश में आधार एवं यूपीआइ को सशक्त माध्यम के द्वारा आज घर-घर पहुंचाकर देश के हर नागरिक को अपनी एक पहचान दिलाई। अब आगे परीक्षा प्रणाली में सुधार होने पर हर छात्र अपने आप को सुरक्षित और तनाव रहित महसूस करेगा। **-संजय डागा हातोद**

# सावन में व्रत के दिन कम समय में ऐसे बनाए फलहार



सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ को खुश करने के लिए व्रत रखे हैं। तो फलाहार में वहीं आलू या खीर ना खाएं बल्कि साबुदाने के बने ये पराठे ट्राई करें। जिसे बनाना ज्यादा मुश्किल नही है।

सावन का महीना शुरू हो चुका है। भोले नाथ के भक्त भगवान को खुश करने के लिए हर सोमवार को व्रत रहते हैं। और पूरे दिन फलाहार करते हैं। अक्सर व्रत में लोगों को साबुदाने की खिचड़ी या खीर खाना पसंद आता है लेकिन अगर आप फलाहार में कुछ अलग और फटाफट बनाना चाहते हैं तो साबुदाने के पराठे बना सकते हैं। ये काफी जल्दी बन जाते हैं और इसे दही या चटनी के साथ खाना अच्छा भी लगता है। तो चलिए जानें कैसे बनाएं साबुदाने के पराठे।

**साबुदाने के पराठे बनाने की सामग्री**

- भीगा हुआ साबुदाना आधा कप
- भुनी मूंगफली आधा कप
- उबले हुए मैश किए आलू दो
- बारीक कटी धनिया की पत्ती
- हरी मिर्ची बारीक कटी हुई
- काली मिर्च पाउडर
- सेंधा नमक
- देसी घी

**व्रत वाले पराठे बनाने की विधि**

- साबुदाने के पराठे बनाने के लिए सबसे पहले साबुदाने को भिगोकर रख दें। करीब दो से तीन घंटे बाद इसे अच्छे से छान लें।
- भुनी मूंगफली को ग्राइंडर में डालकर अच्छी तरह से पीस लें।
- अब बड़े बाउल में मूंगफली का पाउडर लें और इसमे भीगा हुआ साबुदाना मिलाएं। साथ में उबले मैश किए हुए आलू को लें। इसमे बारीक कटी हरी धनिया, हरी मिर्ची डालें। साथ में काली मिर्च और सेंधा नमक डाल दें।
- अच्छी तरह से मिक्स करते हुए इसे गुंथे हुए आटे का रूप दें।
- पार्चमेंट पेपर या बटर पेपर को चोकौर आकार में काट कर लें।
- इस पर हल्का सा देसी घी लगाएं।
- हाथों पर हल्का सा घी लगाकर लोई लें और इसे पेपर के ऊपर रखकर पेपर को मोड़कर ढंक दें।
- अब ढंके पेपर के ऊपर से हल्के हाथ से बेलन की सहायता से इसे बेल लें।
- तवे को गर्म करें और इस रोटी को पेपर से सीधे तवे पर डाल दें।
- हल्का सा घी लगाकर सुनहरा होने तक सेंक लेंगे। बस रेडी है टेस्टी साबुदाने के पराठें। इसे दही या चटनी के साथ खाएं। आप चाहें तो इसे ऐसे ही खा सकते हैं। ये काफी टेस्टी लगते हैं।

**धर्म-आस्था**

# दान और दक्षिणा में क्या है अंतर? दक्षिणा में कौन-सी वस्तुएँ देना मना है

दक्षिणा देने और दान करने की परंपरा सदियों पुरानी है। दोनों सुनने और समझने में भले थोड़े एक जैसे लगते हैं लेकिन दोनों के उद्देश्य में जमीन-आसमान का अंतर है। हिंदू धर्मग्रंथों में दक्षिणा को यज्ञ, पूजा और अनुष्ठान का अनिवार्य अंग माना गया है। वहीं दान भी जरूरतमंदों की सहायता और पुण्य प्राप्ति के लिए दिया जाता है। इस लेख में हम दक्षिणा देने के नियम और उससे जुड़ी वस्तुओं के बारे में जानेंगे लेकिन उससे पहले दान और दक्षिणा का अंतर थोड़ा ठीक से समझ लेते हैं। दान और दक्षिणा के बीच अंतर

'दक्षिणा' शब्द का अर्थ है - श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता के भाव से किसी योग्य व्यक्ति को दी गई भेंट। प्राचीन काल में यज्ञ संपन्न होने पर ऋषियों को दक्षिणा दी जाती थी। गुरुकुल परंपरा में शिक्षा पूरी होने के बाद शिष्य अपने गुरु को गुरु-दक्षिणा अर्पित करता था। इसका उद्देश्य केवल वस्तु देना नहीं, बल्कि ज्ञान और सेवा के प्रति आभार व्यक्त करना था। यह केवल धन देने की परंपरा नहीं, बल्कि गुरु और ब्राह्मण के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा का प्रतीक है। वहीं दान किसी जरूरतमंद, असहाय व्यक्ति को या सामाजिक हित के लिए दिया जाता है। दान करुणा और परोपकार का प्रतीक है।

**दक्षिणा देने के नियम**

शास्त्रों के अनुसार, दक्षिणा हमेशा हृदय से दी जानी चाहिए, केवल औपचारिकता से नहीं। दक्षिणा देते वक्त मन का भाव बहुत महत्व रखता है। श्रद्धा और प्रसन्नता से दी गई छोटी-सी दक्षिणा भी अत्यंत फलदायी मानी गई है। दक्षिणा हमेशा यज्ञ, पूजा या संस्कार पूर्ण होने पर दी जाती है। दक्षिणा उसी को दी जाती है, जो विद्वान हो, आचार्य हो या धर्म का ज्ञाता हो और जो धार्मिक आचरण, सदाचार और ज्ञान का पालन करता हो। योग्य पात्र को दी गई दक्षिणा का धार्मिक महत्व अधिक माना गया है। व्यक्ति को अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार ही दक्षिणा देनी चाहिए। शास्त्र कहीं भी यह नहीं कहते कि दक्षिणा केवल बड़ी राशि या मूल्यवान वस्तु ही होनी चाहिए।



**शुभ वस्तुएँ जो दक्षिणा में दी जाती हैं**

आधुनिक समय में दक्षिणा में सबसे अधिक धन दिया जाता है क्योंकि उसी की सबसे अधिक महत्ता है लेकिन प्राचीन समय में गाय और अन्न को सबसे श्रेष्ठ दक्षिणा माना जाता था। जो लोग अमीर होते हैं, वे अपने सामर्थ्य के अनुसार सोना और चाँदी भी दक्षिणा के अनुसार देते हैं। मान्यता है कि यह उन्हें समृद्धि और पुण्य की प्राप्ति प्रदान करता है। इसके अलावा ब्राह्मण को नए वस्त्र देना शुभ है। प्राचीन काल में भूमि दान को सर्वोच्च दक्षिणा माना गया। अगर कोई बहुत सामर्थ्यवान नहीं है, तो फल, गुड़, चना और तिल को भी सरल और पवित्र दक्षिणा के रूप में गिना गया है। कुछ वैदिक यज्ञों और विशेष धार्मिक अवसरों पर घी, तिल और गुड़ अर्पित करने की परंपरा भी मिलती है। इसके अलावा दक्षिणा के रूप में ग्रंथ और पुस्तकें देना भी शुभ है और इसे ज्ञान का प्रतीक माना गया है।

किन वस्तुओं को दक्षिणा में देने से बचना चाहिए?टूटे हुए बर्तन, खंडित मूर्तियाँ, फटे वस्त्र या क्षतिग्रस्त सामान दक्षिणा में देना अशुभ माना जाता है। धार्मिक अनुष्ठान के बाद दक्षिणा में पुराने या पहने हुए वस्त्र देने की परंपरा नहीं है। नए और स्वच्छ वस्त्र अधिक शुभ माने जाते हैं। यदि दक्षिणा में अन्न, फल या मिष्ठान दिया जा रहा हो, तो वह ताजा और शुद्ध होना चाहिए। बासी या खराब सामान दक्षिणा में नहीं देना चाहिए। धर्मशास्त्रों में कहा गया है कि अन्यायपूर्वक अर्जित धन या वस्तु से किया गया दान या दक्षिणा पुण्यदायी नहीं माना जाता। गंदी, अशुद्ध या पूजा के योग्य न मानी जाने वाली वस्तुएँ दक्षिणा में नहीं देनी चाहिए। ऐसी वस्तु जो प्राप्त करने वाले के लिए अनुपयोगी हो या जिससे उसका अपमान महसूस हो, उसे दक्षिणा के रूप में देने से बचना चाहिए। शास्त्रों में अहंकार, प्रसिद्धि या प्रदर्शन के लिए दी गई दक्षिणा को श्रेष्ठ नहीं माना गया।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकबन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,41,800 रवा- 1,41,600 चांदी- टंच- 2,21,500 पाट- 2,20,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर जश्न

**शुजालपुर।** दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की 6016 मतों से जीत पर शहर कांग्रेस कार्यकताओं ने शुजालपुर मंडी के टेम्पो चौराहे एवं काली माता मंदिर परिसर में आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी और जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए जीत पर खुशी जताई। कार्यक्रम में रामवीर सिंह सिकरवार, गजेन्द्र सिसोदिया, सागर परमार, अचल सिंह मेवाड़ा, अशोक परमार, जयंत सिकरवार, बल्ला सोनी, अशोक अग्रवाल, महेंद्र नाहर, राजू दरबार, रईस पठान, हसन रजा कुरैशी, चिराग परमार, विष्णु शर्मा, गौरव परमार, विक्रम सिंह, अरविंद सिंह देवड़ा, मनोहर जाटव, भोजराज परमार, बसंत गुप्ता, मुनीम खान, अनिल अग्रवाल, संजय बरेठा, अकरम खान, अनिल सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामाजिक समरसता एकता मंच ने किया सुंदरकांड पाठ



**शुजालपुर।** उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार के बीटीआई स्थित कार्यालय परिसर में सामाजिक समरसता एकता मंच की ओर से उनके कार्यालय परिसर में भक्ति भाव से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान श्रीहनुमान की आराधना की। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सुंदरकांड पाठ के समापन पर आरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान सामाजिक समरसता एवं धार्मिक एकता का संदेश भी दिया गया।

### दैनिक अवन्तिका की खबर का असर : धरती आबा योजना में 36 लाख की कथित हेराफेरी

# कोर्ट के आदेश पर एफआईआर 18 लाख रुपये के इन्सुलेटेड वाहन की जगह थमा दी 8 लाख की बोलेरो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



जिले में आदिवासी हितग्राहियों के लिए संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में हितग्राहियों के साथ हुई ठगी के मामले का खुलासा दैनिक अवन्तिका ने किया था। दैनिक अवन्तिका द्वारा किए गए खुलासे के बाद विशेष न्यायालय के आदेश पर अजाक थाना पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन और अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान मत्स्य विभाग और बैंक के जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका भी सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रकरण ग्राम शादीपुरा के आदिवासी युवक रोहित भिलाला और विकास भिलाला से जुड़ा है। दोनों का आरोप है कि उन्हें मत्स्य विभाग की 90 प्रतिशत अनुदान वाली योजना के तहत 18-18 लाख रुपये कीमत के इन्सुलेटेड मछली परिवहन वाहन दिलाने का झांसा दिया गया। आरोप है कि अनिल चन्द्रपाल, सीताराम चन्द्रपाल और इन्द्रसिंह गुर्जर ने स्वयं को विभाग से जुड़ा बताकर उनके दस्तावेज लिए, बैंक ऑफ बड़ौदा में खाते खुलवाए और छह-छह कोरे चेक पर हस्ताक्षर करा लिए।

परिवाद के अनुसार, 10 मार्च 2026 को दोनों हितग्राहियों के खातों में 18-18 लाख रुपये की सरकारी अनुदान राशि जमा हुई। अगले ही दिन कोरे चेकों का उपयोग कर पूरी राशि अलग-अलग निजी खातों में स्थानांतरित कर दी गई। इसके बाद राठी मोटर्स, शाजापुर के माध्यम से दोनों को लगभग 8-8 लाख रुपये कीमत की साधारण लोडिंग बोलेरो बिना बॉडी के दे दी गई। वाहन उपयोग योग्य बनाने के लिए दोनों भाइयों को अलग से करीब 1.50-1.50 लाख रुपये ब्याज पर उधार लेकर बॉडी बनवानी पड़ी।

दोनों हितग्राहियों का कहना है कि उन्हें पूरे मामले की जानकारी तब लगी, जब जनपद पंचायत और बाद में मत्स्य विभाग के पत्रों से पता चला कि शासन ने उनके नाम पर इन्सुलेटेड वाहन स्वीकृत किए थे। शिकायत कलेक्टर, एसपी और अजाक थाना में करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने विशेष न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

### शिकायत करने पर आरोपियों ने परिवार को दी धमकियां

परिवाद में यह भी आरोप लगाया गया है कि शिकायत करने पर आरोपियों ने परिवार को धमकियां दीं। साथ ही बैंक की सीसीटीवी फुटेज, मूल चेक, कॉल डिटेल और अन्य दस्तावेज जब्त कर जांच कराने की मांग की गई है। इस मामले में अभिभाषक मनीष दवे ने बताया हितग्राही रोहित भिलाला एवं विकास भिलाला दोनों निवासी ग्राम शादीपुरा को मत्स्य विभाग के माध्यम से 18-18 लाख के इन्सुलेटेड वाहन मछली परिवहन के लिए दिए जाना थे लेकिन इनके साथ धोखाधड़ी कर इन्हें 8-8 लाख के लोडिंग बोलेरो वाहन दिए गए। बोलेरो वाहन की बॉडी भी 1 लाख 50 हजार रुपए खर्च कर दोनों हितग्राहियों ने ब्याज से रूपए उधार लेकर बनवाई। जनपद पंचायत के माध्यम से इन्हें पता चला इनके साथ धोखाधड़ी हुई। दोनों ने धोखाधड़ी की शिकायत कलेक्टर एवं एसपी शाजापुर को की। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर विशेष न्यायालय में परिवाद लगाया गया। परिवाद लगाएं जाने के बाद विशेष न्यायाधीश अंजनी नंदन जोशी ने 30 जुलाई 2026 को आदेश पारित कर चार आरोपियों के खिलाफ 10 अगस्त मामला दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश करने के आदेश दिए। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अभी चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया, जांच के पश्चात इसमें आरोपियों की संख्या बढ़ेगी। मत्स्य विभाग एवं बैंक के अधिकारी-कर्मचारी भी इसमें शामिल हैं, जिन्हें जांच के पश्चात आरोपी बनाया जाएंगा।

विशेष न्यायाधीश अंजनी नंदन जोशी ने 30 जुलाई 2026 को आदेश पारित कर अजाक थाना को एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश दिए। न्यायालय के आदेश के पालन में पुलिस ने अनिल चन्द्रपाल, सीताराम चन्द्रपाल, इन्द्रसिंह गुर्जर तथा राठी मोटर्स के संचालक निलेश राठी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

अजाक थाना प्रभारी रामचंद्र नागर ने बताया कि विशेष न्यायालय के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान यदि मत्स्य विभाग, बैंक या अन्य व्यक्तियों की भूमिका सामने आती है तो नियमानुसार उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा।

# शिवालयों में पहुंच भक्तों ने किया जलाभिषेक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

पवित्र सावन माह के चलते क्षेत्र में भगवान शिव की स्तुति जारी है, सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों का जमावड़ा रहा। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे और भगवान का जलाभिषेक कर भोलेबाबा के दर्शन किए। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सावण महीने में शिव की आराधना विशेष फलदायी होती है और इन दिनों शिव की आराधना भक्तों की ओर से आत्मीयता से की जाती है। इस महीने सच्चे मन से भक्ति करने वालों की मनोकामना शिव जरूर पुरी करते है। सावन माह की शुरूआत के साथ ही क्षेत्र में कावड़ यात्रा भी शुरू हो गई। शहर स्थित जटाशंकर महादेव मंदिर पर प्रातः भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया, जहां पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा महाकाल का अभिषेक किया। साथ ही अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ जो कि पुरे सावन माह जारी रहेगा। क्षेत्र स्थित राणोगंज, भोले डूंगरी, शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों पर भी दिनभर पूजा अर्चना और अभिषेक का क्रम चलता रहा।



## दतिया उप चुनाव में कांग्रेस की जीत पर शहर में आतिशबाजी

**शाजापुर।** दतिया उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत का जश्न शाजापुर में भी देखने को मिला और यहां जमकर आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटी गई। सोमवार को दतिया उप चुनाव के परिणाम घोषित हुए जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत हासिल की। इस खबर के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड क्षेत्र में आतिशबाजी कर मिठाई बांटी। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मवेशियों की गोचर भूमि पर किया अवैध कब्जा

## आक्रोशित ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले में दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वे मवेशियों के हिस्से की शासकीय जमीन को भी नहीं बख्श रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला मोहन बड़ोदिया तहसील के ग्राम धंदेडा से सामने आया है, जहां शासकीय गोचर भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। लामबंद हुए ग्रामीणों ने सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर दबंग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई। दोपहर करीब 1 बजे दर्जनों ग्रामीण मोहन बड़ोदिया तहसील पहुंचे और नायब तहसीलदार मुकेश गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज शासकीय गोचर भूमि पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा इस जमीन पर जबरन खेती कर अतिक्रमण किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब वे इस अवैध कब्जे का विरोध करते हैं, तो आरोपी उन्हें डराता-धमकाता है और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता है। ग्रामीणों के मुताबिक, यह व्यक्ति पहले भी कई सरकारी जमीनों पर कब्जा कर चुका है।



## कौटिल्य एजुकेशनल एकेडमी, मक्सी में ब्लॉक स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**मक्सी।** कौटिल्य एजुकेशनल एकेडमी, मक्सी में शाजापुर विकासखंड की ब्लॉक स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शाजापुर ब्लॉक के विभिन्न शासकीय, अशासकीय सीबीएसई एवं म प्र बोर्ड के विद्यालयों की टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल कौशल और खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय कि प्रबंधिका सुश्री आशा बरुआ एवं एडमिनिस्ट्रेटर सौरभ दीक्षित द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर एवं खेल भावना के संदेश के साथ किया गया। पूरे दिन चले रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों का भरपूर उत्साहवर्धन प्राप्त किया। विद्यालय कि प्रबंधिका सुश्री आशा बरुआ ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में खेल प्रतिभा के विकास, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं सहयोगी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का तहत नशा मुक्ति रैली निकाल युवाओं को दिलाई शपथ

**शुजालपुर।** जेएनएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड क्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर से नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने नशा विरोधी नारों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन को जागरूक किया। रैली के बाद एनएसएस वर्चुअल कक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र कुमार पाटीदार ने नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. पूजा सांखला ने ड्रग्स, गांजा, स्मैक सहित विभिन्न मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव बताते हुए कहा कि नशे की लत युवा शक्ति के साथ परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में भी बाधक बनती है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक मनोहर विश्वकर्मा का सम्मान बैंड-बाजों के साथ दी विदाई

**शुजालपुर।** जामनेर संकुल के ग्राम झाड़ला स्थित शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षक मनोहर विश्वकर्मा के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उन्हें शाल, श्रीफल, साफा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक राघवेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि मनोहर विश्वकर्मा ने अपने पूरे सेवाकाल में समयपालन, अनुशासन और विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाने को प्राथमिकता दी। उनका कार्य एवं व्यवहार शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी रहा।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता सपना पोरवाल पति आशीष पोरवाल निवासी महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की कस्बा महिदपुर स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 131/3/2 रकबा 0.2025 हैक्टयर कृषि भूमि एवं विक्रेता शीतल व्यास पति संजय व्यास निवासी महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की कस्बा महिदपुर स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 131/3/1 रकबा 0.2025 हैक्टयर कृषि भूमि एवं विक्रेता राजूबाई पति रामचन्द्र निवासी महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की कस्बा महिदपुर स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 130/2 रकबा 0.3790 हैक्टयर में से रकबा 0.1200 हैक्टयर कृषि भूमि एवं विक्रेता गोपीलाल पिता नागु निवासी महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की कस्बा महिदपुर स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 132/1 रकबा 2. 2310 हैक्टयर में से रकबा 0.2500 हैक्टयर कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, तथा सौदा चिट्ठी भी निष्पादित करवा ली है, तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमियों में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, सहुकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त विक्रेतागणो से उक्त कृषि भूमियों का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांकः-04-08-2026

**अतुल लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल,**
**महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) मो.न. 9669443020**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता-थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के उपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 98 का भाग बेगमपुरा वार्ड न. 29 उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 58.29 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में -भवन जमनालाल खत्री, पश्चिम में - भवन राधेश्याम भावसार, उत्तर में- भवन मुकेश एवं दक्षिण में- रोड़ बेगमपुरा स्थित हैं। उक्त संपत्ति ढोलियो के पंचायत भवन की थी तथा उक्त सपंत्ति को समाज के द्वारा अधिकृति सिद्धा भैया ने जनक वंशी समाज के अधिकृत व्यक्ति बाबुलाल पिता आशाराम को हस्तांतरित कि। तथा बाबुलाल जी ने कार्यालय नगर पालिक निगम उज्जैन में प्रकरण क्रं. 131/2015/7पीटी दिनांक 10/11/2015 को अपना नाम दर्ज करवाया। एवं बाबुलाल द्वारा प्रमाणित मुख्तयारआम रामेश्वर पिता शिवकुमार दुबे ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022024A11228222 दिनांक 11/10/2024 को श्रीमती प्रिति पति रामेश्वर एवं आदित्य पिता रामेश्वर को विक्रय की एवं श्रीमती प्रिति व आदित्य ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पेढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से पांच दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता मूल भुमि स्वामी संजय पिता श्री दुला जी जाति बागरी, निवासी ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 290/1 रकबा 0.60 हैक्टर कुल किता 01 कुल विक्रित रकबा 0.60 हैक्टर लगानी स्थित ग्राम खुरचनिया प्रताप तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो । इति दिनांकः 03-08-2026

**मोहित पाटीदार**
**(सर्विस प्रोवाईडर) तहसील कार्यालय घट्टिया**
**जिला उज्जैन (म.प्र.) मोबाईल 7999640229, 9669092880**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने शाहरूख खान पिता जलील खान निवासी ग्राम सिलोदा बुजुर्ग तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) से उनके द्वारा मुल भूमि स्वामी 1- रमेशचन्द्र पिता कन्हैयालाल के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 1147 रकबा 0-370 हेक्टर, सर्वे नंबर 1158 रकबा 0-200 हेक्टर, सर्वे नंबर 1158/2/1 रकबा 0-110 हेक्टर कुल 0-680 हेक्टर स्थित ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) एवं 2- पुनम तिवारी पति श्री रमेश तिवारी से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 1146/1 रकबा 0-230 हेक्टर, सर्वे नंबर 1146/2/1 रकबा 0-120 हेक्टर व सर्वे नंबर 1146/2/2 रकबा 0-110 हेक्टर कुल 0-460 हेक्टर स्थित ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) एवं 3- जीवनसिंह पिता सोहनसिंह राजपूत से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 1149 रकबा 0-070 हेक्टर, सर्वे नंबर 1151 रकबा 0-280 हेक्टर कुल 0-350 हेक्टर स्थित ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) एवं सुशीला पति श्री रमेशचन्द्र शर्मा से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 1152 रकबा 0-340 हेक्टर, सर्वे नंबर 1153 रकबा 0-300 हेक्टर कुल 0-640 हेक्टर स्थित ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) एवं पदमकुंवर पति श्री सुमेरसिंह राजपूत से उनके स्वामित्व एवं आधि ापत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 1161 रकबा 0-420 हेक्टर, सर्वे नंबर 1163/2 रकबा 0-580 हेक्टर कुल 1-000 हेक्टर स्थित ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) एवं जीवनसिंह, मनोहरसिंह पुत्रगण मनोहरसिंह से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 1148 रकबा 0-050 हेक्टर, सर्वे नंबर 1150 रकबा 0-180 हेक्टर, सर्वे नंबर 1154 रकबा 0-400 हेक्टर कुल 0-630 हेक्टर स्थित ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) इस प्रकार कुल संयुक्त रकबा 3-760 हेक्टर भूमि को मय तला व हवाई हक सहित क्रय अनुबंध के आधार पर कय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है तथा अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि 1 व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक - 04/08/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.) मो. 94250-92149, 90093-04444 कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**


## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.)

Mail :- cmobadnagar@mpurban.gov.in Ph .07367-225060

क्रमांक :- /1757/2026/राजस्व — बड़नगर दिनांक : 3/8/26

## नामांतरण विज्ञप्ति

निम्नलिखित भवन व भूमि स्वामी की और से प्राप्त आवेदन पत्र म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अन्तर्गत स्वतः हस्तांतरण हेतु प्राप्त हुए है। अतः इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। नियम अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | मोहल्ला | पूर्व में जिसका नाम अंकित है | वर्तमान नामांत्रण होना है | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 445X7/2026 | 28/2 महाराणा प्रताप चौक | योगिनी बेन पति कनुभाई पटेल | राधा बाई पति भरतलाल | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 2 | 446X7/2026 | सर्वे नं 390/3 ख बम कालोनी | सुनिलकुमार पिता गंगाराम | रूखमा बाई पति गंगाराम | भूमि परिवर्तन, शपथ पत्र |
| 3 | 447X7/2026 | सर्वे नं 71/1/4/1/1/1/1/1/1/2/2 रूनिजा रोड | राजकुमार पिता गोविन्द | हेमन्त जायसवाल पिता भगवतीलाल जायसवाल | भूमि परिवर्तन, शपथ पत्र |
| 4 | 448X7/2026 | 74, भगवती धाम | श्री पार्श्व भगवती बिल्टकोन प्रा.लि. | श्रीमती प्रिया झा सफल झा | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 5 | 449X7/2026 | 100, भगवती धाम | श्री पार्श्व भगवती बिल्टकोन प्रा.लि. | श्रीमती प्रिया झा सफल झा | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 6 | 450X7/2026 | कालादेवल पथ | हेमराज पिता भुवान गारी | अय्युब खा पिता स्व.वहीद खा आदी | विक्रय पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| 7 | 451X7/2026 | सर्वे नं 1469/1/1 शिवाजी रोड | झम्मुबाई पति मांगीलाल | पूजा यादव पति रवि यादव | भूमि परिवर्तन, शपथ पत्र |
| 8 | 452X7/2026 | 15 मंगलनाथ पथ गली नं 01 | जगदीशचन्द्र पिता हरचन्द्र वाघेला | महेश पिता स्व. जगदीशचन्द्र आदी | विक्रय पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| 9 | 453X7/2026 | 2/अ का जुज भाग मंगलनाथ पथ गली नं 01 | जगदीशचन्द्र पिता हरचन्द्र वाघेला | नंदीबाई पति स्व. जगदीशचन्द्र आदी | विक्रय पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| 10 | 454X7/2026 | 39 संत तुलसीपथ | रघुवरदास पिता लक्ष्मणदास | सुरेशचन्द्र पिता रघुवरदास | विक्रय पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| 11 | 455X7/2026 | 12 भगतसिंह पथ | निर्मलकुमार पिता रतनलाल | मनीष गोलेचा पिता निर्मल गोलेचा | विक्रय पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| 12 | 456X7/2026 | 43 सुभाष पथ | निर्मलकुमार पिता रतनलाल | मनीष गोलेचा पिता निर्मल गोलेचा | विक्रय पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| 13 | 457X7/2026 | 8 मीराबाई पथ गली न 02 | नन्दलाल पिता खेमचन्द्र | अरविन्द जोशी पिता चन्द्रशेखर जोशी | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 14 | 458X7/2026 | सर्वे नं 275/1 कमलांजली कालोनी | बादामबाई पति पूनमचन्द्र | मुकेश पिता लाल जी माली | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 15 | 459X7/2026 | 100 का जुज भाग व 101 | कैलाशचन्द्र वाघेला पिता सालगराम | महावीर कुमार पिता सेवन्तीलाल जैन | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 16 | 460X7/2026 | 157/53 शिक्षक कालोनी बदनावर रोड | गीता बाई पति रमेशचन्द्र आदी | मुकेश असावरा पिता मोतीलाल | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 17 | 461X7/2026 | 124 प्रभुकुज कालोनी | सोमिल जैन पिता भागचंद | शांतिबाई पति शिवनारायण | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 18 | 462X7/2026 | 18 का भाग रहीम गली | मुज्जफ्फर बानो पति हुसेन खां | नाजो बी पति वाहिद अली | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 19 | 463X7/2026 | 47 बालकृष्ण बापूजी मार्ग | विपिन भावसार पिता शिवनारायण आदी | इकबाल खान पिता अनवर खान | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 20 | 464X7/2026 | 255 राधाकृष्ण कालोनी | गोरख पिता नवनीतलाल नीमा आदी | विनोद कुमार पिता प्रेमचन्द्र गोसर आदी | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 21 | 465X7/2026 | सर्वे नं. 751/8/3/1/1/1/1/1/2 जवाहर मार्ग | अंसार अली पिता मुबारिक अली | तमन्ना यादव पति दिनेश यादव | विक्रय पत्र भूमि परिवर्तन, शपथ पत्र |
| 22 | 466X7/2026 | सर्वे नं. 751/2/8/3/1/1/1/2 जवाहर मार्ग | मनोज बिलाला पिता राजकुमार बिलाला | तमन्ना यादव पति दिनेश यादव | विक्रय पत्र भूमि परिवर्तन, शपथ पत्र |
| 23 | 467X7/2026 | 80/2 सुभाष पथ | रतनलाल पिता सागरमल | रोशनबाई पति रतनलाल | विक्रय पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| 24 | 468X7/2026 | 102 विनायक ग्रीन कालोनी | अनिता जैन पति श्रीपाल जैन | कुसुम चौधरी पति विजय चौधरी | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 25 | 469X7/2026 | सर्वे नं. 1644/1/1/7 रामगढ कालोनी | बलदेव पिता चुन्नीलाल | रतनबाई पति पन्नालाल | विक्रय पत्र भूमि परिवर्तन, शपथ पत्र |
| 26 | 470X7/2026 | 134 भगवतीधाम कालोनी | पूजा इसरानी पति प्रकाश | प्रियंका गज्जर पिता मोहनलाल | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 27 | 471X7/2026 | 134 का जुज भाग भगवतीधाम | पूजा इसरानी पति प्रकाश | सीमा गज्जर पति मोहनलाल | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 28 | 472X7/2026 | 51 भगतसिंह पथ | छोटेलाल पिता लक्ष्मीचन्द्र | राकेश राठोड पिता शंकरलाल | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| 29 | 473X7/2026 | 52 भगतसिंह पथ | छोटेलाल पिता लक्ष्मीचन्द्र | राकेश राठोड पिता शंकरलाल | मृत्युप्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| 30 | 474X7/2026 | सर्वे नं 751/2/16 लोकमान्य तिलक पथ | सईद खान पिता हफिज खान | मोहम्मद मुस्तफा पिता मिजिब रहमान | विक्रय पत्र भूमि परिवर्तन, शपथ पत्र |

**अभय टोंग्या**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् बड़नगर**

**अनिता सतीश वर्मा**
**उपाध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् बड़नगर**

**नेहा शांतिलाल गोखरू**
**राजस्व सभापति नगर पालिका परिषद् बड़नगर**

**मंशाराम निंगवाल**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् बड़नगर**

# नवविवाहिता का फंदे पर लटका मिला शव

## परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**शाजापुर।** शादी के महज कुछ महीनों बाद ही एक नवविवाहिता की जिंदगी खत्म हो गई। जिले के उकावता चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रसूलपुर में 21 वर्षीय सुहाना खान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार शाम महिला का शव उनके किराए के मकान में फंदे से झूलता मिला। मायके पक्ष ने सीधे तौर पर ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का सनसनीखेज आरोप लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब जांच का जिम्मा एसडीओपी अजय मिश्रा को सौंप दिया गया है।

### किराए के मकान में मिला शव, अस्पताल में घोषित हुई मृत

पुलिस के मुताबिक, सोमवार शाम रसूलपुर स्थित किराए के मकान में सुहाना का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलने पर मृतका के पति डॉ. सावेज खान उसे लेकर तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से मर्ग कायम कर शुरुआती जांच शुरू कर दी है।

### 6 लाख की थी मांग, दामाद को दिया था प्लॉट और 2 लाख कैश

मंगलवार को जिला अस्पताल में डॉक्टरों के पैनल द्वारा सुहाना का पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान मृतका के पिता शादिक लाला और अन्य परिजन अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाया कि शादी के करीब छह महीने बाद से ही सुहाना को रुपयों और दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा था। ससुराल पक्ष लगातार 6 लाख रुपए की मांग कर रहा था। पिता के अनुसार, उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक दामाद को करीब 2 लाख रुपए दिए थे और उसके लिए शाजापुर में एक प्लॉट की भी व्यवस्था कर दी थी, इसके बावजूद उनकी बेटी को मौत के घाट उतार दिया गया। परिजनों का आरोप है कि सुहाना ने अपनी मौत से बमुश्किल एक घंटे पहले ही अपने पिता से वीडियो कॉल पर बातचीत की थी। यह बातचीत बिल्कुल सामान्य थी और वह परेशान नहीं लग रही थी। इसके बाद उसकी मौत की खबर आई और जब परिजन घटना की खबर सुनकर अस्पताल पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि मृतका के कपड़े बदले हुए थे। इस बात ने उनकी शंका को और बढ़ा दिया है। परिजनों ने पति, सास और ससुर की भूमिका की गहन व निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है।

### पैनल से हुआ पोस्टमार्टम, एसडीओपी करेंगे जांच

उकावता चौकी प्रभारी रमेश यादव ने बताया कि घटना की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से करवाया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। अब इस पूरे प्रकरण की आगे की विवेचना एसडीओपी अजय मिश्रा करेंगे। पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू (दहेज प्रताड़ना, हत्या और आत्महत्या) की बारीकी से जांच की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध मदिरा के विरूद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में आज आबकारी वृत्त गुना -1 के प्रभारी राधाकिशन द्वारा ग्राम भैंहटा एवं रोरी में दबिश दी गयी। कार्यवाही में भेंटा से 50 कि.ग्रा. लाहन एवं 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गयी। इसी प्रकार ग्राम रोरी से 200 कि.ग्रा. लाहन एवं 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गयी। कार्यवाही में कुल 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 250 कि.ग्रा. लाहन जब्त लिया गया।

## वन भूमि पर अवैध निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही

**गुना।** वनमंडल अधिकारी अक्षय राठौड़ एवं उपवन मंडल अधिकारी नीरज निश्चल के निर्देशन में वन परिक्षेत्र गुना दक्षिण की बीट गादेर-बी के कक्ष क्रमांक आरएफ-176 अंतर्गत ग्राम बोरखेड़ा चक्क बंजारा बस्ती में बंजारा समुदाय के अतिक्रमणकारियों द्वारा वन भूमि पर अवैध निर्माण का प्रयास किया जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही वन अमले ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। वन विभाग की टीम ने वन भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण के प्रयास को हटाते हुए करीब 1.000 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण रोकने के उद्देश्य से संबंधित क्षेत्र में कंटूर ट्रेंच खुदवाकर अतिक्रमण रोधी कार्रवाई भी की गई।

## बर्तन फैक्ट्री से चोरी का केंट थाना पुलिस ने किया खुलासा

**गुना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु लगातार त्वरित एवं सख्त कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मागदर्शन एवं प्रभारी सीएसपी गुना आनंद राय के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भर्गव और उनकी टीम द्वारा थानांतर्गत इण्डस्ट्रियल क्षेत्र में एक बर्तन फेक्ट्री से पीतल-तांबे का सामान चोरी का खुलासा करते हुए प्रकारण में विधि विवादित तीन किशोर अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया है।

## शिव- पार्वती विवाह प्रसंग ने भक्तों को किया भावविभोर

**गुना।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, भुजरिया तालाब पर श्रावण मास के पावन अवसर पर आयोजित श्री शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण-अभिषेक महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी आस्था देखने को मिल रही है। 31 जुलाई से प्रारंभ हुए इस धार्मिक आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर भगवान शिव का विधि-विधान से अभिषेक कर रहे हैं। मंगलवार को कथा के पांचवें दिवस कथा व्यास आचार्य पंडित नरेंद्र दुबे (श्रीधाम वृंदावन) ने अपनी ओजस्वी एवं अमृतमयी वाणी से भगवान शिव एवं माता पार्वती के दिव्य विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान शिव की बारात, हिमवान के महल में विवाह की तैयारियां तथा माता पार्वती की अटूट तपस्या का मार्मिक चित्रण सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से कथा का श्रवण किया और शिव नाम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।

## धरती आबा योजना में 36 लाख की कथित हेराफेरी कोर्ट के आदेश पर एफआईआर

**शाजापुर।** जिले में आदिवासी हितग्राहियों के लिए संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में करोड़ों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। विशेष न्यायालय के आदेश के बाद अजाक थाना पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन और अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान मत्स्य विभाग और बैंक के जिम्मेदार आकिारियों-कर्मचारियों की भूमिका भी सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सीड बॉल बनाने वाले बच्चों का किया गया सम्मान

**शुजालपुर.** पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेकी की दीवार मिर्ची बाजार पर आयोजित सीड बॉल निर्माण कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यशाला का आयोजन वीणा गोयल एवं अम्बर अग्रवाल डबरा के सहयोग से किया गया था, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हजारों सीड बॉल तैयार किए। कार्यक्रम में सर्वाधिक सीड बॉल बनाने वाले राघव बैरागी, रिया सिलवट, रिया नाथ, जिया सिलावट, दिव्यांश मालवीय, प्रियांशी प्रजापति, नंदनी मालवीय, कार्तिक रायकवार, इशू रायकवार, अर्पित शर्मा, माही नाथ, आरोही भलावी और वंशिका प्रजापति सहित अन्य बच्चों को पुरस्कृत किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन ने विजेता बच्चों को स्कूल बैग तथा अन्य प्रतिभागियों को ट्रॉफ़ी, बिस्कुट एवं प्रोत्साहन सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीओपी निमेष देशमुख ने पर्यावरण संरक्षण के लिए नेकी की दीवार परिवार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर संस्था की ओर से उनका शॉल, माला एवं बेलपत्र का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में हाथों के स्थान पर पैरों से लिखने वाले दिव्यांग बालक नमन मेवाड़ा का भी विशेष रूप से उत्साहवर्धन करते हुए सम्मान किया गया। इस अवसर पर अभिनंदन जैन गुगलियां, रितु विजयवर्गीय सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# बहू दिलाने के नाम पर 1.40 लाख की ठगी

## दो माह से फरार शातिर ठग गिरफ्तार

**शाजापुर।** शादी-विवाह के नाम पर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बेटे के लिए सुयोग्य वधू की तलाश कर रहे परिवारों की मजबूरी का फायदा उठाकर दलाल उन्हें अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में, बेटे की शादी कराने और घर में बहू लाने का झांसा देकर एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला से 1.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले शातिर आरोपी को मोहन बड़ोदिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को चकमा देकर यह आरोपी पिछले दो महीने से फरार चल रहा था। घटना को लेकर ग्राम पीरखेड़ी करजू निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला सुन्दर बाई ने 26 मई 2026 को थाना मोहन बड़ोदिया में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादिया ने बताया था कि उन्हीं के गांव के रहने वाले किशोर पिता कंवरलाल बागरी ने उनके बेटे के लिए बहू लाने और विवाह संपन्न कराने का पक्का भरोसा दिलाया था। इसके एवज में आरोपी ने उनसे 1,40,000 रुपये नगद ऐंठ लिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब न तो शादी हुई और न ही आरोपी ने पैसे लौटाए, तो महिला ने अपने पैसे वापस मांगे। पैसे लौटाने की बजाय आरोपी महिला से विवाद और बदसलूकी करने लगा।

बुजुर्ग महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और जांच शुरू की। मामला दर्ज होने की भनक लगते ही 43 वर्षीय आरोपी किशोर बागरी फरार हो गया। जिला पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने मामले को सुलझाने के लिए थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविन्द सिंह तोमर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम लगातार आरोपी के संभावित ठिकानों और रिश्तेदारों के यहां दबिश दे रही थी, लेकिन वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा। आखिरकार 3 अगस्त 2026 की रात मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना और साइबर सेल की तकनीकी लोकेशन के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। इस शातिर ठग को सलाखों के पीछे पहुंचाने में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविन्द सिंह तोमर सहित उपनिरीक्षक गोविंद प्रसाद चौबे, प्रधान आरक्षक हेमेन्द्र सिंह जादौन, आरक्षक सुरेश राठौर, सोनू यादव, अर्जुन बागड़ी, शिवचरण दांगी, सत्यनारायण यादव तथा सायबर सेल के आरक्षक घनश्याम राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

### शालेय नगर उत्सव समिति की बैठक में बनी स्वतंत्रता दिवस के भव्य आयोजन की रूपरेखा

**शाजापुर।** स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व को इस वर्ष भी शाजापुर में अभूतपूर्व उत्साह, देशभक्ति और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को भव्यता देने और नगर में देशभक्ति का ज्वार जगाने के लिए 12 अगस्त को स्कूली विद्यार्थियों द्वारा एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह महत्वपूर्ण निर्णय सोमवार को सोमवारिया स्थित मलक उमावि में आयोजित शालेय नगर उत्सव समिति की बैठक में लिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी दीपा किर के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में आगामी 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर व्यापक मंथन हुआ। वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों के अनुरूप तय किया गया कि इस वर्ष का आयोजन केवल रस्मी न होकर छात्र-छात्राओं की व्यापक सहभागिता वाला होगा। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 12 अगस्त को शहर के स्टेडियम ग्राउंड से यह भव्य तिरंगा यात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरेगी। इस यात्रा में नगरीय क्षेत्र की सभी शासकीय शालाओं के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी अपने समूचे स्टाफ के साथ शामिल होंगे।

## अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर जिले के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**शाजापुर।** अपनी लंबित और न्यायोचित मांगों को लेकर लंबे समय से शासन की राह ताक रहे पटवारियों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया है। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिलेभर के पटवारियों ने अपनी कलम रख दी है और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस हड़ताल के चलते जिले की सभी तहसीलों में राजस्व से जुड़े कामकाज पूरी तरह ठप हो गए हैं, जिससे आने वाले दिनों में आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जिले की शाजापुर, शुजालपुर, कालापीपल, मोहन बड़ोदिया, अवंतिपुर बड़ोदिया, गुलाना एवं पोलायकलां तहसीलों के सभी पटवारियों ने पूर्ण एकजुटता दिखाते हुए इस आंदोलन में अपनी सहभागिता दर्ज कराई है। पटवारी संघ जिलाध्यक्ष हरिओम हनौतिया ने बताया कि पटवारी वर्ग अपनी मांगों को लेकर लगातार शासन का ध्यान आकर्षित करता आ रहा है। इसके लिए पूर्व में कई बार ज्ञापन सौंपे गए, अधिकारियों से चर्चा की गई और निवेदन के साथ चरणबद्ध आंदोलन भी किए गए। किंतु, शासन प्रशासन की अनदेखी और अब तक मांगों का संतोषजनक समाधान नहीं होने के कारण संगठन को मजबूरन अनिश्चितकालीन हड़ताल का यह कड़ा निर्णय लेना पड़ा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि संघ की मांग है कि पटवारी संवर्ग का कैडर रिव्यू लागू किया जाए।

### 7 अगस्त को जिला मुख्यालयों पर होगा धरना

**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की लंबित मांगों के निराकरण के लिए चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। संघ के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया कि प्रदेशभर में जिला, संभाग और राज्य स्तर पर धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन के माध्यम से शासन का ध्यान कर्मचारियों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया जाएगा।

**पश्चिम रेलवे**
**राजकोट मंडल**

**खराब लेआउट में सुधार तथा एक साथ रिसेप्शन सुविधा का प्रावधान।**

**ई-टेंडर सूचना संख्या: 20 वर्ष 2026-27 दिनांक 03/08/2026 ई-टेंडर संख्या: DRM-RJT-2026-27-E-47 कार्य का नाम:** राजकोट मंडल: वांकानेर यार्ड में क्रॉसओवर 103-104, 113-115, 113-117, 136-140, 137-138 की खराब लेआउट में सुधार तथा एक साथ रिसेप्शन सुविधा का प्रावधान। **अनुमानित NIT लागत:** ₹95736302.94 **अर्नेस्ट मनी:** ₹1914700.00 **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 25/08/2026, 15:00 बजे **कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), पश्चिम रेलवे, कोठी कंपाउंड, राजकोट, गुजरात - 360 001 **वेबसाइट:** www.ireps.gov.in

RJT 108

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**अनुभाग उज्जैन, ग्रामीण**

क्रमांक/रीडर-1/2026/ || **विज्ञप्ति** || उज्जैन, दिनांक-03.08.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील उज्जैन अंतर्गत ग्राम दाउदखेड़ी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 110/1/2 रकबा 4.15 हेक्टेयर में से 0.80 हेक्टेयर पर केंद्रीकृत रसोई निर्माण हेतु भूमि आवंटन किए जाने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में अध्यक्ष, आचार्य रत्नदास, अक्षयपात्र फाउंडेशन द्वारा नजूल निर्वतन नियम 2020 अंतर्गत प्रारूप 1 में भूमि आवंटन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/समूह/संस्था को आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यकाल में नियत समयावधि 18/08/2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, हम जाहिर सूचनाकर्ता विरेन्द्र कुमार दास पिता स्व. रामचरण दास, श्रीमती हेमलतादास पति श्री विरेन्द्र कुमार दास, निवासीगण-ए-4/3, ऋषिनगर, उज्जैन म.प्र. के होकर हम सीनियर सिटीजन का पुत्र डॉ. हर्ष दास पिता श्री विरेन्द्र कुमार दास, मोबा-6266566319, आयु-32 वर्ष, क्लीनिक पता-40, गुरूनानक मार्केट घासमंडी एस.एस. हॉस्पिटल, फ्रीगंज, उज्जैन उज्जैन म.प्र. जो कि अवज्ञाकारी है, कुसंगति में है, तथा हमारे कहने में नहीं है, शराब पीने का आदि है तथा आये दिन शराब पीकर मुझ जाहिरसूचनाकर्ता व मेरी पत्नी से अनावश्यक वाद-विवाद कर मारपीट कर घर से निकाल देता है, अशोभनीय व्यवहार करता है तथा हमें अपमानित करने का आदि है इस कारण हमारे द्वारा अपने पुत्र डॉ. हर्ष दास के खराब आचरणों के कारण उसको अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है तथा अब हमारे पुत्र का हमसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा है तथा हमारा पुत्र डॉ. हर्ष दास हमसे विगत 2 माह से पृथक निवास कर रहा है। उक्त कारण अब भविष्य में हमारा पुत्र डॉ. हर्ष दास से कोई संबंध नहीं है तथा भविष्य में कोई भी व्यक्ति, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या अन्य कोई किसी भी प्रकार का वित्तीय लेनदेन व संव्यवहार हमारे पुत्र से न करें। भविष्य में अगर कोई व्यक्ति, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या अन्य किसी के द्वारा हमारे पुत्र के साथ किसी भी प्रकार का कोई वित्तीय लेनदेन या संव्यवहार करता है तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी व्यवहार करने वाले की होगी एवं हमारे पुत्र के विरूद्ध भविष्य में किसी प्रकार की पुलिस व न्यायालयीन कार्यवाही होती है तो इसके भी यह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें हम जाहिर सूचनाकर्ता की कोई जवाबदारी नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक- 04/08/2026

**विरेन्द्र कुमार दास पिता स्व. रामचरण दास, श्रीमती हेमलतादास पति श्री विरेन्द्र कुमार दास**
**निवासीगण-ए-4/3, ऋषिनगर, उज्जैन मो. 9827076729**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ), तराना, जिला उज्जैन,

**क्रमांक/रीडर/2026/ 380 प्रकरण तराना, दिनांक 03/08/2026**
**क्रमाकं 0020/3-6-3/2025-26**

**1. संजयकुमार पिता शेषनारायण .............आवेदक**
**विरूद्ध**
**1. कैलाश आदि ...........अनावेदक**

प्रति
1. कमलसिंह पिता सीताराम
2. रामेश्वर पुत्र दत्तु
3. गणपतसिंह पिता दत्तु
4. मोहन पिता अंबाराम
5. श्रीराम पिता अंबाराम
6. शिवनारायण पिता अंबाराम
7. कैलाश पिता अंबाराम
8. मुकेश पिता अबंराम
9. महेश पिता अंबाराम समस्त निवासीगण कनासीया तहसील तराना जिला उज्जैन
10 इंदरबाई पिता अंबाराम निवासी ग्रमा कनासीया वर्तमान निवास नीमचौक पालाय जिला शाजापुर

आपको सूचना दी जाती है कि आवेदक संजयकुमार पिता शेषनारायण निवासी शाजापुर द्वारा त्रुटि सूधार किये जाने के सबंध में इस आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आपकि उपस्थिति हेतु प्रकरण दिनांक 25.08.2026 को नियत किया गया है। अतः आप नियत दिनांक 25.08.2026 को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी तराना के न्यायालय में प्रातः 11.00 बजे आप स्वयं व न्यायालय की अनुमति से आपके मुख्यत्यार या अभिभाषक उपस्थित रहे अनुपस्थिति कि दशा में अपील में एक पक्षीय कार्यवाही निर्णय लिया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व )**
**तराना जिला उज्जैन**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बड़नगर की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गीताबाई पति गोपाल जाति अहीर, निवासी ग्राम लोहारिया, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन के एकमात्र मालिक कब्जे व स्वत्व में स्थित आवासीय भूमि सर्वे नंबर 281/1/1 रकबा 0.05 हे., 281/1/2/1 रकबा 0.05 हे. कुल रकबा 0.10 हे0 (1000 वर्गमीटर) स्थित ग्राम लोहारिया, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, जिसकी भूमि को बंधक रखकर मेरे पक्षकार मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बड़नगर द्वारा आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित (डायवर्टेड) भूमि को उनके निवेदन पर आवासीय ऋण हेतु बंधक किया जाना प्रस्तावित है। मेरे पक्षकार द्वारा प्रस्तावित ऋण के लिए बंधक की जाने वाली उक्त संपत्ति में किसी भी बैंक, वित्तीय संस्था या व्यक्ति का किसी भी प्रकार का कर्ज भार या बंधन हो अथवा उक्त संपत्ति में किसी का किसी भी प्रकार का हक, स्वत्व, अधिकार या लेन-देन हो अथवा मेरे पक्षकार द्वारा प्रस्तावित ऋणियों के उक्त संपत्ति बंधक रखकर ऋण दिए जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से पंद्रह (15) दिवस के भीतर मुझे सप्रमाण लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार प्रस्तावित ऋणियों को उक्त संपत्ति का वैध मालिक व काबिज मानकर उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण स्वीकृत करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे तथा उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

स्थान: बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.)
दिनांक 04/08/2026

**दीपक शर्मा एडव्होकेट**
**ऑफिस नं. 71/152 राधाकृष्ण कॉलोनी बड़नगर, जिला उज्जैन मो. 98265-62344**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भू-स्वामी ओमप्रकाश जाटवा पिता श्री रामचंद्र, निवासी आगर रोड़ उज्जैन (म.प्र.) की मालिकी, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम बमोरी प.ह. नं. 120 तह. घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 565/1, रकबा 0.5750 हे., का भाग बिक्री पैकी रकबा 0.175 हे. है। जो कि अनुबंधित राहुल गोस्वामी पिता श्री रमेशचंद्र निवासी खजुरियासदर, तह. घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध के आधार पर क्रय करने का सौदा तय किया होकर उक्त भूमि की कीमत पेटे आंशिक राशि अनुबंधित राहुल गोस्वामी को अदा कर सौदा चिट्ठी / इकरारनामा भी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित करवा लिया गया है। उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय या किसी बैंकिंग संस्था या किसी व्यक्ति विशेष का कोई लेन-देन, भार, बोझ बकाया या कोई पारिवारिक संबंधित विवाद हो या कोई रास्ते अथवा सीमा का विवाद हो तो वह जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण के मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद उक्त भूमि की कीमत की बकाया शेष राशि का भुगतान अनुबंधित राहुल गोस्वामी को मेरे पक्षकार द्वारा अदा कर उक्त मुल भूमि स्वामी से उक्त वर्णित बिक्री शुदा कृषि भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में अथवा मेरे पक्षकार द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य व्यक्ति के हित में निष्पादित करवा लिया जावेगा, बाद मियाद उक्त भूमि के सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति इस जाहिर सूचना के समक्ष शुन्य मानी जावेगी। सो सूचित हो। उज्जैन, दिनांक 04/08/2026

**वर्षा प्रतीक मगरे ( सर्विस प्रोवाइडर )**
**कार्यालय-सी.एफ.-5, भरतपुर काम्प्लेक्स, उज्जैन**
**मो. 81099 57096 93295 70707**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार AAVAS FINANCIERS LIMITED की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मकान नं 134, गौतम मार्ग, वार्ड नं 10. उज्जैन में स्थित है जिसकः। कुल क्षेत्रफल 1095 वर्ग फुट है जिसके पूर्व में गौतम मार्ग मुख्य मार्ग, पाश्चम में रोड, उत्तर में मकान अशोक नरेंद्र पिता ग्यारसीलाल, दक्षिण में मकान पन्ना सिंह का स्थित है। उक्त संपत्ति रोमेन्द्र गेहलोत पिता स्व. रामचंद्र को उनके माता पिता कि मृत्यु के पश्चात पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है। उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर रोमेन्द्र गेहलोत पिता स्व. रामचंद्र एवं श्रीमती अनिता गेहलोत पति रोमेन्द्र गेहलोत द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु AAVAS FINANCIERS LIMITED में आवेदन किया गया है तथा फायनेंस द्वारा उक्त संपत्ति के लिंक दस्तावेज व अन्य दस्तावेज प्राप्त कर बंधक किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि AAVAS FINANCIERS LIMITED द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वोकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा ऋण स्वीकृत किये जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार AAVAS FINANCIERS LIMITED का रहेगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 04/08/2026

**नीरज सक्सेना ( एडवोकेट )**
**ए-18 भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो.97130-96363, 97130-15515**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने अनुबंधकर्ता आनंदीलाल पिता रामलाल जी निवासी ग्राम अमला तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा अनुबंधित भूमि सर्वे क्र. 824/1/1 रकबा 0.71 हे. में से 0.20 हे. ग्राम गजनीखेडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. भूमि स्वामी माया पुत्री अमृतलाल जाति बलाई, विनोद पिता अमृतलाल जाति बलाई, पवित्र बेवा अमृतलाल जाति बलाई, राहुल पिता अमृतलाल जाति बलाई, प्रेमलता पति दिनेश जाति माली निवासीगण ग्राम गजनीखेडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है, तथा बयाना राशी भी विक्रेता / अनुबंधकर्ता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी । सूचित हो । दिनांक 04/08/2026

**लोकेन्द्र पटेल ( अभिभाषक )**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर**
**जिला उज्जैन . मो. 7999800300**

## न्यूज-कॉलम

### तीन विभागों में नियुक्त हुए विधायक विपिन जैन के प्रतिनिधि

**मन्दसौर।** क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने जनहित के कार्यों में बेहतर समन्वय और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण विभागों में विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। जारी आदेश के अनुसार महंत शैलेंद्र गिरी गोस्वामी को जिला स्तरीय शांति समिति में विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है, जो कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक समरसता से जुड़े विषयों में अपनी भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा सिद्धार्थ जैन को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में नियुक्त किया गया है, जो किसानों की समस्याओं एवं कृषि योजनाओं का समन्वय देखेंगे। वहीं जितेंद्र गुगर को जिला चिकित्सालय मंदसौर की जिम्मेदारी दी गई है, जहाँ वे मरीजों व परिजनों की समस्याओं के समाधान और स्वास्थ्य सेवाओं के समन्वय के लिए कार्य करेंगे।

### एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के अफजलपुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर बिना नंबर की मोटरसाइकिल सवार आरोपी दीपक पिता धन्नालाल निवासी लसुडिया ईला, थाना दलौदा को गिरफ्तार किया। आरोपी की जेब से 60 ग्राम एमडी कीमत लगभग 60 हजार रू. तथा एक प्लास्टिक की थैली से 4 किलो 144 ग्राम डोडाचूरा कीमत लगभग 9 हजार रुपये बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ थाना अफजलपुर में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की पूछताछ की जा रही है।

### मंदसौर में राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता होगी

**मंदसौर।** कुराश एसोसिएशन एवं एमेच्योर कुराश एसोसिएशन, मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 12वीं राज्य स्तरीय बालक-बालिका कुराश प्रतियोगिता का आयोजन 7 एवं 8 अगस्त 2026 को सिंधु महल, मंदसौर में किया जाएगा। संगठन के सचिव हरीश टेलर ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 250 से अधिक खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु एवं भार वर्गों के मुकाबले खेले जाएंगे, जिनके आधार पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। आयोजन समिति ने प्रतियोगिता स्थल, खिलाड़ियों के आवास, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियाँ की है तथा विभिन्न समितियों को जिम्मेदारियाँ सौंप दी गई हैं।

### नवागत कलेक्टर ने कालिका माता के दर्शन किये

**रतलाम।** रतलाम जिले के नवागत कलेक्टर श्री अजय कटेसरिया ने विधिवत पदभार ग्रहण करने के पश्चात शहर के प्रसिद्ध मां कालिका माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां कालिका की आरती कर जिले की सुख, शांति, समृद्धि एवं सर्वांगीण विकास की कामना की। मंदिर परिसर में पुजारियों द्वारा उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। पूजा-अर्चना के दौरान कलेक्टर श्री कटेसरिया ने जिलेवासियों के कल्याण एवं जनहितकारी कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, ग्रामीण एवं शहरी एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं १४७ आवेदकों की समस्याएं

**नीमच ।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, नीमच में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 147 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बोरदिया कलां के दुल्हेसिंह सौंधिया ने प्रधानमंत्री आवास प्लस सर्वे सूची में नाम शामिल कराने हेतु आवेदन दिया।

## दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की विजय पर आतिशबाजी कर बाटी मिठाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव के परिणाम सोमवार को घोषित हुए। केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के उपरांत दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत होने पर कांग्रेस में खुशी का माहौल है। उप चुनाव में कांग्रेस की जीत पर नगर में कांग्रेस नेताओं ने घंटाघर चौराहा पर ढोल धमा को के साथ जमकर आतिशबाजी कर मिठाइयों का वितरण किया ।

कांग्रेस नेता वरुणश्रोत्रिय के नेतृत्व में घंटाघर चौराहा पर बड़ी संख्या में एकत्रित होकर कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को 60 16 मतों से पराजित किया। कांग्रेस प्रत्याशी के विजय होने पर जमकर आतिशबाजी कर कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरण की । युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सनी अखेडिया के नेतृत्व में युवाओं ने भी खाचरोद ना का चौराहा पर दतिया विधानसभा में कांग्रेस उम्मीदवार के विजय होने पर आतिशबाजी कर मिठाई वितरण की ।

इस मौके पर एन एस यू आई पूर्व जिला अध्यक्ष संयम शर्मा, पंकज कुमार शाह,जयदीप सिंह डोडिया, भंवर सिंह चौहान, कमलेश वर्मा, सूरज गोसर ,राजेश धाकड़, विकास डामोर ,आदि युवा उपस्थित थे।

## यात्री बस में 6 बैगों में भरा कुल 65 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

प्रदेश के मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक द्वारा मादक पदार्थ तस्करो एवं नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रदेश व्यापी विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक जिला नीमच श्री राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल एवं अअपु जावद श्री हर्ष राठौर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जावद निरीक्षक श्री मनोजसिंह जादौन के नेतृत्व में प्रभारी चौकी नयागॉव राजेन्द्रसिंह सिसौदिया की टीम द्वारा कुल 65 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा सहित 7 आरोपीयों को पकडने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 1 अगस्त की रात्रि में विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर अवैध मादक पदार्थ की धरपकड व नाकाबंदी हेतु नीमच-निम्बाहेडा हाईवे फोरलेन टोल के पास, नयागॉव पर पुलिस नाकाबंदी के दौरान नीमच से राजस्थान तरफ जाने वाली सांगवान ट्रेवल्स की बस की चैकिंग के दौरान 6 अलग अलग बेगों में भरा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा सहित सफर कर रहे 7 आरोपीयों के कब्जे से कुल 65 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा को एनडीपीएस एक्ट के अज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुए जप्त कर आरोपी रणजीतसिंह पिता रेशमसिंह रायसिख अजयकुमार पिता बलवन्तसिंह रायसिंह अमरजीत पिता दिलीपसिंह रायसिख रविन्द्रसिंह पिता मेजरसिंह रायसिख मंगतसिह पिता महेन्द्रसिंह रायसिख निवासी ग्राम सूरेवाला थाना टिब्बी जिला हनुमानगढ को गिरफ्तार किया



## हुसैन टेकरी पर चेहल्लुम का मुख्य आयोजन चूल पर चलकर किया मातम

**जावरा ।** हुसैन टेकरी शरीफ पर मनाए जा रहे 10 दिवसीय चेहल्लुम पर्व पर सोमवार रात "मातम ऐ खंदक "(चूल )का आयोजन हुआ। बड़े रोजे के पीछे बनाई गई चारों चूल पर हुसैनी मिशन के द्वारा चयनित लकी ड्रा के माध्यम से 48 दूल्हे नंगे पैर अंगारों पर से निकले ।इसके पश्चात अन्य बड़ी संख्या में आए जायरीन चूल से गुजरे ।यह सिलसिला अल सुबह तक चलता रहा हुसैन टेकरी पर जायरिनो का पहुंचना पिछले कई दिनों से चल रहा। चेहल्लुम के मौके पर देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में जायरिन पहुंचते हैं ।यहां पर दुआ की और मत्था टेक कर व हाथ फैला कर मन्नतें भी मांगी ।हुसैन टेकरी हर वर्ग की श्रद्धा का केंद्र है । सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात था हुसैन टेकरी परिसर की व्यवस्था रखने के लिए यहां पर वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। ऑटो मिनी डोर व अन्य वाहनों का रूट निर्धारित किया गया था। यातायात पुलिस द्वारा किराया भी निर्धारित किया गया । सीसीटीवी कैमरे भी बड़ी संख्या में लगाए गए । कलेक्टर, एसपी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सीएसपी, एसडी ओपी, थाना प्रभारी ,अन्य पुलिस अधिकारी जवान व्यवस्था पर अपनी पैनी नजर लगाए हुए।

## कलेक्टर ने सुनीं 152 समस्याएं, समय सीमा में निराकरण के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में 152 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समयावधि में निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन एवं संयुक्त कलेक्टर प्रीति संघवी भी मौजूद रहे। जनसुनवाई में ग्राम बोलिया की देवकन्या बाई ने कृषि भूमि के रास्ते, ऐरा के राजेश ने अवैध अतिक्रमण, पिपलियारतन की कलाबाई ने पट्टे की भूमि राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने और भटूनी के भंवरलाल ने रास्ते से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिस पर संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदारों को त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए गए। इसके अलावा दिव्यांगता प्रमाणपत्र, मजदूरी भुगतान, फसल बीमा राशि और सीमांकन त्रुटि सुधार जैसे मामलों पर भी सुनवाई की गई। नीमा समाज ने दिया आवेदन- नीमा समाज, मंदसौर के अध्यक्ष निलेश डोसी के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय, मंदसौर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दो महत्वपूर्ण मांगों को लेकर आवेदन (ज्ञापन) सौंपा। समाज ने मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार नीमा (नेमा) समाज की उपजाति भटियारा के सभी पात्र समाजजनों को शीघ्र ओबीसी जाति प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु प्रशासन से त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। साथ ही समाज के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए नीमा (नेमा) समाज की धर्मशाला एवं सामुदायिक भवन निर्माण हेतु मंदसौर नगर में उपयुक्त शासकीय भूमि आवंटित किए जाने की मांग की गई।

## फसलों पर पिलामोजक की दस्तक अफलन की भी स्थिति निर्मित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलीया मंडी



क्षेत्र में उड़द, सोयाबीन, मुंगफली की फसलों पर पिलामोजक नामक बीमारी आने से अफलन की स्थिति निर्मित होरही है ।पर्याप्त बारिश नही होने से पहले ही किसान की चिन्ताएं बढ़ी हुई है ।किसानों के लिए यह कहावत चरितार्थ हो रही है कि"पहले ही दुबले ओर फिर दो अषाढ़" मंगलवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, कांग्रेसनेता गोपाल भारती, बाबुखा मेवाती,भेरूपप्पू गुर्जर आदि ने ऐसे खेत देखे जो पिलामोजक से प्रभावित है व किसानों से चर्चा की।किसान एजाज हुसैन ने बताया कि मैने 2 बीघा में उड़द बोए थे जिस पर खाद,बीज,निदाई,गुड़ाई,दवाई करके लगभग 10 हजार रुपये का खर्चा आया था और इस पर पिलामोजक व अफलन होकर पूरी फसल चौपट होगई मुझे मजबूरी में इस पर रोटावेटर चलाकर नष्ट करना पड़ेगी इन्होंने यह भी बताया कि मैने 15 बीघा में सोयाबीन भी की भी बुआई कर रखी पर जैसे जैसे फसल बड़ी होरही है वैसे वैसे यह भी पिलामोजक बीमारी की ओर बढ़ रही है अल्पवर्षा से फसलों पर इल्लियों व किट का प्रकोप बढ़ता जारहा है ।अन्य गांवों से भी सोयाबीन,उड़द,मूंगफली सहित अन्य फसलों पर पिलामोजक बीमारी की सूचना मिल रही है।



## नवागत कलेक्टर श्री अजय कटेसरिया ने पदभार ग्रहण किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2012 बैच के आईएएस अधिकारी श्री अजय कटेसरिया ने मंगलवार को रतलाम जिले के नवागत कलेक्टर के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर कार्यालय पहुंचने पर जिला एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। कलेक्टर श्री कटेसरिया इससे पूर्व मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग में अपर सचिव तथा कर्मचारी चयन मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल के संचालक के पद पर पदस्थ थे। इसके पूर्व वे सतना जिले में कलेक्टर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के उपरांत अधिकारियों ने उन्हें जिले की प्रशासनिक व्यवस्थाओं, विकास कार्यों एवं विभिन्न विभागों की गतिविधियों से संबंधित प्रारंभिक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कटेसरिया ने जिला कोषालय, रतलाम का प्रभार भी ग्रहण किया। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी द्वारा उन्हें कोषालय की कार्यप्रणाली एवं वित्तीय व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। पदभार ग्रहण के दौरान पूर्व कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, अपर कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे ने उज्जैन सिंहस्थ परियोजनाओं का किया गहन निरीक्षण

**नीमच।** पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने सोमवार को उज्जैन एवं उसके आसपास स्थित रेलवे स्टेशनों पर सिंहस्थ-2028 से संबंधित विभिन्न विकास एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) श्री अक्षय कुमार सहित मंडल के सभी शाखाधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए उज्जैन एवं आसपास के क्षेत्रों में रेलवे द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति का विस्तार से अवलोकन किया।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं ताकि सिंहस्थ के दौरान यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक रेल सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। महाप्रबंधक ने उज्जैन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार एवं अन्य निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा की।

## नपा ने भगवानपुरा दुकानों के बाहर से हटवाये चद्दर शेड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



शहर के प्रमुख मार्गों पर दुकानों के बाहर फुटपाथ पर कब्जा कर सड़क तक अस्थाई रूप से सामान रखकर, शेड लगाकर व पक्का निर्माण कर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यवसाईयों का अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन में निरंतर जारी है। सोमवार को अंबेडकर मार्ग पर कार्यवाही के बाद मंगलवार को नगर पालिका ने एसडीएम श्री पराग जैन, तहसीलदार श्री संजय मालवीय व मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में मनासा रोड डाक बंगले से पीजी कॉलेज तक अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाई और दुकानों के बाहर फुटपाथ व सड़क तक लगाए गए चद्दर शेड के साथ ही टीन शेड की दुकान बनाकर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए चेतावनी दी की यदि पुनः अतिक्रमण किया गया तो सामान जप्त करने के साथ ही भारी जुमार्ना व अन्य कानूनी कार्रवाई की जावेगी।

दुकानदारों में भी किया सहयोग -- भगवानपुरा चौराहा एवं अन्य स्थानों पर जब नगर पालिका का अमला अतिक्रमण हटाने पहुंचा तो अनेक दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर टीन शेड हेतु लगाए सेल्फ भी स्वयं हटाते हुए नगर पालिका कार्यवाही में सहयोग प्रदान किया।

मंगलवार ४ अगस्त को मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के निर्देश पर नगर पालिका के राजस्व अधिकारी श्री खेमचंद मुसले, श्री टेकचंद बुनकर, स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक, सहायक राजस्व निरीक्षक श्री महावीर जैन, श्री महेंद्र साहू, श्री तेज प्रकाश चोपड़ा, श्री अर्जुन राठौर, श्री रवि भंडारी,श्री योगेश टांकवाल, स्वच्छता निरीक्षक श्री भारत सिंह भारद्वाज, गैंग प्रभारी श्री दीपक गौहर,श्री राम सिंह आदि ने नपा कर्मचारियों व जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली आदि संसाधनों के साथ दुकानों के बाहर से अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई मनासा रोड डाक बंगले से प्रारंभ की और यहां से भगवानपुरा चौराहा,मनासा नाका, पीजी कॉलेज तक मुख्य सड़क के दोनों और अतिक्रमण हटाया तथा बार-बार कहने के बावजूद दुकान के बाहर रखा सामान नहीं हटाने वाले दुकानदारों का सामान जप्त किया। मुख्य रूप से भगवानपुरा चौराहा के यहां सड़क के दोनों और दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर चद्दर शेड लगाकर व कहीं-कहीं पक्का निर्माण कर किया गया अतिक्रमण हटाया गया। मनासा नाके के यहां यात्री प्रतीक्षालय के पास टीन शेड की दुकान बनाकर किया गया अतिक्रमण भी जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया।मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती बामनिया ने बताया कि आवागमन को सुचारू बनाने के लिए दुकानों के बाहर फुटपाथ पर कब्जा करने व सड़क किनारे तक अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है । दुकानदारों से अनुरोध है कि वह अपना अतिक्रमण स्वेच्छा से हटा ले और दोबारा अतिक्रमण नहीं करें अन्यथा अतिक्रमण हटाने के बाद पुनः अतिक्रमण पाए जाने पर भारी जुमार्ना एवं जप्त सामान राजसात करने सहित अन्य कार्यवाही की जावेगी।


## न्यूज कालम




### कृति ने सांदीपनि विद्यालय हेतु विधायक को ज्ञापन दिया

**नीमच।** नीमच जिले में स्वीकृत सभी सांदीपनि, सीएम राइज विद्यालय भव्य आकार ले चुके हैं। केवल नीमच शहर ही नवीन भवन अब तक नही बना है। अब जब शहर के बीचों बीच इस विद्यालय के निर्माण का प्रारम्भ होने जा रहा है तो खेल मैदान के नाम पर अड़ंगा लगाने का खेल शुरू हो गया है। जबकि इस विद्यालय भवन के साथ नवीन व आधुनिक खेल सुविधाएं भी विकसित होंगी जिसका लाभ अंततः नीमच और आस पास के खिलाड़ियों को ही मिलेगा। यही नही क्रमांक २ विद्यालय मैदान के पुराने भवनों को हटाकर बनने वाला नवीन भवन विद्यार्थियों की सुरक्षा और आवागमन के हिसाब से भी सुविधाजनक होगा। इन्ही सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए नीमच की अग्रणी साहित्यिक, सामाजिक संस्था कृति के सदस्यों ने अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में विधायक दिलीपसिंह परिहार को ज्ञापन देकर सांदीपनि विद्यालय का निर्माण शीघ्र शुरू कराने की मांग की है। संस्था के सचिव रघुनन्दन पाराशर ने बताया कि विधायकजी ने संस्था की राय से सहमति व्यक्त करते हुए निर्माण शीघ्र प्रारम्भ कराने का भरोसा दिलाया।

### 9 अगस्त को होगा पांचवां प्रतिभा सम्मान समारोह



**मन्दसौर।** श्री वैष्णव बैरागी कोर कमेटी जिला मंदसौर द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. सतीश वैष्णव की स्मृति में 9 अगस्त को कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में पांचवां प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने हेतु आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि समारोह में मंदसौर, नीमच, रतलाम और प्रतापगढ़ जिलों के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान राष्ट्रीय स्तर के अतिथियों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति के संदेश के साथ एक विशाल तिरंगा रैली भी निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों के साथ लगभग 2500 से 3 हजार समाजजन भाग लेंगे। सेवा संघ अध्यक्ष महेश कुमार वैष्णव, कोर कमेटी अध्यक्ष राधेश्याम बैरागी, मुख्य संरक्षक माधवी बैरागी सहित अन्य पदाधिकारियों ने समाजजनों से बड़ी संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### खाद्य विभाग की टीम न ग्राम डोराना से 33 अवैध गैस सिलेंडर जब्त

**मन्दसौर।** खाद्य विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम डोराना में अवैध रूप से संग्रहित 33 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी नारायण सिंह चंद्रावत ने बताया कि डोराना निवासी सत्यनारायण पिता भगीरथ सोलंकी के खेत स्थित बाड़े पर औचक निरीक्षण किया गया था। अनावेदक द्वारा सिलेंडरों के भंडारण के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर सभी ३३ सिलेंडरों को जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। यह कार्रवाई जिला आपूर्ति अधिकारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रघुराज सिंह डोडिया एवं आराधना खड़िया की संयुक्त टीम द्वारा नई आबादी पुलिस के सहयोग से की गई।

### कबीर इंटरनेशनल स्कूल में इंवेस्टिचर सेरेमनी ने रचा नया इतिहास



**पिपलिया मंडी।** नेतृत्व पद से नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और जिम्मेदारी से पहचाना जाता है। इसी प्रेरणादायक संदेश के साथ कबीर इंटरनेशनल स्कूल में शैक्षणिक सत्र २०२६झ२७ की भव्य इंवेस्टिचर सेरेमनी का गरिमामय आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, अनुशासन और गौरव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. कमलेश जी पमनानी मैनेजिंग डायरेक्टर, श्रीमती कोमल जी परमार प्राचार्या श्रीमती रत्न प्रभा जी राणावत एवं उप-प्राचार्या श्रीमती प्रीति जी कपूर की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी गणमान्य अतिथियों ने नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रुद्र प्रताप सिंह को हेड बॉय तथा सोनाक्षी पाटीदार को हेड गर्ल का दायित्व सौंपा गया। विद्यालय के चारों सदनों के लिए निश्चय हाउस के कैप्टन अक्षत मोगिया,शक्ति हाउस की कैप्टन युक्ति पाटीदार, विश्वास हाउस के कैप्टन ध्रुव पाटीदार तथा सिद्धांत हाउस की कैप्टन तन्वी पाटीदार को नेतृत्व की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई।

### 7 अगस्त को होगी क्विज प्रतियोगिता

**रतलाम।** म.प्र. पर्यटन विभाग द्वारा जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से 7 अगस्त को उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सागोद रोड रतलाम में म.प्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश के समृद्ध शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगो, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित कराने तथा पर्यटन के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को विकसित करना है।

## समाजसेवी सीता देवी विजयवर्गीय का निधन

**सारंगपुर।** स्थानीय अंबिकापुरी कॉलोनी निवासी समाजसेवी वीरेंद्र कुमार विजयवर्गीय की धर्मपत्नी तथा उत्कृष्ट प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय की माताजी सीता देवी विजयवर्गीय का निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड गई। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को प्रातः 11.00 बजे उनके निज निवास अंबिकापुरी कॉलोनी से मुकितधाम के लिए स्वर्ग रथ द्वारा निकाली गई। मुक्तिधाम पर मुख्याग्नि उनके पुत्र रोहित एवं राहुल विजयवर्गीय तथा परिजनों के द्वारा दी गई। शवयात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

## श्री नीलकंठ का भांग का श्रृंगार किया भक्तों ने दर्शन लाभ लिये



**खाचरोद।** नगर में प्रथम सावन सोमवार पर श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर प्रातः से श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। मंदिर में भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक किया गया। नगर के सभी मंदिरों पर भोलेनाथ का पूजन अभिषेक आरती की गई। मंदिर को आकर्षण विद्युत सज्जा से सजाया गया। शाम को भगवान श्री नीलकंठ का आकर्षक भांग का श्रृंगार से माँ का मनमोहक रूप बनाया गया। शाम को महाआरती के पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। भगवान के आकर्षक श्रृंगार को निहारने नगर से भक्त अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

## ॐ शांति भवन एवं 12 ज्योतिर्लिंग निर्माण का किया भूमिपूजन

**ब्यावरा।** राजगढ़ स्थित सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ जालपा मंदिर में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर माँ जालपा का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात माँ जालपा मंदिर के समीप प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में निर्मित होने वाले ॐ शांति भवन एवं 12 ज्योतिर्लिंगों के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर आध्यात्मिक एवं दिव्य परिसर की आधारशिला रखी।

## अपहृत नाबालिग बालिका को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**ब्यावरा।** पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत थाना बोडा पुलिस द्वारा संवेदनशीलता, तत्परता एवं पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को ढूंढ निकाला। जिला राजगढ़ में गुमशुदा एवं अपहृत नाबालिगों की शीघ्र खोजबीन सुनिश्चित करने हेतु कार्रवाई की गई। फरियादी द्वारा थाना बोडा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग लड़की घर से स्कूल जाने का बोलकर गई थी जो अभी तक घर नहीं आई थाना बोडा पुलिस ने अपराध विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस ने संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया तथा सतत प्रयास किए। परिणामस्वरूप पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका को सुरक्षित ढूंढकर वैधानिक कार्रवाई की।

## जया जोशी बनीं 'बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट'

**सुसनेर।** ग्राम कायरा की बहू एवं सुसनेर की प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट तथा स्टाइलिश ब्यूटी एकेडमी की संचालिका जया सोम जोशी ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भवानीमंडी में आयोजित आइकॉनिक ब्यूटी बिजनेस अवॉर्ड शो में उन्हें 'बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट' सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री दीपिका सिंह के हाथों प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

### दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत का जश्न मनाया

# कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों के साथ मिठाई वितरित कर मनाया जश्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी





मध्य प्रदेश के दतिया में मिली शानदार जीत का जश्न मकसी नगर में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। जीत की खबर मिलते ही मक्सी बस स्टैंड पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एकत्रित हुए, जहाँ उन्होंने ढोल-नगाड़ों के साथ जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

जश्न के दौरान मौजूद कांग्रेस नेता मेहरबान सिंह पटेल ने भारतीय जनता पार्टी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि दतिया की यह जीत जनता के विश्वास की जीत है और उसने बीजेपी के झूठे दावों को आईना दिखा दिया है। नेताओं ने तंज कसते हुए कहा कि जनता ने अपने जनादेश से बीजेपी पर कसकर शिकंजा कस दिया है और यह बता दिया है कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। बस स्टैंड पर हुए इस आतिशबाजी और शक्ति प्रदर्शन से स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एक नया उत्साह देखने को मिला।

**बडौद**

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत की घोषणा होते ही नगर के गांधी चौक मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ जीत का जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं तथा आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर दतिया उप चुनाव प्रभारी लखन सेन ने कहा कि दतिया की जनता ने लोकतंत्र और जनहित की राजनीति पर विश्वास जताया है। उन्होंने इस जीत को कांग्रेस की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया।

जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के समर्थन में नारे लगाए और कहा कि यह जीत आगामी चुनावों के लिए भी पार्टी कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने वाली है। कार्यक्रम में नगर के प्रकाश शर्मा, जितेन्द्र मकवाना, इरशाद मंसूरी, किशोर शर्मा, राजेन्द्र सिंह राजपूत,आयुष जैन, चिनू जैन,भुरु पटेल, अशोक परमार जितेन्द्र राव, गोवर्धन लाल,सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**ब्यावरा।**



मध्यप्रदेश के दतिया उपचुनाव मतगणना परिणाम को लेकर कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित होते ही कांग्रेस समर्थकों ने पूरे प्रदेश में जश्न मनाना शुरू कर दिया इसी के चलते राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में पीपल चौराहे पर दतिया के कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने 14 हजार से भी अधिक वोटो से बढ़त हासिल करते हुए भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को पछाड़ दिया, यह भाजपा संगठन का प्रबंधन फेल हो गया वही ब्यावरा के पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी जिनको दतिया चुनाव का प्रभारी बनाया गया थे उनकी रणनीति से कांग्रेस पार्टी ने जो जीत हासिल की उससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार फूल माला पहनकर आतिशबाजी से खुशियों का इजहार करते हुए जश्न मनाया इस अवसर पर अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

**सुसनेर**

विश्राम गृह के सामने कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की। इस दौरान कांग्रेस के समर्थन में नारे लगाए गए और कार्यकर्ताओं ने इसे जनता के विश्वास की जीत बताया। जश्न के अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अर्जुन सिंह गोपालपुरा, बाबूलाल बंसिया, विष्णु पाटीदार, रमेश कारपेंटर, दीपक राठौर, विधायक के निजी सहायक यशपाल सिंह परमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया।

**देवास**

दतिया यूपी चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की विजय से उत्साहित कांग्रेस जनों ने सोमवार को सैया जी द्वारा पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में आतिशबाजी का मिठाई वितरण करते हुए जीत की खुशी मनाएं इस अवसर पर श्री प्रयास गौतम ने कहा कि दतिया यूपी चुनाव लोकतंत्र की सत्य की ऐतिहासिक विजय है यह विजय आने वाले वर्षों में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के साथ ही पूरी होगी इसी के साथ कहा कि कांग्रेस का हर कार्य करता प्रदेश का हर नागरिक कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए कृत संकल्पित है निश्चित रूप से आने वाले समय में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

# 75.13 किलोग्राम अवैध गांजा एवं बोलेरो पिकअप सहित दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाते हुए थाना कुरावर पुलिस ने 75.13 किलोग्राम अवैध गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप वाहन जब्त कर राजस्थान निवासी दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

थाना कुरावर में पदस्थ उप निरीक्षक मेहरबान सिंह मेचन को सूचना मिली कि उड़ीसा के जगदलपुर क्षेत्र से नागपुर होते हुए एक बोलेरो पिकअप वाहन में भारी मात्रा में अवैध गांजा राजस्थान के केकड़ी अजमेर ले जाया जा रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम ने एनएच-46 स्थित तीजबड़ली के पास घेराबंदी की गई। संदिग्ध बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक आरजे -41-जीबी -1138 को रोककर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुसार आरोपियों को उनके वैधानिक अधिकारों से अवगत कराया गया। नियमानुसार तलाशी लेने पर वाहन के फर्श के नीचे विशेष रूप से बनाए गए गुप्त खांचे से 65 पैकेटों में छिपाकर रखा गया कुल 75.13 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। मौके पर ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 269/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी धनराज प्रजापति पिता सत्यनारायण प्रजापति 22 वर्ष, निवासी ग्राम खबास, थाना केकड़ी, जिला अजमेर (राजस्थान)। सुरेश बलाई पिता नाथु बलाई 35 वर्ष, निवासी ग्राम खबास, थाना केकड़ी, जिला अजमेर (राजस्थान) को गिरफ्तार कर 75.13 किलोग्राम अवैध गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 7,50,000/- रु., बोलेरो पिकअप वाहन की अनुमानित कीमत 8,00,000/- रु., कुल जप्त माल कीमत लगभग 15,50,000/- रु जप्त किये आरोपियों से अवैध गांजे के स्त्रोत, सप्लायर, परिवहन के तरीके एवं तस्करी नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी उड़ीसा (जगदलपुर) से नागपुर होते हुए बोलेरो पिकअप में अवैध गांजा लेकर राजस्थान के केकड़ी (अजमेर) ले जा रहे थे। पुलिस ने इस पूरे अंतर्राज्यीय तस्करी नेटवर्क के संबंध में विस्तृत विवेचना की जा रही है।

### बूथ मजबूत करने पर भाजपा का जोर

# मोरूखेड़ी में मंडल की कामकाजी बैठक सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की रणनीति पर काम तेज कर दिया है। इसी उद्देश्य से रविवार को मोरूखेड़ी महादेव मंदिर परिसर में भाजपा सुसनेर मंडल की कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तीकरण और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों के परिणामों से सीख लेते हुए अब प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव की वास्तविक लड़ाई मतदान केंद्र पर लड़ी जाती है और बूथ जितना मजबूत होगा, जीत की संभावना उतनी ही अधिक होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और उसकी निष्ठा ही पार्टी की पहचान है।

मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन ने स्वागत भाषण में संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुनने और उसकी नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# शांतिदूत सूरीश्वरजी का जन्म दिन जीवदया दिवस के रूप में मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

शांतिदूत, मानवता के मसीहा, भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से अलंकृत वल्लभ समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद्विजय नित्यानंद सूरीश्वर जी महाराजा का 69 वा जन्म दिवस महिदपुर नगर में जीवदया दिवस के रूप में मनाया।

अनुयायियों द्वारा स्थानीय झारड़ा कटन स्थित गोपाल गौशाला पर गोमाता को विभिन्न प्रकार की आहार सामग्री जिसमें हरा चारा, खली, पशु आहार, गुड, लापसी, जलेबी, तंदूरी रोटी, बाटी, रोटी, अनार, नाशपाती, केला, नाक फल, ककड़ी भुट्टे आदि का आहार करवाया गया। श्वानों को दूध, रोटी बिस्किट, एवं पक्षियों को ज्वार दाना से आहार करवाया गया।

अवसर पर संजीव मंडलेचा सोनी, ललित नास्कावाला, ज्ञानचंद कोचर, जसवंत योगेंद्र ललित नास्कवाला, जयंत सोनी, मनोज लुंकड, हंसमुख नवलखा, महेंद्र सुरेंद्र अरविंद सोनगरा, भुपेंद्र, मुनींद्र ,दाड़म अभय, इन्द्र सोनी, धर्मेंद्र रांका, निलेश बच्छावत अंकुर भटेवरा, मुकेश बांठिया सहित समाजजन मौजूद रहे।

### भक्ति और उत्साह के साथ निकली भव्य कांवड़ यात्रा

# गोघटपुर मठ में भोलेनाथ का जलाभिषेक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर



सावन माह के शुभारंभ के साथ भगवान भोलेनाथ की भक्ति पूरे क्षेत्र में चरम पर है। इसी क्रम में रविवार को नगर में गिरिराज भक्त मंडल के तत्वावधान में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। सुबह सभी कांवड़िए छापी डेम स्थित छापेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद छापी नदी का पवित्र जल कांवड़ में भरकर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए यात्रा प्रारंभ की।

कांवड़ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गोघटपुर मठ स्थित शिव मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोषों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नगर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया।

करीब 25 किलोमीटर की इस पवित्र यात्रा को पूर्ण करने के बाद श्रद्धालुओं ने गोघटपुर मठ स्थित महादेव मंदिर में छापी नदी के पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

### सावन के सोमवार पर शिवालयों में भक्तो की लंबी कतारें

# कपिलेश्वर, तिलभांडेश्वर आदि मंदिरों में सुबह से ही उमड़ा जनसैलाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



पवित्र सावन माह के सोमवार को लेकर नगर सहित ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में अलसुबह से ही असीम श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से पूरा सारंगपुर धर्ममय हो उठा है। सुबह तड़के से ही नगर के प्रमुख मंदिरों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थीं।

नगर के प्राचीन एवं सुप्रसिद्ध कपिलेश्वर महादेव मंदिर, तिलभांडेश्वर मंदि तथा अन्य प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। क्या युवा, क्या बुजुर्ग और क्या महिलाएं हर कोई हाथों में जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, अक्षत और पूजन सामग्री लिए कतारों में अपनी बारी का इंतजार करता नजर आया। मंदिर समितियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई है।

पूजा-अर्चना करने पहुंचे नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल सहित अनय श्रालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य तथा क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

**महाकाल रूप में हुआ भोलेनाथ का श्रृंगार**

सावन सोमवार के पावन पर्व पर पंडितों एवं पूजारियों द्वारा भस्म आरती के उपरांत भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। बाबा भोलेनाथ को बेलपत्र, भांग, फूलों की मालाओं और सूखे मेवों से आकर्षक रूप में सजाया गया, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। दोपहर में विशेष महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी का वितरण किया गया।

कई श्रद्धालुओं ने सावन सोमवार का व्रत रखकर विशेष अनुष्ठान भी किए।



## सपना रजक ने मेकअप कला में हासिल की बड़ी सफलता, उज्जैन में हुआ सम्मान

**सुसनेर।** नगर की प्रतिभाशाली प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट एवं सिद्धिविनायक एकेडमी की संचालिका सपना रजक ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और समर्पण के बल पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उज्जैन में आयोजित एक भव्य समारोह में उन्हें प्रोफेशनल मेकअप के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए फर्स्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लोकप्रिय टीवी धारावाहिक दीपिका सिंह, जिन्होंने 'दिया और बाती हम' में संध्या राठी का किरदार निभाया था, के हाथों प्रदान किया गया। सपना रजक ने अपने उत्कृष्ट मेकअप कौशल और निरंतर मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनका कहना है कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। उनकी इस सफलता से नगर में हर्ष का माहौल है और लोगों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है।

## सावन के प्रथम दिवस पर श्री जाहरवीर गोगा देव की पवित्र छड़ी निशान की स्थापना

**महिदपुर।** वाल्मीकि समाज के आराध्य देव श्री जाहरवीर गोगादेव जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सावन माह के प्रथम दिवस पर वाल्मीकि नगर स्थित प्राचीन श्री गोगादेव मंदिर में विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ पवित्र छड़ी निशान की स्थापना की गई। समिति के अनुसार, समाजजन इस पवित्र छड़ी निशान का पूरे सवा माह तक नियमित पूजन-अर्चन करेंगे। इस दौरान सेवकजन कठोर तप, नियम एवं धार्मिक अनुशासन का पालन करते हुए जन्मोत्सव की सेवाएं देंगे। जन्मोत्सव के समापन पर पवित्र छड़ी निशान का भव्य नगर भ्रमण निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजजन शामिल होंगे। समिति ने बताया कि श्री जाहरवीर गोगा देव जन्मोत्सव का शुभारंभ सावन माह से हो चुका है, जो भाद्रपद माह की गोगा नवमी तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ निरंतर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी वाल्मीकि नवयुवक मंडल एवं श्री गोगादेव जन्मोत्सव समिति द्वारा दी की गई।



## क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने ज्ञापन दिया



**तनोडिया।** क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर एनएसयूआई के नेतृत्व में कांग्रेस परिवार विशेषकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,अघोषित बिजली कटौती को तत्काल बंद की जावे। कन्या हायर स्कूल में सुरक्षा प्रदान की जावे स्कूल में खेलकूद ग्राउंड में समुचित व्यवस्था की जाए अन्य समस्या को लेकर राज्यपाल के नाम एक आगर तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय लक्ष्मी तंवर, गुड्डू लाला, नरेंद्र सिंह देवकरन गुर्जर मोहन यादव, बीजानगरी महेंद्र सिंह सोलंकी, पृथ्वीराज सिंह चौहान, इमरान अली, विष्णु गुर्जर माधवराज सिंह श्याम गुर्जर आदि कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

## भाजपा की नई मंडल कार्यकारिणी ने ग्रामीण जिला अध्यक्ष धाकड़ से की शिष्टाचार भेंट



**तराना।** भारतीय जनता पार्टी की नई गठित तराना नगर मंडल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने रविवार को ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ से उनके *नागदा कार्यालय* पर भेंट की।इस भेंट में नवनियुक्त तराना नगर परिषद के नए एल्डरमैन भी विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष आकाश बोडाना सहित पूरी कार्यकारिणी ने जिला अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और संगठन को तराना क्षेत्र में और मजबूत करने का संकल्प दोहराया।जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों और एल्डरमैन को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी की रीति-नीति और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना ही कार्यकर्ताओं का मुख्य दायित्व है। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने, सदस्यता अभियान चलाने और आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर मंडल के पदाधिकारियों और एल्डरमैन ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की। जिला अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि सभी विषयों को जिला स्तर पर प्राथमिकता से उठाया जाएगा। कार्यकारिणी ने तय किया कि आने वाले दिनों में वार्ड स्तर पर बैठकें कर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। बैठक में सभी पदाधिकारी और एल्डरमैन उपस्थित रहे और एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## क्यों होता है आंखों के आस-पास की त्वचा में रूखापन?

कई लोग आंखों के आस-पास की त्वचा के काले पड़ने की समस्या से परेशान रहते हैं और कई बार आंखों के पास की स्किन ज्यादा ड्राई भी होने लगती है। इससे आंखों के पास खुरदरी या परतदार त्वचा की समस्या होती है, जिसके कारण लोगों को चेहरे पर थकान दिखने, जलन और खुजली जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अक्सर लोग इनको आम परेशानी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि इसके पीछे स्किन से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं। आंखों के आसपास की त्वचा शरीर की सबसे पतली और नाजुक होती है और इसमें नेचुरल ऑयल बनाने वाली ग्रंथियां भी कम होती हैं। इसलिए इसमें सूखापन, रेडनेस और जलन होने की समस्या ज्यादा होती है, खासकर स्किन बैरियर के कमजोर होने पर। स्किन बैरियर के कमजोर होने की समस्या कई कारणों से हो सकती है। इसके सबसे आम कारणों में से एक है बदलता मौसम। ठंडा मौसम, सूखी हवाएं, तेज धूप और लंबे समय तक एयर कंडीशनर में रहने के कारण वातावरण में नमी कम हो जाती है। इसके कारण आंखों के आसपास की त्वचा के ड्राई और बेजान होने की समस्या होती है।

कुछ लोगों को एलर्जी, थकान या खुजली के कारण बार-बार आंखें मलने की आदत होती है। ऐसा करने से स्किन की को नुकसान पहुंच सकता है। लगातार रगड़ने से त्वचा में जलन, रेडनेस और सूखापन बढ़ सकता है।

### झटपट बालीवुड

- **सलमान की नई फिल्म की शूटिंग तेज-** सलमान खान ने वामशी पेडिपल्ली की एक्शन फिल्म रश्363 की मुंबई शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में नयनतारा और राहुल देव भी नजर आएंगे।
- **इमरान खान की वापसी तय-** अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' से बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है।
- **'मिजार्पुर द मूवी' का गाना रिलीज-** फिल्म मिजार्पुरः द मूवी का पहला गाना 'दो नंबरि' रिलीज हुआ, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह बढ़ा है।
- **नई फिल्मों की रिलीज तैयारी-** अगस्त के पहले सप्ताह में कई हिंदी फिल्में और ओटीटी शो रिलीज होने जा रहे हैं, जिनमें ओह माय डॉग और ऑपरेशन सफेद सागर शामिल हैं।
- **भंसाली की लव एंड वॉर चर्चा में-** संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की तिकड़ी को लेकर दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है।

### कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स से एलर्जी के कारण

हर स्किनकेयर या मेकअप प्रोडक्ट हर व्यक्ति की स्किन के लिए सही नहीं होता है। कुछ लोगों को आई क्रीम, मेकअप रिमूवर, फेस वॉश, फेशियल क्लींजर या अन्य कॉस्मेटिक प्रोडक्ट से एलर्जी हो सकती है। ऐसी स्थिति में कॉन्टैक्ट डमेर्टाइटिस की समस्या हो सकती है, जिसमें आंखों के आसपास रेडनेस, खुजली, स्किन ड्राइनेस, त्वचा के पपड़ीदार होने और त्वचा का छिलना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कुछ स्किन से जुड़ी बीमारियों से भी आंखों के आसपास की त्वचा प्रभावित होती है और इसके कारण स्किन के ड्राई होने की समस्या हो सकती है,

## केमिकल वाले फेस वॉश से खराब हो गई स्किन?

हर इंसान चाहता है कि उसका चेहरा खूबसूरत और साफ दिखे, इसके लिए अक्सर फेश वॉश का इस्तेमाल किया जाता है। ज्यादातर ब्यूटी प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी फेस वॉश के नेचुरल होने का दावा करते हैं, लेकिन ऐसे उत्पाद काफी कम होते हैं जिसमें केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया गया। अगर ये रसायन लंबे वक्त तक आपके स्किन से टच करेगा तो नुकसान होना लाजमी है। धीरे-धीरे ये आपकी स्किन के ग्लो को कम कर सकता है। म इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप घर में तैयार किए जाने वाले फेश वॉश का इस्तेमाल करें।

स्किन बैरियर त्वचा की सबसे बाहरी प्रोटेक्टिव लेयर होती है। यह त्वचा में नमी बनाए रखने के साथ-साथ धूल, प्रदूषण, बैक्टीरिया और अन्य हानिकारक तत्वों से बचाव करने का काम करती है। जब यह लेयर डैमेज हो जाती है, तो त्वचा अपनी नेचुरल प्रोटेक्शन को खोने लगती है। जब स्किन बैरियर कमजोर हो जाता है, तो स्किन में रेडनेस, जलन, स्किन के ज्यादा ड्राई होने, सेंसिटिविटी बढ़ने, छोटे-छोटे दाने होने, खुजली होने या ब्रेकआउट होने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इनमें त्वचा का अत्यधिक रूखा होना, लालिमा, जलन, संवेदनशीलता बढ़ना, खुजली और छोटे-छोटे दाने या ब्रेकआउट शामिल हो सकते हैं। कई बार लोग इन समस्याओं को दूर करने के लिए और ज्यादा प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करने लगते हैं, जिससे स्थिति और खराब हो सकती है। ष्कई बार ज्यादा कैमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से स्किन के नेचुरल ऑयल के खत्म होने और प्रोटेक्टिव लेयर के कमजोरी होने की समस्या होती है। ऐसे में स्किन बैरियर को रिपेयर करने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। स्किन बैरियर को ठीक करने के लिए सबसे पहले उन हार्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना बंद करें, जो स्किन को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कुछ हफ्तों के लिए स्क्रब, एक्सफोलिएटिंग एसिड्स, अल्कोहल युक्त टोनर और स्ट्रॉग क्लेंजर का इस्तेमाल न करें।

**कई बार लोग चेहरे को साफ करने के चक्कर में ज्यादा स्क्रब कर देते हैं, जिसके कारण स्किन बैरियर के डैमेज होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसको ठीक करने के लिए कुछ उपायों को अपनाया जा सकता है।**



आज के समय में ग्लोइंग स्किन के लिए लोग तरह-तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग चेहरे को बार-बार साफ करते हैं, तो कुछ नियमित रूप से स्क्रब और एक्सफोलिएटिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, जरूरत से ज्यादा एक्सफोलिएशन और हार्ड साबुनों का इस्तेमाल स्किन को फायदा देने के बजाय नुकसान भी पहुंचा सकता है। इससे त्वचा की नेचुरल प्रोटेक्टिव लेयर यानी स्किन बैरियर कमजोर हो सकती है, जिसके कारण स्किन से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं।

### हार्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बंद करें

स्किन बैरियर को ठीक करने के लिए सबसे पहले उन हार्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना बंद करें, जो स्किन को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कुछ हफ्तों के लिए स्क्रब, एक्सफोलिएटिंग एसिड्स, अल्कोहल युक्त टोनर और स्ट्रॉग क्लेंजर का इस्तेमाल न करें। इसकी जगह एक जेंटल और बिना खुशबू वाला क्लेंजर चुनें, जो स्किन को साफ तो करे, लेकिन उसे और ज्यादा नुकसान न पहुंचाए। इसके अलावा, गर्म पानी के बजाय गुनगुने पानी से चेहरा धोने से भी नमी को और ज्यादा कम होने से रोका जा सकता है।

त्वचा बैरियर को रिपेयर करने के लिए स्किन को नियमित रूप से मॉइस्चराइज करना जरूरी है। इसके लिए ऐसे मॉइस्चराइजर को चुनें, जिनमें सेरामाइड्स हायल्यूरोनिक एसिड, ग्लिसरीन और फैटी एसिड जैसे तत्व मौजूद हों। ये तत्व स्किन को गहराई से नमी देने, नमी को वापस लाने और उसकी प्रोटेक्टिव लेयर को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।



### सनस्क्रीन जरूर लगाएं

स्किन बैरियर के ठीक होने की प्रक्रिया में धूप से बचाव भी एक जरूरी हिस्सा है। जब स्किन बैरियर कमजोर होता है, तो त्वचा यूवी किरणों के प्रति ज्यादा सेंसिटिव हो जाती है। ऐसे में धूप से होने वाला नुकसान रेडनेस और जलन को बढ़ा सकता है। ऐसे में रोजाना कम से कम रढऋ30 या उससे ज्यादा वाली ब्रॉड-स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन लगाना जरूरी है। यह आदत घर के अंदर रहने या बादल वाले मौसम में भी बनाए रखनी चाहिए। ₹खराब स्किन बैरियर को ठीक होने में टाइम और सब्र लगता है। अगर स्किन का ध्यान सावधानी और नियमित रूप से रखा जाए, तो ज्यादातर हल्के मामले कुछ ही हफ्तों में ठीक हो जाते हैं। एक आसान स्किनकेयर रूटीन बनाए रखने, हाइड्रेटेड रहने और जरूरी प्रोडक्ट्स से बचने से हेल्दी और मजबूत स्किन को वापस पाने और आगे चलकर होने वाले नुकसान को रोकने में मदद मिल सकती है।₹ स्किन बैरियर को रिपेयर करने के लिए हार्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बंद करें, सेरामाइड्स व ग्लिसरीन से युक्त मॉइस्चराइजर लगाएं और नियमित सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना और एक सिंपल स्किनकेयर रूटीन को बनाए रखना जरूरी है। ध्यान रहे, स्किन से जुड़ी अधिक परेशानी महसूस होने पर डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

# Sport

## कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद पाकिस्तानी बॉक्सर टीम होटल से लापता, पासपोर्ट टीम मैनेजर के पास है

एजेंसी ▸▸ ग्लासगो

ग्लासगो में कॉमनवेल्थ गेम्स खत्म होने के बाद पाकिस्तान के बॉक्सर कुदरतुल्लाह टीम होटल से गायब हो गए हैं। इस घटना के बाद पाकिस्तान बॉक्सिंग फेडरेशन एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है।

पाकिस्तान ओलिंपिक एसोसिएशन के सूत्र के हवाले से मंगलवार को बताया कि कुदरतुल्लाह अपने वेट कैटेगरी में मुकाबला खेलने के बाद होटल से गायब हुए। हैरानी की बात यह है कि बॉक्सर का पासपोर्ट टीम मैनेजर के पास था, फिर भी वे वहां से निकलने में कामयाब रहा।

पाकिस्तान के खिलाड़ियों के विदेश में गायब होने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी लगभग हर बड़े इंटरनेशनल इवेंट के दौरान पाकिस्तानी बॉक्सर्स के विदेश में गायब होने की खबरें सामने आती रही हैं।

साल 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान भी दो पाकिस्तानी बॉक्सर सुलेमान बलोच और नजीरउल्लाह खान बर्मिंघम में गायब हो गए थे। उस समय भी उनके पासपोर्ट कथित तौर पर टीम के मुखिया के पास ही थे।

साल 2024 में इटली के बुस्टो अर्सिजियो शहर में हुए वर्ल्ड ओलिंपिक क्वालिफायर के दौरान भी ऐसा ही एक मामला हुआ था। तब एशियाई गोल्ड मेडलिस्ट बॉक्सर जोहैब रशीद अपने रूममेट की विदेशी मुद्रा और कीमती सामान लेकर फरार हो गया था।

### कैसे लापता हुआ पाकिस्तानी बॉक्सर



कुदरतुल्लाह को आखिरी बार रविवार, 2 अगस्त, 2026 को लगभग सुबह 2:00 बजे उनके होटल के कमरे में देखा गया था। सुबह करीब 9:00 बजे जब राष्ट्रीय दल हवाई अड्डे के लिए रवाना होने के लिए लॉबी में इकट्ठा हुआ, तब उसके लापता होने का पता चला। कुदरतुल्लाह वह अपना सामान वहीं छोड़ गया, जबकि उसका पासपोर्ट और वापसी का टिकट टीम मैनेजर के पास ही रह गया।

### एक मेडल ही जीत सका है पाकिस्तान

ग्लासगो से पाकिस्तान का 36 मेंबर्स का दल स्वदेश लौट आया है। इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स में पाकिस्तान को केवल एक ब्रॉन्ज मेडल मिला, जिसे महिला बॉक्सर फातिमा जेहरा ने जीता। पाकिस्तान मेडल टैली में 31वें नंबर पर रहा।

## सिंधु को वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में 9वीं सीड मिली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

2 बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु को महिला सिंगल्स में 9वीं वरीयता दी गई है। वहीं, स्टार पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को 5वीं वरीयता मिली है। सोमवार को वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों की वरीयता सूची जारी कर दी गई है। यह चैंपियनशिप नई दिल्ली में 17 से 23 अगस्त तक होने वाली है। चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का क्वालिफिकेशन 28 अप्रैल 2026 की वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर हुआ था, जबकि वरीयता 28 जुलाई 2026 की रैंकिंग के अनुसार तय की गई है।

सिंधु ने पिछले महीने जापान ओपन जीता था। जबकि सात्विक और चिराग 2022 एशियन गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट हैं। भारत के पास चैंपियनशिप की सभी पांच श्रेणियों में दो-दो प्रविष्टियां हैं। इनमें से चार श्रेणियों में कम से कम एक भारतीय खिलाड़ी या जोड़ी को वरीयता मिली है। सिंधु और सात्विक-चिराग के अलावा, पूर्व वर्ल्ड चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को पुरुष सिंगल्स में 14वीं वरीयता दी गई है। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को 15वीं वरीयता मिली है। पुरुष सिंगल्स में चीन के वर्ल्ड चैंपियन शी यूकी और महिला सिंगल्स में दक्षिण कोरिया की स्टार एन से यंग टॉप सीड हैं। महिला सिंगल्स में जापान की वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची को दूसरी वरीयता मिली है, जबकि चीन की वांग झी यी और चेन यूफेई क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। पुरुष डबल्स में दक्षिण कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे टॉप पर हैं। महिला डबल्स में चीन की लियू शेंग शू और टैन निंग को पहली वरीयता मिली है।

### नीरज 21 अगस्त को लुसाने डायमंड लीग में उतरेंगे

**नई दिल्ली।** दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा 21 अगस्त को स्विट्जरलैंड में होने वाली लुसाने डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे। कमर की चोट से वापसी कर रहे नीरज के लिए यह सीजन का तीसरा इवेंट होगा।

### नैनो न्यूज

- **भारत का कॉमनवेल्थ में शानदार प्रदर्शन-** ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने 39 पदक जीतकर चौथा स्थान हासिल किया। बॉक्सिंग, जूडो और पैरा खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया।
- **हॉकी जर्सी विवाद गहराया-** भारतीय हॉकी टीम की पारंपरिक नीली जर्सी की जगह नई जर्सी को लेकर विवाद बढ़ गया है। हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने बदलाव को लेकर जवाब मांगा है।
- **बेन स्टोक्स की क्रिकेट में वापसी की तैयारी-** इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के बिग बैश लीग में वापसी करने की चर्चा तेज हो गई है। कई टीमें उन्हें अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रही हैं।
- **सुनील छेत्री ने जमशेदपुर एफसी को बचाने की अपील की-** भारतीय फुटबॉल स्टार सुनील छेत्री ने टाटा समूह से जमशेदपुर एफसी को बंद करने के फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है।
- **बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप पर नजरें-** दुनिया के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी अगस्त में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारियों में जुटे हैं। भारतीय खिलाड़ियों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

## स्टोक्स बोले- इंग्लिश टीम में ड्रिंकिंग कल्चर नहीं, क्रिकेट और शराब का रिश्ता पुराना

एजेंसी ▸▸ लंदन

इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने इंग्लिश टीम में ड्रिंकिंग कल्चर की धारणा खारिज की। उन्होंने कहा कि टीम में शराब की समस्या बताना गलत है।

35 साल के स्टोक्स ने स्टुअर्ट ब्रॉड और जोस बटलर के पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' में इस मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा- ह्यइंग्लैंड की सीनियर टीम में कोई ड्रिंकिंग कल्चर नहीं है, लेकिन यह सच है कि यूके में क्रिकेट का शराब से गहरा नाता है। स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज टेस्ट के बीच में ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

इंग्लैंड क्रिकेट में शराब का मुद्दा एशेज सीरीज के दौरान चर्चा में आया था, जब कई प्लेयर्स के शराब पीने की खबरें



सामने आई थीं। मामला तब और बढ़ गया, जब ओपनिंग बल्लेबाज बेन डकेट टीम के मिड-सीरीज ब्रेक के दौरान नूसा में नशे की हालत में दिखे थे। स्टोक्स न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में जीत के बाद तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के साथ ड्रिंक्स के लिए बाहर गए थे। वहां एक नाइटक्लब में उनकी एक एकेडमी रग्बी खिलाड़ी के साथ घटना हुई थी, जिसके चलते उन्हें दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। स्टोक्स ने बताया कि वह अभी लेवल-3 कोचिंग क्वालिफिकेशन पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि जब खेलना छोड़ूं तो कोचिंग की सारी तैयारियां पूरी हों। मैं क्रिकेट से जुड़ा रहना चाहता हूं। स्टोक्स ने 122 टेस्ट, 114 वनडे और 43 टी-20 मैचों में इंग्लैंड को रिप्रेजेंट किया। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने अटैकिंग बैजबॉल क्रिकेट खेली।

**प्रवेश प्रारंभ**

**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदनः** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**

ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें
रवि गुप्ता
9926466157

**तुरंत आवश्यकता है**

1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोटः इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**मकान बेचना है**

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में **1.** 700, sqft शॉप मेन रोड, **2.** 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, **3.** 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, **4.** 2,लाख किराए पर लगे बैंक, **5.** हॉस्टल विष्णुपुर में, **6.** शोरूम विजय नगर में, **7.** 1200,sqft रानी बाग में **8.** 1500,sqft इंद्रपुरी में **9.** रेस्टोरेंट विजय नगर में, **10.** लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar



“ मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। ”

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

Tele MANAS 14416

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

# क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?

कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

## इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- ज़्यादातर समय उदास या घबराहट महसूस होना
- पढ़ाई, नौकरी या पैसों की चिंता होना
- नींद से जुड़ी समस्याएँ होना
- खुद को नुकसान पहुँचाने या आत्महत्या के विचार आना
- परिवार या रिश्तों में समस्याएँ होना
- शराब या अन्य नशे की समस्या होना
- मोबाइल का बहुत ज़्यादा इस्तेमाल करना
- मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कोई अन्य समस्या होना

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**




- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए ‘अस्मी’ से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

CBC 17193/13/0002/2627

## टेली मानस को कॉल करें

24/7

# 14416

टोल-फ्री नंबर

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com